Shikshan Sanshodhan

Journal of Arts, Humanities and Social Sciences

ISSN (O): 2581-6241

Monthly Peer-Reviewed, Refereed, Indexed Research Journal

Publication in Hindi, Gujarati, Marathi, Sanskrit and other National Languages

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन साहित्य, समाज और वैश्विक मीडिया

10 & 11 सितंबर, 2021

Conference Proceedings / Special Issue

शिक्षण संशोधन

RESEARCH CULTURE SOCIETY & PUBLICATION

Email: shikshansanshodhan@gmail.com

Web Email: editor@ijrcs.org

Cont. No: +91 9033767725

Research Culture Society & Publication

http://shikshansanshodhan.researchculturesociety.org/

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

साहित्य, समाज और वैश्विक मीडिया

(ICLSGM – 2021)

10 & 11 सितंबर, 2021

Conference Special / Proceedings Issue - 3

The Managing Editor:

Dr. Chirag M. Patel

(Research Culture Society & Publication)

Jointly Organized By :

Dept. of Media Studies, CMS Jain
(Deemed to be University) Bangalore,
India

Scientific Research Association
&
'Research Culture Society'.

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन
साहित्य, समाज और वैश्विक मीडिया

10 & 11 September, 2021

(Conference Proceedings – Special Issue)

Copyright © : The research work as a theory with other contents, images, tables, charts in full papers are subject to copyright taken by Dept. of Media Studies, CMS Jain (Deemed to be University) Bangalore, India Scientific Research Association & 'Research Culture Society', The Managing Editor, Co-editors and Authors of Articles/Papers in this Conference special issue.

Disclaimer: The author/authors/contributors are solely responsible for the content, images, theory, datasets of the papers compiled in this conference special issue. The opinions expressed in our published works are those of the author(s)/contributors and does not reflect of our publication house, publishers and editors, the publisher do not take responsibility for any copyright claim and/or damage of property and/or any third parties claim in any matter. The publication house and/or publisher is not responsible for any kind of typo-error, errors, omissions, or claims for damages, including exemplary damages, arising out of use, inability to use, or with regard to the accuracy or sufficiency of the information in the published work. The publisher or editor does not take any responsibility for the same in any manner. No part of this publication may be reproduced or transmitted in any form by any means, electronic or mechanical, including photocopy, recording, or any information storage and retrieval system, without permission in writing from the copyright owner.

Online / Imprint: Any product name, brand name or other such mark name in this book are subjected to trademark or brand, or patent protection or registered trademark of their respective holder. The use of product name, brand name, trademark name, common name and product details and distractions etc., even without a particular marking in this work is no way to be constructed to mean that such names may be regarded as unrestricted in respect of trademark and brand protection legislation and could thus be used by anyone.

Published By:

Shikshan Sanshodhan : Journal of Arts, Humanities and Social Sciences (ISSN: 2581-6241)

शिक्षण संशोधन : कला, मानविकी और सामाजिक विज्ञान जर्नल

Research Culture Society and Publication.

(Reg. International ISBN Books and ISSN Journals Publisher)

Email: shikshansanshodhan@gmail.com / editor@ijrcs.org

http://shikshansanshodhan.researchculturesociety.org/

About the organizing Institutions:

The Department of Media Studies an integral part of JAIN (Deemed-to-be University), offers an entrée into the ever-evolving world of global media and a dream university experience that merges the best of both worlds-academics and media. We offer UG and PG Programs. Here, students learn to understand, interpret and resolve issues that drive and change the media world. In syllabi and in real-time training, students address local and global challenges in media and business and are empowered to become next generation leaders in media. They also leverage our potential in networking professional relationships with industry and enjoy the benefits of our international footprint across nations and media related problems. It helps to create media professionals with contemporary skills, no matter what dreams they choose to pursue.

'Research Culture Society' is a Government Registered Scientific Research organization. Society is working for research community at National and International level to impart quality and non-profitable services.

'Scientific Research Association' is working on to promote scientific study research at international level, also coordinate with other research organizations for the educational research events.

Objectives of the International conference: Identifying the current scenario and interrelationship of literature, society and media. Identifying various knowledge forms of literature, society and media. Analyzing the content of literature, society and media. Intellectual and academic development.

Conference Committee

Organizers – Conference Chair Members :

Dr. Bhargavi D Hemmige,
Professor, Department of Media Studies, Jain University, Bengaluru, Karnataka, India

Prof. J. Adrina,
School of Languages, Literature and Linguistics, E.U., Russia, Europe

Dr.C. M. Patel,
Director, Research Culture Society.

Session Chair / Reviewer Committee:

Dr. Anu Mehta
Head, Department of Hindi, Anand Institute of P.G. Studies in Arts, Anand, Gujarat, India

Dr. Vidushi Aameta
Head, Department of Hindi, Madhav University, Pindwada (Rajasthan), India

Zeenat Barkatali Merchant
HOD - English , Poona College of Arts Science and Commerce, Pune, India.

Dr. Tanushri Mukherjee
Associate Professor, Amity School of Communication, Amity University Rajasthan, Jaipur, Rajasthan

Dr.Sunita Rani Ghosh
Associate Professor, HOD, Hindi Department, Agra College, India

Dr.Shadan Jafri
Associate Professor, English Department, Agra College, India.

Dr. Grishma Manikrao Khobragade
Assistant Professor, Department of English, B.K Birla College, University of Mumbai, Maharashtra. India

Dr. M. Nagalakshmi,
Assistant Professor, Department of English, VISTAS, Chennai, India

Dr. B. Ajantha Parthasarathi,
Assistant Professor of English & Sri S. Ramasamy Naidu Memorial College, Sattur, Virudhunagar District, Tamil Nadu.

Dr. J.A.H. Khatri
Assistant Professor, School of Liberal Studies & Education, Navrachana University, Vadodara, Gujarat, India

Keynote Speakers:

Prof. Yuliya Strielkova
Associate Professor Department of Journalism, Interregional Academy of Personnel Management, Kyiv, Ukraine.

Dr.S. Chitra,
Faculty & Head, Yonphula Centenary College, Royal University of Bhutan, Bhutan

Prof (Dr.) Raj Kumar Singh
Dean (R&D) & HOD (Department of Commerce), Chairperson, Centre for Entrepreneurship, Innovation & Skill Development, School of Management Sciences, Varanasi, India

Dr. B. Ajantha Parthasarathi,
Assistant Professor of English & Sri S. Ramasamy Naidu Memorial College, Sattur, Virudhunagar District, Tamil Nadu.

Dr. J.A.H. Khatri
Assistant Professor, School of Liberal Studies & Education, Navrachana University, Vadodara, Gujarat, India

Prof. (Dr.) Suresh Chandra Nayak,
HOI, Amity School of Communication, Amity University, Chhattisgarh, India

Dr. Mohsin Khan
Head Post Graduate Department of Hindi & Research Guide, J.S.M. Mahavidhyalay, Alibag, (Maharashtra) India

Dr. Hamirbhai P. Makwana
Professor, J. M. Patel Post Graduate Studies & Research in Humanities, Anand, Gujarat, India

डॉ. राम विनय सिंह
एसोसिएट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग, डी.ए.वी.पी.जी. कॉलेज, देहरादून, उत्तराखण्ड

INDEX

PAPER ID	Table of Contents	Page No.
a)	About the organizing Institutions and Objectives:	3
b)	Conference Committee	4-5
c)	Table of Contents	6
	Paper/Article Title & Author Name	
ICLSGM-H-01	"कोटा तथा सीकर जिले के कोचिंग संस्थानों में पंजीकृत राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET) एवं संयुक्त प्रवेश परीक्षा (JEE) अभ्यर्थियों में तनाव परिस्थितियां एवं उत्तरजीवी उपागम पर जनसांख्यिकीय चरों के संबंध में एक अध्ययन" -- ***श्रीमती शारदा चौधरी***	7-14
ICLSGM-H-02	भारतीय संस्कृति के प्राणभूत नैतिक मूल्य और भारतीय समाज -- ***डॉ. पुष्पा***	15-20
ICLSGM-H-03	वागड़ के जनजातीय समाज के उत्थान में साहित्य और मीडिया की भूमिका -- ***SHANTI LAL DAYAMA***	21-24
ICLSGM-H-04	भविष्य-कूर्मपुराण के सन्दर्भ में सांस्कृतिक मूल्य एवं नैतिक मूल्य -- ***सोनम शर्मा, प्रदीप शर्मा डोबरियाल***	25-32
ICLSGM-H-05	वैश्विक प्रसार माध्यमांचा साहित्यावर आणि समाजावर होणारा परिणाम: -- ***DR. CHANDRASHEKHAR ATMARAM BHAGAT***	33-38
ICLSGM-H-06	पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानव दर्शन के मूल तत्व -- ***डॉ. रश्मि शर्मा, प्रतिभा उपाध्याय***	39-43
ICLSGM-H-07	ब्लॉगिंग के क्षेत्र में हिंदी साहित्य -- ***Medha Agrawal***	44-46
ICLSGM-H-08	वर्तमान समय : भाषा एवं साहित्य -- ***डॉ. मो. मजीद मियाँ***	47-50
ICLSGM-H-09	ਪਾਲੀ ਭੁਪਿੰਦਰ ਦੇ ਨਾਟਕਾਂ ਵਿੱਚ ਅਸੁਖਾਵੇਂ ਔਰਤ- ਮਰਦ ਸਬੰਧ -- ***ਗੁਰਭੇਜ ਸਿੰਘ, ਡਾ ਲਖਵਿੰਦਰ ਕੌਰ***	51-54
ICLSGM-H-10	वागड़ के जनजातीय समाज में सोशल मीडिया का प्रभाव -- ***मुकेश कुमार निनामा***	55-57
	*****	

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन
साहित्य, समाज और वैश्विक मीडिया
10 & 11 सितंबर, 2021.
संयुक्त तत्वावधान में आयोजित : मीडिया अध्ययन विभाग, सीएमएस जैन (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) बैंगलोर, भारत
'वैज्ञानिक अनुसंधान संघ' एवं 'अंतर्राष्ट्रीय स्तर वैज्ञानिक अनुसंधान संगठन'

"कोटा तथा सीकर जिले के कोचिंग संस्थानों में पंजीकृत राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET) एवं संयुक्त प्रवेश परीक्षा (JEE) अभ्यर्थियों में तनाव परिस्थितियां एवं उत्तरजीवी उपागम पर जनसांख्यिकीय चरों के संबंध में एक अध्ययन"

श्रीमती शारदा चौधरी
शोध छात्रा (शिक्षा), राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर, (राजस्थान)
ईमेल - nandkishorchoudhary69@gmail.com

1. प्रस्तावना:-

भारत में वैदिक काल से ही गुरुकुल परंपरा की व्यवस्था रही है, जो विश्व की सबसे पुरातन शिक्षा पद्धति मानी जाती है, इसलिए भारत को ' विश्व गुरु' की संज्ञा दी जाती रही है|

गुरुकुल में विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया वर्ण आधारित थी, तथा वे वेदों का मुख्य ज्ञान उच्चारण से सीखते थे, यहां सभी वर्णों के विद्यार्थी साथ- साथ रहकर अध्ययन करते थे, लेकिन शिक्षा पूर्ण होने के उपरांत उनके कार्यक्षेत्र का विभाजन हो जाता था| अर्थात उनको अपने वर्ण के हिसाब से कार्य करना होता था| गुरुकुल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थी का व्यक्तित्व ऊंचा उठाकर उनका आत्मिक और आध्यात्मिक विकास करके समाज में व्यवहारिक बनाना होता था| यहां पर विद्यार्थियों को धर्म शास्त्र से अस्त्र शास्त्र तक की शिक्षा प्रदान की जाती थी|

विद्यार्थी को हर कार्य का ज्ञान प्रदान करने के साथ-साथ उनको स्थायित्व प्रदान करने के लिए योग साधना को शिक्षा का अभिन्न अंग माना जाता था| विद्यार्थी अध्ययन उपरांत शिक्षा पूर्ण करके, अपने वर्ण एवं गुण के आधार पर जीविकोपार्जन का साधन बनाकर के उस में निपुण भी होता था|

भारत के स्वाधीन होने के उपरांत शिक्षा जगत में कई आयोग एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीतियों को क्रियान्वित किया गया, जिसके फलस्वरूप शिक्षा की स्थिति स्वतंत्र भारत के बाद करीब 4 दशकों तक ठीक रही|

संवैधानिक प्रावधानों से हमारा शिक्षा क्षेत्र जो पूर्व में ' विशिष्ट जन' तक सीमित था, तीव्र गति से आम जन तक पहुंच गया| राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लागू होने से विद्यालय शिक्षा से विश्वविद्यालय शिक्षा के पाठ्यक्रमों में न केवल समरूपता आई, अपितु नए- नए अध्ययन क्षेत्रों के द्वार खुल गए, इसमें सेवा क्षेत्र से संबंधित अध्ययन क्षेत्र विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं|

वर्तमान परिदृश्य में सेवा क्षेत्र में भी विशिष्टता अपना ली है, तथा उसी अनुरूप सेवा के अध्ययन क्षेत्रों में विशेष उप क्षेत्र बन गए हैं| अध्ययन की सुविधा के दृष्टिगत मौजूदा शिक्षा प्रणाली को दो मुख्य समूह में विभक्त किया जा सकता है, पहला कोर समूह जिसमें विद्यालय व उच्च शिक्षा शामिल है, जबकि दूसरे में पूर्व विद्यालय, व्यवसायिक प्रशिक्षण तथा कोचिंग कक्षाएं सम्मिलित की जा सकती है|

वर्तमान समय में अभिभावक अपने बच्चे का सुनहरा भविष्य एक डॉक्टर एवं इंजीनियर के रूप में सुरक्षित करना चाहता है, लेकिन इस हेतु कठिन पाठ्यक्रम एवं उच्च अंक प्राप्त करने हेतु न केवल विद्यार्थी अपितु अभिभावकों के सामने भी एक विषम परिस्थिति पैदा हो जाती है, और इसका समाधान पारंपरिक संस्थानों में नहीं मिल पाता है, तो वह कोचिंग संस्थानों की तरफ आकर्षित होते हैं|

प्रस्तावना की पृष्ठभूमि में राजस्थान में कोटा, जयपुर व सीकर जिले में बड़ी संख्या में कोचिंग संस्थानों की स्थापना हुई है, जिसमें कोटा जिले को ' कोचिंग हब' के रूप में मान्यता मिली हुई है, कोटा में एलेन, बंसल क्लासेज. रेजोनेंस एडवेंचर, कैरियर पॉइंट, वाइब्रेंट अकैडमी आदि मुख्य कोचिंग संस्थाएं हैं, साथ ही इन की शाखाएं राजस्थान के अन्य जिलों में भी स्थापित होती जा रही हैं, जहां लगभग 1.65 लाख अभ्यर्थी अध्ययनरत हैं|

कोटा के बाद सीकर जिले के संदर्भ में गुरुकृपा कोचिंग संस्थान, कैरियर लाइन कोचिंग, मैट्रिक्स अकैडमी. कौटिल्य एकेडमी, समर्पण, आयाम, पीसीपी केरियर लाइन, आधार, एलेन विस्तारित केंपस सीकरआदि मुख्य कोचिंग संस्थानों में अपनी पहचान बना चुके हैं| सीकर जिले की इन कोचिंग संस्थानों में निरंतर बढ़ती जा रही अभ्यर्थियों की संख्या ने सीकर जिले को भी 'मिनी कोटा' के रूप में स्थापित कर दिया है|

प्रस्तुत शोध कार्य शोधार्थी ने दो भागों में विभक्त कर अध्ययन किया है, जिसके प्रथम भाग में 6 आयामों/ क्षेत्रों में वितरित 65 कथनों के माध्यम से तनाव स्थितियों की उपलब्धि प्रतिशतता का पता लगाया गया है, एवं द्वितीय भाग में बचाव स्थितियों के दृष्टिगत तनावजनित स्थितियां पाए जाने पर तनाव शैथिल्य हेतु उत्तरजीवी उपागम के संदर्भ में अध्ययन उपरांत निष्कर्ष एवं सुझाव दिए गए हैं| जो अभ्यर्थियों, अभिभावकों वह कोचिंग संस्थानों के प्रबंधकों के लिए काफी सकारात्मक एवं महत्वपूर्ण साबित होने वाले हैं|

2. पारिभाषिक शब्दावली:

2.1 कोचिंग - कोचिंग का अभिप्राय सरकारी संस्था के अलावा निजी संस्था के रूप में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए व्यक्तिगत रूप से किया जाने वाला शैक्षणिक मार्गदर्शन, जिस में व्यवसायिक रूप से धन अध्यापन कराया जाता है|

2.2 कोचिंग संस्थान- प्रतियोगी प्रवेश परीक्षाओं की विशिष्ट तैयारी हेतु परंपरागत शैक्षणिक संस्थाओं के अलावा वह संस्थान, जहां प्रतियोगी परीक्षाओं की विशिष्ट प्रकृति के दृष्टिगत विषय निष्ठ पाठ्यक्रम की पूर्णता, अनुप्रयोग की समस्या समाधान व दैनिक अथवा साप्ताहिक आधार पर नियमित रूप से विद्यार्थियों की उपलब्धियों का मूल्यांकन किया जाता है|

2.3 राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET) - चिकित्सा संस्थानों में स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रम एमबीबीएस/ बीडीएस, बीएएमएस, एमएस, एमडी मैं प्रवेश हेतु प्रवेश योग्य अभ्यर्थियों के चुनाव हेतु राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा जो वर्ष में एक बार आयोजित होती रही है|

2.4 संयुक्त प्रवेश परीक्षा (JEE) - अभियांत्रिकी संस्थानों में बी टेक/ बी ई/ बीआर्क एवं बी प्लैनिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु दो चरणों में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा जिसका प्रथम चरण जेईई मेन व द्वितीय चरण जेईई एडवांस के नाम से जाना जाता है|

2.5 अभ्यर्थी:- एक निश्चित समय अवधि में पाठ्यक्रम का सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक अध्ययन प्राप्त करने वाला शिक्षार्थी अभ्यर्थी कहलाता है|

3. शोध समस्या का औचित्य:

3.1 नवीनता के दृष्टिकोण से समस्या का औचित्य-

कोटा में कोचिंग अभ्यर्थियों के मध्य तनाव, दबाव, भग्नासा इत्यादि शीर्षक के माध्यम से पिछले तीन-चार वर्षो में शोध कार्य हुए हैं, किंतु सीकर जिले में अभी तक इस क्षेत्र की तरफ किसी का ध्यानाकर्षण नहीं पाया गया, तनाव स्थितियों पर शोध कार्य होना समय व परिस्थिति की उचित मांग को ध्यान में रखकर शोधार्थी ने शोध अंतराल के दृष्टिगत इस समस्या के संदर्भ में गहनता से खोज करना जरूरी समझा है|

3.2 अभ्यर्थियों के दृष्टिकोण से समस्या का औचित्य-

अभियांत्रिकी एवं चिकित्सा सेवा क्षेत्र में विशेषज्ञों की लगातार बढ़ रही मांग के कारण आज का अभ्यर्थी एवं उनके अभिभावक डॉक्टर या इंजीनियर व्यवसाय के क्षेत्र में ही अपना कैरियर सुरक्षित समझते हैं| इन क्षेत्रों में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश होना, प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से ही संभव है| अभ्यर्थियों की कोचिंग

संस्थानों में बढ़ती जनसंख्या एवं प्रवेश सीटों की क्षमता के कारण इस क्षेत्र में अत्यंत कड़ी प्रतिस्पर्धा है| जिसके कारण अभ्यर्थी तनाव जनित स्थितियों का सामना कर रहे हैं, तनाव शैथिल्य हेतु उत्तरजीवी उपागम की आवश्यकता के दृष्टिगत शोध समस्या अध्ययन का विशेष महत्व है|

3.3 शिक्षकों के दृष्टिकोण से समस्या का औचित्य-
देश का भविष्य युवा शक्ति पर केंद्रित है, साथ ही यह भी निश्चित है कि सभी युवा दिशा हीन नहीं है, दिशाहीन विद्यार्थियों को सही मार्ग केवल शिक्षक ही दिखा सकता है|

3.4 अभिभावकों के दृष्टिकोण से समस्या का औचित्य-
वर्तमान समय में प्रत्येक अभिभावक उच्च महत्वाकांक्षा एवं बच्चों के कैरियर को लेकर, सपने सजाए हुए हैं, यदि बालक असफल हो जाता है, तो इसका सीधा प्रभाव पूरे परिवार पर पड़ता है, जिसके कारण विद्यार्थी के साथ-साथ अभिभावक भी तनाव स्थितियों का शिकार हो जाते हैं|

3.5 कोचिंग संस्थानों के प्रबंधकों के दृष्टिकोण से समस्या का औचित्य-
अभिभावकों एवं अभ्यर्थियों के स्वप्न को पूर्ण करने के लिए विभिन्न कोचिंग का संचालन उनके निदेशकों द्वारा किया जाता है|तनाव शैथिल्य में कोचिंग संस्थानों के प्रबंधन मंडल की अपनी एक विशेष भूमिका है, इस दृष्टि से भी शोध समस्या अपने औचित्य को सिद्ध करती है|
3.6 सामाजिक दृष्टिकोण से समस्या का औचित्य-

प्रत्येक युग में शिक्षण व्यवस्था समाज का ही प्रतिबिंब लक्षित होता है, क्योंकि समाज में हर पीढ़ी में एक नया परिवर्तन देखने को मिलता है, जिसके कारण विद्यार्थी के मानव मस्तिष्क पर अदृश्य दबाव रहता है, पड़ोसी के बच्चे की सफलता दूसरों को प्रेरित करती है, परंतु इस प्रतिस्पर्धा से सामाजिक दृष्टिकोण से तनाव जनित स्थितियां अस्तित्व में आ जाती हैं, इस दृष्टि से प्रस्तुत शोध समस्या के कारण सामाजिक दृष्टिकोण से भी यह सार्थक होगा|

4. शोध अध्ययन के उद्देश्य:

किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उद्देश्यों का निर्धारण करना अति आवश्यक होता है, बिना उद्देश्य के व्यक्ति अपनी लक्ष्य पूर्ति नहीं कर सकता है| प्रस्तुत शोध अध्ययन में निम्नांकित मुख्य उद्देश्यों को सम्मिलित किया गया है-

- नीट एवं जेईई अभ्यर्थियों में तनाव स्थितियां निर्मित करने वाले कारकों का अध्ययन करना|
- नीट एवं जेईईई अभ्यर्थियों में तनाव शैथिल्य हेतु उत्तरजीवी उपागम का अध्ययन करना|

5. शोध परिकल्पना:

परिकल्पना शोध कार्य की पहली पायदान मानी जाती हैं, इस हेतु शोधार्थी ने निम्नांकित परिकल्पनाओं का निरूपण किया है-
परिकल्पना 1. कोचिंग संस्थानों में पंजीकृत नीट के छात्र, छात्राओं के मध्य उनके पाठ्यक्रम के संबंध में तनाव स्थितियों में सार्थक अंतर नहीं है|
परिकल्पना 2. कोचिंग संस्थानों में पंजीकृत जेईई के छात्र, छात्राओं के मध्य उनके पाठ्यक्रम के संबंध में तनाव स्थितियों में सार्थक अंतर नहीं है|
परिकल्पना 3. कोचिंग संस्थानों में पंजीकृत नीट के छात्रों के मध्य उनकी शहरी व ग्रामीण अबस्थिति के आधार पर तनाव स्थितियों में सार्थक अंतर नहीं है|
परिकल्पना 4. कोचिंग संस्थानों में पंजीकृत नीट की छात्राओं के मध्य उनकी शहरी व ग्रामीण अबस्थिति के आधार पर तनाव स्थितियों में सार्थक अंतर नहीं है|
परिकल्पना 5. कोचिंग संस्थानों में पंजीकृत जेईई के छात्रों के मध्य उनकी शहरी व ग्रामीण अबस्थिति के आधार पर तनाव स्थितियों में सार्थक अंतर नहीं है|

परिकल्पना 6. कोचिंग संस्थानों में पंजीकृत जेईई की छात्राओं के मध्य उनकी शहरी व ग्रामीण अबस्थिति के आधार पर तनाव स्थितियों में सार्थक अंतर नहीं है|
परिकल्पना 7. कोचिंग संस्थानों में पंजीकृत नीट के छात्रों के मध्य समान शैक्षणिक स्थिति के आधार पर तनाव स्थितियों में सार्थक अंतर नहीं है|
परिकल्पना 8. कोचिंग संस्थानों में पंजीकृत नीट की छात्राओं के मध्य समान शैक्षणिक स्थिति के आधार पर तनाव स्थितियों में सार्थक अंतर नहीं है|
परिकल्पना 9. कोचिंग संस्थानों में पंजीकृत जेईई के छात्रों के मध्य समान शैक्षणिक स्थिति के आधार पर तनाव स्थितियों में सार्थक अंतर नहीं है|
परिकल्पना 10. कोचिंग संस्थानों में पंजीकृत जेईई की छात्राओं के मध्य समान शैक्षणिक स्थिति के आधार पर तनाव स्थितियों में सार्थक अंतर नहीं है|
परिकल्पना 11. कोचिंग संस्थानों में पंजीकृत नीट के छात्रों के मध्य उनके सामाजिक व आर्थिक स्तर के संबंध में तनाव स्थितियों में सार्थक अंतर नहीं है|
परिकल्पना 12. कोचिंग संस्थानों में पंजीकृत नीट छात्राओं के मध्य उनके सामाजिक व आर्थिक स्तर के संबंध में तनाव स्थितियों में सार्थक अंतर नहीं है|
परिकल्पना 13. कोचिंग संस्थानों में पंजीकृत जेईई के छात्रों के मध्य उनके सामाजिक व आर्थिक स्तर के संबंध में तनाव स्थितियों में सार्थक अंतर नहीं है|
परिकल्पना 14. कोचिंग संस्थानों में पंजीकृत जेईई की छात्राओं के मध्य उनके सामाजिक व आर्थिक स्तर के संबंध में तनाव स्थितियों में सार्थक अंतर नहीं

6. न्यायदर्श:
प्रस्तुत अध्ययन में कोटा एवं सीकर जिले की कोचिंग संस्थानों में पंजीकृत नीट एवं जेईई के कुल 700 अभ्यर्थियों, जिनमें 400 अभ्यर्थी नीट एवं 300 अभ्यर्थी जेईई शामिल किए गए हैं| नीट के छात्र अभ्यर्थियों में 100 छात्र ग्रामीण,एवं 100 छात्र शहरी तथा छात्राओं में 100 छात्रा ग्रामीण एवं 100 छात्रा शहरी चुनी गई है| इसी प्रकार जेईई के छात्र अभ्यर्थियों में 100 छात्र ग्रामीण एवं 100 छात्र शहरी तथा छात्राओं में 50 छात्रा ग्रामीण एवं 50 छात्राओं का शहरी आवासीय स्थिति के आधार पर न्यायदर्श में चयन किया गया है|

7. शोध अध्ययन परिसीमन:
प्रस्तुत शोध कार्य में शोधार्थी ने साधन, समय एवं शक्ति की सीमाओं को ध्यान में रखते हुए शोध समस्या को निम्नांकित रूप से सीमांकन जो इस प्रकार से प्रदर्शित किया गया है-
1-प्रस्तुत शोध अध्ययन को कोटा एवं सीकर जिले की कोचिंग संस्थाओं तक ही सीमित रखा गया है|
2- प्रस्तुत शोध अध्ययन को नीट एवं जेईई अभ्यर्थियों में तनाव स्थितियों के अध्ययन तक ही सीमित रखा गया है|
3- प्रस्तुत शोध अध्ययन को नीट एवं जेईई के अभ्यर्थियों मैं तनाव कम करने हेतु आवश्यक उत्तरजीवी उपागमओ के अध्ययन तक ही सीमित रखा गया है|

8. शोध विधि:
प्रस्तुत शोध अध्ययन में सर्वेक्षण विधि प्रयुक्त की गई है|

9. शोध उपकरण:
शोध अध्ययन में शोध उपकरण का महत्वपूर्ण स्थान होता है, सामान्यतया किसी भी प्रकार के शोध अध्ययन में दो प्रकार के शोध उपकरणों का प्रयोग किया जाता है-
1. मानकीकृत शोध उपकरण
2. स्वनिर्मित शोध उपकरण
प्रस्तुत अध्ययन में शोधार्थी द्वारा स्वयं निर्मित “कोचिंग तनाव स्थिति मापनी” का प्रयोग कर दत्त संकलन किया गया है|

10. सांख्यिकीय प्रविधि :

शोध अध्ययन में सांख्यिकी एवं विधियों का महत्वपूर्ण एवं विशेष स्थान होता है, बिना इनके अनुप्रयोग के संकलित की गई जानकारी का वैज्ञानिक दृष्टि से वर्गीकरण एवं विश्लेषण नहीं हो सकता, प्रस्तुत शोध अध्ययन में शोधार्थी द्वारा निम्नांकित शोध प्रविधियों का प्रयोग किया गया है-

- मध्यमान
- मानक विचलन
- टी- परीक्षण
- मध्यमान प्रतिशत

11. शोध निष्कर्ष:

शोध अध्ययन का प्रारंभ शोध समस्या से होता है, तथा समाप्ति अनुसंधान के सभी चरणों का पालन करते हुए निष्कर्ष प्राप्ति के रूप में होती है| प्रस्तुत शोध अध्ययन में शोधार्थी द्वारा तनाव जनितस्थितियों के संबंध में तथा तनाव शैथिल्य हेतु आवश्यक उत्तरजीवी उपागम हेतु निम्नांकित शोध निष्कर्ष प्राप्त किए गए हैं-

- सभी आयामों के कारण अभ्यर्थियों की कुल जनसंख्या 700 अभ्यर्थियों में से 182 अभ्यर्थी उच्चतम तनाव स्थिति, 224 अभ्यर्थी तनाव स्थिति, 91 अभ्यर्थी औसत तनाव स्थिति, 133 अभ्यर्थी कम तनाव स्थिति एवं 70 अभ्यर्थी न्यूनतम तनाव स्थिति में पाए गए हैं| इस प्रकार 58% अभ्यर्थियों में अधिक तनाव स्थितियां पाई गई हैं, जो चिंताजनक है|



- कोचिंग संस्थानों में पंजीकृत नीट के छात्र एवं छात्रा अभ्यर्थियों में पाठ्यक्रम के संबंध में तनाव स्थिति उत्पन्न करने वाले कारकों का आयाम अनुसार तुलनात्मक विश्लेषण करने पर पाया गया, कि छात्र एवं छात्राओं में पाठ्यक्रम के संबंध में तनाव स्थितियों के लिए नीट के छात्र एवं छात्राओं में पाठ्यक्रम के संबंध में तनाव स्थितियों में सार्थक अंतर होता है|
- कोचिंग संस्थानों में पंजीकृत जेईई के छात्र एवं छात्रा अभ्यर्थियों में पाठ्यक्रम के संबंध में तनाव स्थिति उत्पन्न करने वाले कारकों का आयाम अनुसार विश्लेषण करने पर पाया गया,सभी आयामों का कुल मध्यमान प्रतिशत छात्रों में छात्राओं की तुलना में अधिक होने के कारण जेईई के छात्र अभ्यर्थी छात्राओं की तुलना में अधिक तनावपूर्ण स्थिति में पाए गए हैं|
- कोचिंग संस्थानों में पंजीकृत नीट के छात्र अभ्यर्थियों में ग्रामीण एवं शहरी अब स्थिति के आधार पर उत्पन्न तनाव परिस्थितियों का आयाम अनुसार विश्लेषण करने पर निष्कर्ष में पाया गया,आयामों का

कुल मध्यमान प्रतिशत शहरी छात्रों का अधिक होने के कारण शहरी छात्रों में ग्रामीण छात्रों की तुलना में अधिक तनावपूर्ण स्थिति पाई गई है|

- नीट की छात्रा अभ्यर्थियों में ग्रामीण एवं शहरी अवस्थिति के आधार पर ग्रामीण छात्राओं में कुल मध्यमान प्रतिशत अधिक होने के कारण ग्रामीण छात्राओं में शहरी छात्राओं की तुलना में अधिक तनाव स्थितियां पाई गई है|
- जेईई के छात्र अभ्यर्थियों में उनकी ग्रामीण एवं शहरी अबस्थिति के आधार पर आयाम अनुसार अध्ययन करने पर पाया गया, शहरी छात्रों का कुल मध्यमान प्रतिशत, ग्रामीण छात्रों से अधिक होने के कारण अधिक तनावपूर्ण स्थितियां पाई गई हैं|
- जेईई की छात्रा अभ्यर्थियों में उनकी ग्रामीण एवं शहरी अबस्थिति के आधार पर आयाम अनुसार अध्ययन करने पर पाया गया, कि ग्रामीण छात्राओं मेंआयाम अनुसार कुल प्रतिशत मध्यमान अधिक होने के कारण ग्रामीण छात्राओं में शहरी छात्राओं की तुलना में अधिक तनावपूर्ण स्थिति पाई गई है|
- नीट के छात्र एवं छात्रा अभ्यर्थियों में शैक्षणिक वातावरण के आधार पर निम्न प्रकार से तनाव स्थितियां पाई गई, शैक्षणिक वातावरण के घटकों में छात्र अभ्यर्थियों में मध्यमान प्रतिशत अधिक होने के कारण शैक्षणिक वातावरण के आधार पर छात्रों में छात्राओं की तुलना में अधिक तनाव परिस्थितियां पाई गई|
- जेईई के छात्र एवं छात्रा अभ्यर्थियों में शैक्षणिक वातावरण के आधार पर निम्न प्रकार से तनाव परिस्थितियां पाई गई, जिसके अंतर्गत शैक्षणिक आयाम के घटकों में छात्र अभ्यर्थियों में कुल मध्यमान प्रतिशत छात्रों का छात्राओं की तुलना में अधिक होने के कारण जेईई के छात्र, छात्रा अभ्यर्थियों की तुलना में अधिक तनाव स्थितियों में पाए गए हैं|
- नीट के छात्र एवं छात्रा अभ्यर्थियों में परिवार के सामाजिक एवं आर्थिक परिवेश के आधार पर तनाव स्थितियां का अध्ययन करने पर यह पाया गया, कि छात्र अभ्यर्थियों में कुल मध्यमान प्रतिशत छात्राओं से अधिक होने के कारण छात्रों में छात्राओं की तुलना में अधिक तनाव परिस्थितियां पाई गई|
- जेईई के छात्र एवं छात्राओं में परिवार के सामाजिक एवं आर्थिक परिवेश के आधार पर घटक वार संदर्भ में तनाव स्थितियों का विश्लेषण करने पर पाया गया, कि छात्रों में छात्राओं की तुलना में कुल मध्यमान प्रतिशत अधिक पाया गया, जो छात्रों में अधिक तनावपूर्ण स्थिति दर्शाता है|
- नीट के छात्र एवं छात्रा अभ्यर्थियों में तनाव स्थितियों की तुलना हेतु उत्तरजीवी उपागम का समस्त 6 आयामों के परिपेक्ष में अध्ययन करने पर पाया, कि उत्तरजीवी उपागमओं की छात्रों को छात्राओं से अधिक आवश्यकता है|
- जेईई के छात्र एवं छात्राओं में उत्पन्न तनाव स्थितियों के तनाव शैथिल्य हेतु उत्तरजीवी उपागम का अध्ययन करने पर पाया गया, कि कुल मध्यमान प्रतिशत छात्रों का अधिक होने के कारण जेईई के छात्रों को छात्राओं की तुलना में अधिक उत्तरजीवी उपागम अपनाने की आवश्यकता है|

12. शोध के शैक्षिक निहितार्थ:

प्रस्तुत शोध अध्ययन से प्राप्त निष्कर्षों के अनुसार नीट एवं जेईई के कोचिंग संस्थानों में पंजीकृत अभ्यर्थियों में उत्पन्न तनाव स्थितियां एवं उत्तरजीवी उपागम से संबंधित होने के कारण इसका शैक्षिक निहितार्थ निम्नानुसार दिया जा सकता है-

- ❖ स्थानीय प्रशासन- कोचिंग संस्थाएं शहरों में स्थापित होती हैं, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से स्थानीय प्रशासन के संपर्क में रहती हैं एवं उनके नियम अनुसार कार्य करने को नियमानुसार प्रशासित होती है, स्थानीय प्रशासन द्वारा कोचिंग संस्थानों में पंजीकृत अभ्यर्थियों के मनोशारीरिक विकास के नियमित निरीक्षण हेतु विषय विशेषज्ञ जिनमें चिकित्सक, सामाजिक कल्याण कार्यकर्ताओं महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्मिकों से संबंधित व्यक्ति समूह समिति का गठन करके संस्थानों के नियमित निरीक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए|
- ❖ कोचिंग संचालन मंडल- बड़ी कोचिंग संस्थानों का संचालन निदेशकों एवं प्रबंधक मंडल के सदस्यों द्वारा किया जाता है, प्रबंधन मंडल को चाहिए कि कोचिंग संस्थानों का संचालन व्यवसायिक संस्थानों

के नजरिए से न किया जाकर शैक्षणिक उन्नयन संस्थानों के रूप में किया जाना चाहिए, साथ ही जहां तक संभव हो सके, अभ्यर्थियों एवं उनके अभिभावकों के साथ सदैव निकट संपर्क स्थापित रहे, यह आवश्यक रूप से सुनिश्चित करवाया जाए|

- ❖ शिक्षक वर्ग- परिवार में अभिभावक के बाद में कोचिंग संस्थान में अभ्यर्थी शिक्षक के सबसे अधिक निकट संपर्क में होता है| अतः इस शोध अध्ययन से शिक्षक भी यह प्रयास कर सकते हैं, कि अभ्यर्थी के साथ मैत्रीपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए, ताकि अभ्यर्थी खुलकर अपनी अभिव्यक्ति कर सके, एवं समस्या का वर्णन कर सके, साथ ही शिक्षक अपनी कक्षा के अभ्यर्थियों को सह शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित कर सकेंगे और स्वयं के उदाहरण से उनमें वांछित परिवर्तन ला सकेंगे|
- ❖ अभ्यर्थियों हेतु निहितार्थ- प्रस्तुत शोध अध्ययन के मुख्य केंद्र बिंदु कोचिंग संस्थान में पंजीकृत अभ्यर्थी हैं, जो यह जान सकेंगे कि तनावपूर्ण स्थितियां कौन से घटकों के कारण उत्पन्न होती हैं, और उनका दूर करने का प्रयास कर सफलता का रास्ता छोटा और सरल ना होकर कठिन परिश्रम वाला होता है, इस बात को स्वीकार कर सकेंगे, इसके लिए अभ्यर्थियों को कोचिंग में प्रवेश के साथ ही अपनी नियमित दिनचर्या के माध्यम से अध्ययन में जुटना होगा तथा आने वाली समस्याओं का समाधान करने की चेष्टा कर सकेंगे|
- ❖ अभिभावकों हेतु निहितार्थ- कोचिंग अभ्यर्थी और अभिभावक एक दूसरे के पूरक होते हैं, यदि अभ्यर्थी में तनाव होता है, तो उसका प्रभाव अभिभावकों पर भी पड़ता है| इस अध्ययन से अभिभावक यह जान पाएंगे कि वह अपनी महत्वाकांक्षाओं को अपने बच्चों पर हावी ना होने दें, बल्कि उनको अपनी अभिरुचि के अनुसार पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने में मदद करें, और साथ ही कम शैक्षणिक उपलब्धि के दृष्टिगत अभ्यर्थियों को अनावश्यक डांट फटकार की बजाए और अधिक अच्छा प्रदर्शन करने हेतु प्रोत्साहित करने का प्रयास करें|

13. भावी शोध अध्ययन हेतु सुझाव:

प्रस्तुत शोध अध्ययन कोटा एवं सीकर जिले के कोचिंग संस्थानों में पंजीकृत नीट एवं जेईई अभ्यर्थियों में उत्पन्न तनाव स्थितियों एवं उत्तरजीवी उपागम के अध्ययन से संबंधित शीर्षक पर शोध कार्य करने के बाद भी इस क्षेत्र में ऐसे अनेक अनुत्तरित प्रश्न है, जिनका शोध के माध्यम से उत्तर प्राप्त किया जाना अपेक्षित है|

- ➢ कोचिंग अभ्यर्थियों में तनाव स्थितियों से उत्पन्न तनाव का मापन किया जा सकता है|
- ➢ तनाव को दूर करने के लिए उत्तरजीवी उपागम को अनुप्रयुक्त कर पुनः तनाव मापन किया जा सकता है|
- ➢ तनाव स्थितियों का अभ्यर्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि के साथ संबंध का अध्ययन किया जा सकता है|
- ➢ प्रस्तुत शोध अध्ययन केवल कोटा एवं सीकर जिले की नीट एवं जेईई कोचिंग संस्थानों के अभ्यर्थियों तक सीमित है, राजस्थान के अन्य जिलों के लिए भी शोध अध्ययन किया जा सकता है|
- ➢ उत्तरजीवी उपागम का प्रयोग करने से पूर्व एवं प्रयोग के बाद अभ्यर्थियों की शैक्षिक उपलब्धि में आए परिवर्तन को आंका जा सकता है|
- ➢ नीट एवं जेईई के अतिरिक्त रीट, शिक्षक, प्राध्यापक, उप निरीक्षक, बैंक क्लर्क इत्यादि की कोचिंग ले रहे अभ्यर्थियों में भी तनाव संबंधी अध्ययन किया जा सकता है|
- ➢ प्रस्तुत शोध अध्ययन में सभी अभ्यर्थी अविवाहित हैं अन्य कोचिंग कक्षाओं के लिए विवाहित एवं अविवाहित पुरुष/ महिला अभ्यर्थियों में तनाव, दुश्चिंता संबंधी शोध अध्ययन किया जा सकता है|
- ➢ सरकारी और गैर सरकारी विभागों में कार्यरत कर्मचारियों के मध्य उत्पन्न तनाव का तुलनात्मक अध्ययन भी किया जा सकता है|
- ➢ कोविड-19 के कारण कोचिंग संस्थानों से ऑफलाइन की जगह ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से अध्ययन कर रहे अभ्यर्थियों में भी तनाव स्थितियां निर्मित होने के कारणों पर अध्ययन किया जा सकता है|
- ➢ कोचिंग कक्षाओं में अध्यापन करवा रही महिला वह पुरुष अध्यापकों में तनाव स्थितियां संबंधी तुलनात्मक अध्ययन किया जा सकता है|

- कोचिंग कक्षाओं में अध्यापन करवा रहे नीट एवं जेईई के अभ्यर्थी में उत्पन्न तनाव स्थितियों का उनके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव का नैदानिक दृष्टिकोण से अध्ययन किया जा सकता है |

संदर्भ ग्रंथ सूची :

1. डॉ. विनय मोहन शर्मा दूसरा संस्करण, 2006 - शोध प्रविधि |
2. पी. डी. पाठक, 42वां प्रकाशन, 2012 - शिक्षा मनोविज्ञान |
3- जे. सी. अग्रवाल, भारतीय शिक्षा पद्धति स्वरूप एवं समस्याएं |
4. हेतसिंह बघेला, संस्करण 1999 - आधुनिक भारत में शिक्षा |
5. पवित्र कुमार शर्मा, संस्करण 2013 - व्यावहारिक मनोविज्ञान |
6. पारसनाथ राय, संस्करण 2001 - अनुसंधान परिचय |
7. डॉ. आलोक रस्तोगी, श्री शरण, प्रथम संस्करण शैक्षिक अनुसंधान |
8. डॉ. बी. एल. शर्मा एवं डॉ. आर. एन. सक्सेना, संस्करण 2012 - शिक्षा शास्त्र (राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा)
9. इन्नोवेटिव जर्नल ऑफ मेडिकल एंड हेल्थ साइंस, वॉल्यूम- 3, नंबर 6 - 2013
10. इंटरनेशनल जर्नल ऑफ हेल्थ साइंस रिसर्च, वॉल्यूम 6 इशयू 8, - 2016
11. डॉ. चंदन के. पी., डॉ. आर. शिवप्पा एकेडमिक स्ट्रेस अमंग हायर सेकेंडरी स्कूल स्टूडेंट्स- "एन ओवर व्यू" |

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन
साहित्य, समाज और वैश्विक मीडिया
10 & 11 सितंबर, 2021.
संयुक्त तत्वावधान में आयोजित : मीडिया अध्ययन विभाग, सीएमएस जैन (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) बैंगलोर, भारत
'वैज्ञानिक अनुसंधान संघ' एवं 'अंतर्राष्ट्रीय स्तर वैज्ञानिक अनुसंधान संगठन'

भारतीय संस्कृति के प्राणभूत नैतिक मूल्य और भारतीय समाज

डॉ. पुष्पा
सह आचार्य (संस्कृत),मानविकी विद्यापीठ, इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
Email - drpushpasanskrit@gmail.com

शोध सार : परिवर्तन समाज का शाश्वत नियम है। अतः परिवर्तन की परिधि में सभी समाहित है। यह परिवर्तन आर्थिक, सामाजिक, आध्यात्मिक, दार्शनिक, मनोवैज्ञानिक, चारित्रिक आदि सभी क्षेत्रों में अविरल धारा से परिलक्षित होतें हैं। साहित्य समाज का दर्पण है इसलिए समाज का प्रत्येक पक्ष उसमें अंकित होता है। इसी प्रकार संस्कृत साहित्य में वर्णित नैतिक मूल्य भी परिवर्तन के दौर में परिवर्तित व धूल धूसरित हुए हैं। प्रस्तुत शोध पत्र के माध्यम से भारतीय संस्कृति के प्राणभूत नैतिक मूल्यों का भारतीय समाज पर पड़ने वाले सकारात्मक एवंम नकारात्मक प्रभावों पर विस्तृत प्रकाश डाला जायेगा। संस्कृत हमारी धरोहर है और इसमें चित्रित मूल्य हमारे लिए अनिवार्य है जो हमें जीवन के प्रत्येक पथ पर मार्ग दिखाते हैं, हमें दिशा भ्रमित होने से बचाते हैं। अतः हमें इन जीवनोपयोगी नैतिक मूल्यों की उपेक्षा नहीं अपितु इन्हें जीवन का अंग बनाना व आगे आने वाली पीढ़ियों को सफलतापूर्वक हस्तान्तरित करना हमारा कर्तव्य है तभी हम सफल, सभ्य समाज बना पायेंगें।

कुंजी शब्द : संस्कृत, नैतिक मूल्य, समाज, संस्कृति, भारतीय ।

परिचय:

Billy Graham-"when wealth is lost nothing is lost, when health is lost, something is lost, when character is lost everything is lost."

कन्फ्यूशियस - "यदि आपका चरित्र अच्छा है, तो परिवार में शान्ति रहेगी, यदि परिवार में शान्ति रहेगी, तो समाज में शान्ति रहेगी, यदि समाज में शान्ति रहेगी तो राष्ट्र में शान्ति रहेगी।"

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और मनुष्य ही समाज का जन्मदाता भी है। सभ्य, आदर्श, श्रेष्ठ व संस्कारवान सामाजिक व्यवस्था में नैतिक मूल्यों का महत्वपूर्ण स्थान है। जीवन में संघर्ष को कम करने और सहयोग बढ़ाने के लिए मनुष्य अपनी बुद्धि विवेक से कुछ उदाŸा नियमों, आदर्शो, सिद्धान्तों, प्रतिमानों और संकल्पों की संरचना करता है, जो जीवन को समुचित गति प्रदान करने, मार्गदर्शन करने और समायोजन में महती भूमिका अदा करते हैं। इन नीति समन्वित नियमों को नैतिक मूल्यों की संज्ञा दी जाती है। नीञ्, धातु, क्तिन प्रत्यय से निष्पन्न 'नीति' शब्द को भोलानाथ तिवारी ने परिभाषित करते हुए बताया है कि - "समाज को स्वस्थ एवं सन्तुलित पथ पर अग्रसर करने एवं व्यक्ति को पुरूषार्थ चतुष्टय की उचित रीति से प्राप्ति कराने के लिए जिन विधि या निषेधमूलक वैयक्तिक एवं सामाजिक नियमों का विधान देश, काल और पात्र के संदर्भ में किया जाता है - उन्हें नीति शब्द से अभिहित करते हैं।"(1)

डॉ. राजबली पाण्डेय के अनुसार - नीति वह शास्त्र है, जो शुद्ध और अशुद्ध, सत्य तथा असत्य, उचित तथा अनुचित अथवा शुभ-अशुभ के आधार पर मानव चरित्र का विवेचन करता है।(2)

भारतीय वाड्.मय के आदि ग्रन्थ वेदों एवं मोहनजोदड़ों हडप्पा के उत्खनन से प्राप्त तथ्यों से स्पष्ट है कि भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीनतम संस्कृति है। यूनान, मिश्र, रोमादि देशों की संस्कृतियों का आविर्भाव होकर तिरोभाव भी हो गया, जबकि भारतीय संस्कृति आज भी अपने मूलरूप में विद्यमान है। प्राचीन भारतीय संस्कृति के प्रतीक वेदमन्त्र, उपनिषद्, धर्मशास्त्र, गीता दर्शन आज भी मजबूती से प्रतिष्ठित है। सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, अस्तेय तथा ब्रह्मचर्य का उपदेश आज भी भारतवासियों को कर्णप्रिय है, रामकृष्ण आज भी मर्यादापुरूषोतम और लीला पुरूषोतम के रूप में आरूढ़ है, सीता, दमयन्ती, द्रौपदी, सावित्री, दमयन्ती स्त्रियाँ वर्तमान में भी पतिव्रता स्त्रियों के आदर्श है। अतः भारतीय संस्कृति और उसमें विद्यमान अनुकरणीय मूल्यों की उपयोगिता इकबाल के कथन द्वारा व्यक्त होती है-

सारे जहाँ से अच्छा हिन्दुस्ता हमारा।
हम बुलबुले है, इसके ये गुलिस्तां हमारा।।
यूनानी, मिस्र, रोमा सब मिट गए जहाँ से।
बाकी रहा है फिर भी नामोनिशां हमारा।।

भारतीय संस्कृति के प्राणभूत 'मूल्य- वह प्रतिमान है, चाहे वह सामाजिक मूल्य हो, राजनैतिक, आर्थिक, दार्शनिक अथवा धार्मिक सभी भारतीय संस्कृति अनुस्यूत है। इसी प्रकार हमारा झुकाव आध्यात्मिकता की ओर रहा है। भारतीय दर्शन में स्वीकृत आत्मतत्व प्रत्येक जीव में विद्यमान है, जिसके अनुसार संसार के प्राणी उसी आत्मतत्व रूप परब्रह्म से उत्पन्न होकर उसी में विलीन हो जाते हैं, अद्वैतवाद की स्थापना भारतीय दर्शन का मूल है जिसके अनुसार संसार के मूल में एक शक्ति निहित है। व्यक्ति व्यर्थ में इस अभिमान में जीता है कि वही कर्ता है जबकि हम सब और संसार भी नाश को प्राप्त होते हैं। माया अध्यारोप, अध्यास ही हमें भ्रमित करते हैं माया का आवरण हटते ही - "ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या' की प्रतीति होती है यही सत्य है। इस तथ्य को उपनिषदों में भी व्यक्त किया है। यथा -

यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते।
येन जातानि जीवन्ति।
यत् प्रयन्तयभि संविशन्ति।
तद्विजिज्ञासस्व। तद् ब्रह्मति।(3)

आज वर्तमान में भी **personality Development** और **stress management** के पाठ्यक्रम में श्रीमद्भगवदगीता के सिद्धान्तों को समाहित किया है, जो व्यक्ति का एकांगी नहीं अपितु सम्पूर्ण व्यक्तित्व निर्माण में सहयोगी है। यदि आज भी श्रीमद्भगवदगीता को प्रतिमान स्वीकार कर, अनुकरण करे तो हिंसा, लालच, द्वेष, मानसिक विकार, क्लेश, ईर्ष्या आदि से निवृत हो एक आदर्श मानव बन सकते है। गीता में बताया है कि -

न जायते म्रियते वा कदाचित्
नायं भूत्वा भविता वा न भूयः।
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो
न हन्यते हन्यमाने शरीरे।।(4)

इसी प्रकार हम फल का चिंता से रहित रहकर अपना कर्म करे। हमें अपने कार्यों को निष्ठा, श्रद्धा व तल्लीनता के साथ सम्पादित करने में ध्यान लगाना चाहिए, आसक्ति रहित कर्म करे, फलासक्ति रहित होना ही मानव जीवन की सफलता की कुंजी है। यथा-

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतु भूर्मा ते संगोऽस्तु कर्मणि।।(5)

भारतीय संस्कृति में कर्मों के अनुसार फल प्राप्ति (पुनर्जन्म) होती है। कर्मफलवाद एवं भाग्यवाद के फलस्वरूप ही पुनर्जन्मवाद का प्रादुर्भाव हुआ है। कर्मफल, भाग्यवाद के सिद्धान्त पर विश्वास रखते हुए,

भारतीय लोग कर्मों के प्रति सचेत रहते हैं, कर्मफल सिद्धान्त जहांँ उन्हें अच्छे कर्म को करने के लिए प्रेरित करता है, वहीं दूसरी ओर बुरे कर्मों को करने से रोकता भी है, यही भारतीयों की आध्यात्मिकता, भाग्यवाद, कर्मफल सिद्धान्त, पुनर्जन्म सिद्धान्तों के प्रति गहन आस्था का भी सूचक है।

भारतीय नैतिक मूल्यों में विश्व कल्याण कामना 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' की परिपाटी सदैव रही है। यही बात वैदिक मंत्रों द्वारा स्पष्ट है कि -

संगच्छध्वं सवंदध्वं सं वो मनांसि जानताम्।
देवाभागं यथापूर्वे संजानाना उपासते।।
समानी वः आकूतिः समाना हृदयानि वः।
समानमस्तु वो मनो यथा वः सुसहासतिः।।(6)

(ऋग्वेद 10/191/2-3)

इसी प्रकार - सर्वेभवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद दुःख भागभवेत।(7)

(अथर्ववेद, शान्ति पाठ)

यही संगठन की भावना की कामना सामाजिक बन्धनों में अर्थात् संयुक्त परिवार के माध्यम से व्यक्त की गई। प्राचीन संस्कृति संयुक्त परिवार को सराहनीय मानती थी। ऋग्वेद के विवाह सूक्त (10/85) में संयुक्त परिवार की सूचना मिलती है। जहाँ नववधू को परिवार के विभिन्न सदस्यों की साम्राज्ञी होने का शुभाशीष दिया है। संस्कृत साहित्य में मिलकर रहने, संगठन की शक्ति व समन्वय भावना पर बल दिया है परन्तु आज परिवार की रोजगार की आवश्यकताओं के कारण मुख्यतः एकल परिवार बहुलता से प्राप्त है जबकि संयुक्त परिवारों की अवधारणा प्रायः अब सिमटती सी दिखती है।

मातृभूमि, मातृ संस्कृति एवं मातृभाषा के प्रति अटूट श्रद्धा भारतीय संस्कृति में व्याप्त है। अपनी जन्मभूमि को अपनी माता और जन्मभूमि को अपनी मातृभूमि कहकर सम्बोधित करने की शिक्षा हमें सर्वप्रथम वेदों में ही मिलती है। अथर्ववेद का पृथ्वी सूक्त पूर्णतः राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत है। मातृभूमि के प्रति ऐसा सन्देश संसार के किसी अन्य साहित्य में उपलब्ध नहीं है, जिसमें भूमि को माता और स्वयं को उसका पुत्र कहा है। यथा -

माता भूमिः पुत्रोऽह पृथिव्याः''।।(8) अर्थ. 12/01/12)
इसी प्रकार 'स्वराज्य' शब्द का सर्वप्रथम उद्घोष ऋग्वेद में ही दृष्टव्य है यथा :-
आ यदवामीयचक्षसा मित्रं वयं च सूरयः।
व्यचिष्ठे बहुपाय्ये पतेमहि स्वराज्ये।।(9) (ऋग्वेद 5/66/6)

वेदों के अनुशीलन से ज्ञात है कि निःस्वार्थ, सदाचारी, प्रजापालक शासक ही राष्ट्रनायक होना चाहिए। कोई भी व्यक्ति संसार में ऐसा कार्य न करे जिससे देश की प्रतिष्ठा गिरे। सभी लोगों को देश को उन्नति की ओर ले जाने वाले मार्ग पर अनुसरण करना चाहिए।(10) (अथर्ववेद 4/18, 01-03)

संस्कृत साहित्य में सन्निहित मूल्यों गुरूजनों की सेवा, अतिथि सत्कार, माता-पिता को देवतुल्य स्वीकार करना इनके विश्वव्यापी क्षरण के दौर में हमें वर्तमान शिक्षा प्रणाली में सुधार की आवश्यकता है। आज मनुष्य को विशिष्ट दिशा में अग्रसर करने में सम्पूर्ण शिक्षा प्रणाली अप्रसांगिक, दिशाहीन एवं निरर्थक सिद्ध हो रही है, केवल विषयों के ज्ञान से शिक्षा का लक्ष्य पूरा नहीं हो सकता। अपितु ज्ञान के विस्तार के अनुपात में हमारे समाज में जीवनमूल्य विकसित नहीं हो पाये हैं। शिक्षा और मानवीय मूल्यों में परस्पर सम्बद्धता का अभाव दृष्टिगोचर हो रहा है।

इसी प्रकार वेदकालीन शिक्षा व्यवस्था द्वारा विद्यार्थी में नैतिकता के गुणों को आत्मसात कराया जाता था। गुरूकुल अथवा आश्रमों में नियन्त्रित, संयमित, अनुशासित रहकर गुरू शिष्यों के मन सदाचार पालन का उपदेश प्रसारित करते हैं। जैसे - गुरू के सुबह जागने से पहले जागना, सफाई, स्नान, दूसरी ओर भिक्षाटन, याज्ञिक कार्यों में योगदान, गुरू के सान्निध्य में रहना इत्यादि पद्धतियाँ उनके जीवन में सन्तुलन लाती थी। वहीं आज शिक्षा केवल बौद्धिक विकास तो करती है परन्तु विद्यार्थियों में रटंत प्रणाली की ओर

रूझान जबकि व्यवहारिकता पर नहीं, अनुशासनहीनता, गुरू-शिष्य सम्बन्धों में सम्मान की कमी के कारण ही तो आये दिन ऐसे प्रकरण सामने आते हैं कि शिष्य ने गुरू की हत्या कर दी, पिटाई कर दी, गुरू द्वारा शिष्या के साथ अनाचार के प्रसंग हमें हिला देते हैं कि हम वास्तव में कलियुग में ही हैं, जहाँ हमारे नैतिक मूल्य धूमिल होते जा रहे हैं, नहीं तो यह वही भारत है जहाँ गुरू के विषय में कहा जाता है -

गुरूर्ब्रह्मा गुरूर्विष्णुः गुरूर्देवो महेश्वरः।
गुरूः साक्षात् परं ब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः।।(11)
ये गुरून् पर्युपासन्ते नियता ब्रह्मचारिणः(12)

(महाभारत, शान्तिपर्व, 192.4 का पूर्वार्ध)

प्राचीनकालीन समाज में धन के प्रति लोलुपता इतनी अधिक दिखाई नहीं देती, जितनी वर्तमानकालीन समाज में दृष्टिगोचर होती है। आज व्यक्ति की सर्वोप्रमुख आवश्यकता ही 'धनार्जन' ही है सुखार्जन की अपेक्षा। यह तो सत्य है संसार में मनुष्य की धन के प्रति तृप्ति नहीं देखी गई तभी तो कहा है "न हि विŸोन तर्पणीयों मनुष्यः, अर्थात् धन के प्रति मनुष्य की तृप्ति नहीं होती। धन ही सब कुछ है धन के अभाव में कुछ नहीं। यही बात महाकवि भर्तृहरि के नीतिशतकम् में निम्न श्लोक द्वारा व्यक्त है कि :-

यस्यास्ति वितं स नरः कुलीनः, स पण्डितः स श्रुतवान गुणज्ञः।
स एव वक्ता स च दर्शनीयः सर्वे गुणा काचनमाश्रयन्ति।।(13)

अर्थात् जिसके पास धन है वही व्यक्ति कुलीन है, ज्ञानी है, वही ज्ञानवान् गुणी, दयनीय है क्योंकि सभी गुण स्वर्ण अर्थात् सोने (धन) में विराजमान है। वर्तमान समाज में 'धनलोलुपता' में तीव्रतम वृद्धि हुई है।

भारतीय संस्कृति की आधारशिला सत्य, स्वाभिमान, परोपकार, सदाचार, दया, दान, सहनशीलता, त्याग भावना, कर्मनिष्ठा, ईमानदारी, समर्पण इत्यादि आज धुँधले से होते जा रहे हैं। समाज में परिवर्तन स्वाभाविक है, परिवर्तन जीवन का स्वाभाव है परन्तु हमारी कोशिश यह होनी चाहिए कि जो परिवर्तन हमें उन्नति के शिखर तक ले जाने वाले हो हमारे लिए अच्छे हो, उन्हें हमें आत्मसात करना चाहिए। दूसरी ओर वह परिवर्तन जो हमें अवनति के पथ पर अग्रसर करने वाले हो उन्हें हमें त्याग देना चाहिए। आशय यह है कि हमारी सभ्यता, संस्कृति के प्राणभूत जीवनमूल्यों की समयानुसार पुनर्स्थापना और जीर्ण-क्षीण मूल्यों का निराकरण ही हमारा ध्येय होना चाहिए। सतीप्रथा, बाल विवाह, पर्दाप्रथा, बाल मजदूरी, कन्या भूरण हत्या, स्त्री शोषण जैसी प्रथाएँ या रीति रिवाजों का आज हमें पुरजोर विरोध करना अनिवार्य है। उसी प्रकार समाज में सारे परिवर्तन बुरे ही हुए हैं, ऐसा नहीं, कुछ उपरोक्त रीति-रिवाजों का निराकरण हमारे लिए अच्छे परिवर्तन भी सिद्ध हुए हैं। इसी प्रकार स्त्री शिक्षा के अनुपात में वृद्धि, स्त्रियों के लिए रोजगार के अवसरों में वृद्धि, समाज में सभी वर्गों के लिए अवसरों की समानता, स्त्री-पुरूष के लिए समान कार्य के लिए समान वेतन, वैज्ञानिकता व आधुनिकता का प्रचार-प्रसार इत्यादि। संस्कृत साहित्य में उपलब्ध ऐसे 'नैतिक मूल्य' जो हमें आचरण करना सीखाते हैं, यहीं मानवीय जीवन के नीति निर्देशक नियम है जो हमें सही अर्थों में 'भारतीय मानव' बनाते हैं। यथा - अतिथि सत्कार, अहिंसा, परोपकार, त्याग, कर्मनिष्ठा आदि हमें इन मूल्यों का संरक्षण व संवर्धन करते हुए आने वाली पीढ़ियों को हस्तांतरित भी करना तभी भारतीय संस्कृति सुरक्षित रह पायेगी।

भूमण्डलीकरण के दौर में आध्यात्मिक जीवन मूल्यों एवं उदात्त सांस्कृतिक पराम्पराओं का लोक पराभव प्रारम्भ हो गया है। समाज बौद्धिक दासता व कुंठित सांस्कृतिक पतन की ओर अग्रसर है। आज लोग स्वहित की चिंता में ही व्यस्त है, फ्लैट संस्कृति ने पाँव पसार लिए हैं। संगठन अथवा समाष्टि के बंधन में लोगों को घुटन होती है। एकल परिवार की विकसित परम्परा ने ही 'तलाक' शब्द आजकल बहुत सामान्य हो गया है। मूल्यों की विस्मृति का ही परिणाम है कि आज परिवार बिखर रहे हैं, बूढ़े माता-पिता वृद्धाश्रमों में जाने को बाधित हैं। अतः जिस शिक्षा अथवा समाज के जितने अधिक उच्च मूल्य होंगे वह उतना ही उन्नत और भावी पीढ़ी के लिए विकासोन्मुख होगा। इसी तथ्य को शुक्रनीति सार में भी स्वीकार किया है। यथा –

"सर्वलोक व्यवहारस्थितिः नीत्या बिना न हि" (शुक्रनीतिसार 01/11)(14)

अर्थात् नीतिशास्त्र के अभाव में सम्पूर्ण लोक व्यवहार संभव नहीं है।

उपसंहार :-

परिवर्तनशील संसार में मूल्यों में परिवर्तन भी स्वभाविक प्रक्रिया है। वैदिक ऋषियों से लेकर राम, कृष्ण, महावीर, गौतम बुद्ध, विवेकानंद, गांधी इत्यादि द्वारा समय-समय पर नैतिक मूल्यों की पुनः स्थापना के लिए उन्हें अपने काव्यों अथवा कृतियों में स्थान दिया। वर्तमानकाल में भोगवादी संस्कृति, पाश्चात्य संस्कृति का अन्धानुकरण करने के कारण भारतीय संस्कृति के प्राणतुल्य मूल्यों का क्षरण हो रहा है।

आज असंतोष, अलगाव, उपद्रव, असमानता, अवसाद, हिंसा, भ्रष्टाचार, साम्प्रदायिकता, जातियता, भाषावाद के दौर में यह मूल्य ही समाज का जीर्णोद्धार करने में समर्थ है। भारतीय संस्कृति में धर्म शास्त्रोक्त वचनानुसार आचरण करना अनिवार्य है। उपनिषद् वाक्य - 'सत्यं वद, धर्म चर' सदाचार पालन का उपदेश देते हैं।

आज असंतोष, अलगाव, उपद्रव, असमानता, अवसाद, हिंसा, भ्रष्टाचार, साम्प्रदायिकता, जातियता, भाषावाद के दौर में यह मूल्य ही समाज का जीर्णोद्धार करने में समर्थ है। भारतीय संस्कृति में धर्म शास्त्रोक्त वचनानुसार आचरण करना अनिवार्य है। उपनिषद् वाक्य - 'सत्यं वद, धर्म चर' सदाचार पालन का उपदेश देते हैं। अपनी मातृभूमि के प्रति अनुराग भी संस्कृत साहित्य में व्यक्त होता है। यथा - 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी', मातृदेवो भव इत्यादि। इसी प्रकार विश्व कल्याण की कामना सर्वोपरि मानता हैं - सर्वे भवन्तु सुखिनः की मंगल कामना भी स्थान-स्थान पर व्यक्त है। अतिथि सत्कार,, परोपकार, अहिंसा, निष्काम कर्मयोग, त्याग भावना, समन्वय भावना, सत्य, ईमानदारी, कर्मनिष्ठा, आध्यात्मिकता, सकारात्क दृष्टिकोण, मैत्रीभाव इत्यादि संस्कृत साहित्य में वर्णित नैतिक दृष्टिकोण हमें मानवता की ओर अग्रसर करते हैं और भारतीय संस्कृति के मजबूत आधार स्तम्भ है। नैतिक मूल्यों ने मानवता को जीवित रखा है। यदि हम ईमानदारी से नैतिक मूल्यों का अनुसरण करते हैं तो धीरे-धीरे यह हमारे व्यक्तित्व का अभिन्न अंग बन जाता है, इसलिए इन्हें संरक्षण प्रदान करने के लिए इनका अनुकरण अनिवार्य है। नैतिक मूल्य भारतीय संस्कृति और अस्मिता के प्रतीक स्वरूप है। अतः इनका संरक्षण, संवर्धन व हस्तान्तरण प्रत्येक भारतीय का मौलिक कर्तव्य है।

नैतिक मूल्यों के क्षरण को रोकने और उनके सम्वर्धन हेतु संस्कृत साहित्य में प्रकीर्ण नैतिक मूल्यों को महाकवियों ने अपनी कृतियों में सुस्थापित किया। शोधकर्ता के माध्यम से ही साहित्य में प्रतिबिम्बित अमूल्य सिद्धान्तों को प्रकाश में लाया जाता है। प्रस्तुत शोध पत्र के माध्यम से संस्कृत साहित्य में उपलब्ध मूल्यों को सामाजिकों के समक्ष रखना ही इसका ध्येय है, जो वर्तमान संदर्भो में अति आवश्यक है। नैतिक मूल्य भारतीय संस्कृति के मूलाधार है, चरित्र की श्रेष्ठता के उपादान हैं। वस्तुतः यह एक राष्ट्रधर्म है, जिसके पालन के बिना राष्ट्र एवं समाज का विकास असंभव है। अतः समाज द्वारा प्रशंसित कार्य नैतिक कार्यो की परिधि में आते हैं तथा गर्हित कार्य नैतिक मूल्यों के ह्रास की श्रेणी में आते हैं। हमें चाहिए कि हम अपने विवेक द्वारा निर्धारण करे कि हमें क्या आत्मसात करना है और क्या त्यागना है। आज वर्तमान संदर्भों की यदि हम निष्पक्ष रूप से बात करें तो हम देखते हैं चारों ओर भ्रष्टाचार का भयावह माहौल है, यह किसकी देन है, इसका सीधा सा उत्तर है हमारे नैतिक मूल्यों का ह्रास। यदि हम संस्कृत साहित्य या अन्य भी भारतीय साहित्य का अध्ययन करते हैं तो उनमें निहित सत्य, ईमानदारी, कार्य के प्रति समर्पण भाव के स्थान पर कामचोरी, असत्य भाषण व आचरण, धन लोलुपता, कर्तव्य के प्रति उपेक्षा भाव आदि इन अनैतिक विचारों ने आज हमारे बीच घर कर लिया है। मनुष्य संसार में एक ऐसा जीव है जिसमें विवेक है वह सत्य-असत्य, सही-गलत का निर्धारण करने में सक्षम है, और यह विवेक आता है शिक्षा द्वारा। अतः आज शिक्षा के सैद्धान्तिक पक्ष के साथ व्यवहारिक पक्ष पर भी बल देना होगा। नई शिक्षा नीति में इन नैतिक मूल्यों को स्थान देने की आवश्यकता है। जैसे - महान लोगों की जीवनियों तथा विविध धर्मों की मुख्य बातों को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जा सकता है। पर्यावरण प्रदूषण, स्त्री असुरक्षा, कन्या भ्रूण हत्या, अनैतिकता, भ्रष्टाचार आदि समस्याओं का हल संस्कृत साहित्य के माध्यम से खोजा जा सकता है जो हमारे लिए और आने वाली पीढ़ी के लिए उपयोगी होगा। शिक्षा के ढाँचे मे सकारात्मक परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए नई शिक्षा नीति में संस्कृत शिक्षा के पठन- पाठन पर विशेष बल दिया गया है ।

संदर्भ ग्रन्थ सूची:

1. तिवारी डॉ. भोलानाथ, हिन्दी नीतिकाव्य, पृष्ठ-04
2. पाण्डेय, डॉ. राजबली, भारतीय नीतिशास्त्र का विकास, पृष्ठ-01
3. तैतरीयोपनिषद, उपनिषद् भाष्यम 03/01, सं. एस. सुब्रह्मण्यशास्त्री, महेश अनुसंधान संस्थान, वाराणसी।
4. श्रीमद् भगवदगीता, 2/20, गीता प्रेस, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश, 273001
5. श्रीमद् भगवदगीता, 2/47, गीता प्रेस, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश, 273001
6. ऋग्वेद संहिता, 10/191/2-3, लक्ष्मण स्वरूप, मोतीलाल बनारसीदास, बनारस, 1955
7. अथर्ववेद संहिता, भाषाभाष्यम् - महर्षि दयानंद सरस्वती, दयानंद संस्थान, नई दिल्ली, सं. 2013
8. अथर्ववेद संहिता, 12/01/12, भाषाभाष्यम् - महर्षि दयानंद सरस्वती, दयानंद संस्थान, नई दिल्ली, सं. 2013
9. ऋग्वेद संहिता, 05/66/06, लक्ष्मणस्वरूप, मोतीलाल बनारसी दास, बनारस, 1955
10. अथर्ववेद संहिता, 04/18, 01-03, भाषा भाष्य, महर्षि दयानंद सरस्वती, दयानंद संस्थान, नई दिल्ली, सं. 2013
11. महाभारत, शान्तिपर्व, 194.4 का पूर्वार्द्ध, गीता प्रेस, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश, 273001
12. महाभारत, शान्तिपर्व, 194.4 का पूर्वार्द्ध, गीता प्रेस, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश, 273001
13. नीतिशतकम्, भर्तृहरि, व्याख्याकार एवं सम्पादक - डॉ. श्याम शर्मा वशिष्ठ, नितिन पब्लिकेशन, अलवर (राज.)
14. शुक्रनीतिसार, 01/11, शुक्राचार्य, मोतीलाल बनारसी दास, बनारस।

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन
साहित्य, समाज और वैश्विक मीडिया
10 & 11 सितंबर, 2021.
संयुक्त तत्वावधान में आयोजित : मीडिया अध्ययन विभाग, सीएमएस जैन (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) बैंगलोर, भारत
'वैज्ञानिक अनुसंधान संघ' एवं 'अंतर्राष्ट्रीय स्तर वैज्ञानिक अनुसंधान संगठन'

वागड़ के जनजातीय समाज के उत्थान में साहित्य और मीड़िया की भूमिका

शान्तिलाल दायमा
शोध छात्र (हिन्दी) गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय बांसवाड़ा राजस्थान
Email : shantilaldayama064@gmail.com

सारांश :- वागड़ के जनजातीय समाज के उत्थान व जनजागरण में संत श्री गोविन्द गुरु के नेतृत्व में गाए गये वागड़ी भजन साहित्य सोशल मीड़िया व इलेक्ट्रॉनिक मीड़िया की अति महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आज के युग में सोशल मीड़िया अत्यन्त सक्रिय हो गया है जिस कारण ये खबरों के आदान प्रदान करने का चौथा स्तम्भ कहा जाता है। दुर्गम व पहाड़ी इलाकों में बची हुई जनजातियों के सूचनाओं का मुख्य साधन होने से इनकी सदियों से दबी हुई आवाज बुलंद करने का एक माध्यम बन गया है इसके माध्यम से अपने हक़ के लिए ये लोग अत्यंत सक्रीय होकर स्वतंत्र रूप से अपने विचारों को मीड़िया के माध्यम से अभिव्यक्त करते हुए अन्याय के खिलाफ पुरजोर आवाज उठाते हुए अपनी मांग रखते है। सोशल मीड़िया के प्रसिद्ध प्लेटफार्म निम्न है - ट्विटर, व्हाट्सअप, गूगल+, यूट्यूब, फेसबुक, इन्स्टाग्राम, टम्बलर, लिंकड़इन और माय स्पेस आदि के माध्यम से जनजातीय समाज के लोग स्वतंत्र अभिव्यक्ति के माध्यम से अपने मौलिक अधिकारों का उपयोग करते हुए आए दिन अपने अधिकारों की प्राप्ति हेतु एकता, अखण्ड़ता व अक्षुणता को बनाए रखते हुए निरन्तर संघर्षशील रहते है। मीड़िया एक ऐसा प्लेटफार्म है जिस पर बिना कोई शुल्क दिए हम अपने दोस्तों, प्रेमियों, रिश्तेदारों, प्रियजनों आदि से सीधा संपर्क रख सकते है साथ ही प्रियजनों को संदेश फोटो, वीडियो आदि भी भेज सकते है। एक तरह का मीड़िया आम व्यक्ति की अभिव्यक्ति की आजादी का केन्द्र बना हुआ है। आए दिन मीड़िया के माध्यम से लोग भ्रष्टाचार के खिलाफ भी महाभियान छेड देते है विशाल जनसमूह एक साथ इकट्ठे होकर संघर्ष करते है। आजकल राजनीतिक पार्टियां भी सोशल मीड़िया का उपयोग करते हुए आमव्यक्ति को जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है जिससे वोट प्रतिशत भी बड़ा है साथ ही युवाओं में राजनीति के प्रति जागरूकता भी बड़ी है। जनजातीय समाज के उत्थान में साहित्यिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, राजनीतिक, धार्मिक और शैक्षिक आदि के विकास में साहित्य और मीड़िया की अति महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

1. प्रस्तावना :-

वागड़ का जनजातीय समाज अभावग्रस्त दुर्गम व पहाड़ी क्षेत्रों में निवासरत रहते हुए अपने गुरु के द्वारा गाए वागड़ी भजन साहित्य मौखिक व वाचिक परम्परा के लोकगीत, लोककथा, लोकोक्तियाँ, वागड़ी वार्ताएँ आदि के माध्यम से निरन्तर जनजागरण होता रहा है। जब से मीड़िया के साधन इन लोगो के पास पहुंचे है तब से इस समाज में बहुत कुछ आए दिन परिवर्तन देखने को मिलता है साथ ही इनकी एकता को बढ़ावा मिला है। ये लोग दुर्गम व पहाड़ी इलाको में दूर दराज एकल परिवार के रूप में रहते हुए आए है जिससे उनमें सामाजिक रहन सहन, रीति रिवाज, बोलचाल, पहनावा, शिक्षा सभ्य समाज आदि के साथ साथ शैक्षिक व आर्थिक रूप से पिछड़ापन देखने को मिलता है। लेकिन जब से ग्रामीण इलाको में मीड़िया का प्रभाव बढ़ता जा रहा है वैसे वैसे लोगो में बड़ चढ़कर अपने अधिकारों, संस्कारो, अपने कर्तव्यों आदि के लिए निरन्तर संघर्ष करते रहे है। मीड़िया के साधनों के प्रति आज के युवाओं की रूचि ज्यादा देखने को मिलती है

जिस कारण वह हर क्षैत्रों में आगे बढ़ रहे है और एक दूसरे को जागरूक भी कर रहे है मीड़िया के बढ़ते प्रभाव के कारण वागड़ के जनजाति इलाको में आए दिन राजनीति में भी भूचाल देखने को मिलता है जिससे वोट बैंक में भी युवाओं की भागीदारी निरन्तर बढ़ रही है। जिस कारण आदिवासी इलाकों में अपने अधिकारी की प्राप्ति हेतु नई नई पार्टियों का उदय भी हो रहा है।

2. सामाजिक उत्थान में वागड़ी साहित्य और मीड़िया की भूमिका:-

वागड़ का जनजातीय समाज अत्यंत पिछड़ेपन में जीवन यापन करता रहा है क्योंकि प्राचीन काल से शहरों से दुर दुर्गम व पहाड़ी इलाकों में रहने के कारण उनका खान-पान, रहन-सहन, रीति-रिवाज कुछ अलग ही थे जिस कारण सभ्य समाज के संपर्क में बहुत कम न के बराबर आते थे जिससे ये लोग किसी सभ्य समाज से प्रतिस्पर्धा करने में पीछे रहे जाते थे लेकिन आज के वैश्विक मीड़िया के युग में निरन्तर बदलाव देखने को मिलता है। कुछ वर्षो पहले संत गोविन्द गुरु, संत मावजी, संत मामा बालेश्वर दयालु, संत कबीर आदि के वागड़ी भजन साहित्य को ये लोग आए दिन भजन माण्डलियों के माध्यम से भजन, सत्संग, कीर्तन करते हुए उनमे अच्छे संस्कार भरते रहते थे साथ ही सामाजिक जनजागरण करते थे लेकिन इसका प्रभाव लगभग आधी आबादी तक ही देखने को मिलता था फिर भी जब से मीड़िया की पहुंच ग्रामीण इलाकों में हुई है तब से निम्न प्रभाव देखने को मिलते है।

1. सभ्य रूप में उभरता हुआ समाज।
2. समाज का जागरूक होना।
3. कुप्रथाओं को दुर करना।
4. संसाधनों को उपलब्ध करवाने की कोशिश करना।
5. बाल विवाह पर रोक।
6. स्वरोजगार प्राप्त करना।
7. एक दुसरे को मार्गदर्शन देना।
8. स्वर्ण समाज से प्रतिस्पर्धा करना।
9. आपसी अनबन को दुर करना अर्थात पारिवारिक झगड़ो से दुर।
10. फैशन की दौर से होड़।
11. खान-पान में निरन्तर सुधार।
12. रहन-सहन में सुधार।
13. रीति-रिवाजो में बदलाव।
14. सिद्धान्तों का पालन।
15. अहिंसा का पालन।
16. कुसंगतियों से दुर।
17. भाई चारे की भावना।
18. एकता का विकास।
19. अधिकारों के प्रति जागरूक।
20. स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग।
21. शिक्षा का प्रचार प्रसार।

3. धार्मिक उत्थान में वागड़ी भजन साहित्य और मीड़िया की भूमिका:-

वागड़ के जनजाति इलाकों में समाज सुधारक के रूप में संत गोविन्द गुरु, संत मावजी, संत मामा बालेश्वर दयालु, संत कबीर आदि के वागड़ी भजन साहित्य के माध्यम से लोगों में जनजागरण के साथ-साथ धार्मिक आयोजन भी रखते थे जिससे लोगों में धर्म के प्रति धीरे धीरे आस्था बढ़ती चली गयी और आज के वैश्विक मीड़िया के युग में इसे और बढ़ावा मिला है क्योंकि वागड़ के जनजाति इलाकों में लगभग इन सभी संतो ने स्वयं व भक्तों के सहयोग से जगह जगह धुणियां स्थापित करके निरन्तर भजन कीर्तन, सत्संग करते थे जो आज भी प्रचलित है। इन सभी कारणों से निम्न प्रभाव देखने को मिलते है:-

1 धर्म के सिद्धान्तों व नियमों का पालन।
2 नित्य भजन, सत्संग, कीर्तन करना।
3 ईश्वर के प्रति आस्था।
4 गुरु के प्रति श्रद्धा की भावना।
5 मंदिरो व धुणियों में नारियलों का हवन व यज्ञ करना।
6 माथे पर छापा बांधना।
7 कपाल पर तिलक लगाना।
8 गले में माला धारण करना।
9 भगवा वस्त्र धारण करना।
10 धर्म का प्रचार प्रसार करना।
11 पुनर्जन्म तथा पाप-पुण्य की अवधारणा।
12 पवित्र आचरण पर बल।

4. राजनितिक योगदान में साहित्य और मीड़िया की भूमिका:-

भारत के परतंत्रता समय से ही जनजातीय लोग अपने अधिकारों की प्राप्ति हेतु निरन्तर आंदोलन चला रहे है और हजारो आदिवासियों ने देश की आजादी के लिए कुर्बानिया दी है जैसे 17 NOV. 1913 को मानगढ़ धाम हत्याकांड आदि| साथ ही आज के समय वागड़ी भजन साहित्य ने मीड़िया के माध्यम से जनजागरण का भूचाल ला दिया है। इसके साथ ही ये लोग अब जागरूक होकर अपने कर्तव्यों व अधिकारों की प्राप्ति हेतु निरन्तर शांतिपूर्वक धरने देते रहते है| ये लोग अब राजनीति में माहिर होकर बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते है जिससे प्रभावित होकर आज का युवा राजनीति के परवान पर चढ़ रहा है जिससे आदिवासी इलाकों में नई नई क्षैत्रिय पार्टिया उभर रही है जैसे- भारतीय ट्राईबल पार्टी। जिसके प्रभावों में आकर सरकारों ने भी 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस घोषित किया है जिसमे बढ़ चढ़ कर भाग लेते हुए ये लोग आदिवासी पोशाक व आभूषण धारण करते हुए बड़ी धूम धाम से मनाते है|

इसी प्रकार जनजाति समाज में निम्न प्रभाव देखने को मिलते है-

1 अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति सचेत।
2 क्षैत्रिय पार्टियों का उदय।
3 राजनीति के प्रति रूचि।
4 राजनेता बनने की होड़।
5 राजनीतिक एकता को बढ़ावा।
6 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाना।

5. शिक्षा के उत्थान में साहित्य व मीड़िया की भूमिका:-

जनजातियों के मसीहा कहे जाने वाले गुरु संत श्री गोविन्द गुरु के नेतृत्व में गांव गांव, डगर डगर, घूम फिर कर, जगह जगह धुणियों व मंदिरो की स्थापना करके वागड़ी भजन साहित्य के माध्यम से आदिवासियों में अच्छे संस्कार भरे। साथ ही समाज को शिक्षा से जोड़ने का अटल प्रयास किया। इन्होंने समाज में प्रचलित कुप्रथाओ, कुरीतिओ, कुविचारों, बाह्य आडम्बरों आदि को दूर करते हुए सभ्य समाज से दौड़ करते हुए निरन्तर विकास की और उन्मुख किया। आज भी इनके द्धारा दिए गए वागड़ी भजन साहित्य को मिडिया के उपकरणों के माध्यम से जोर शोर से जनजागरण के साथ अच्छे संस्कार, विचार, आचरण, ईश्वर का स्मरण आदि के माध्यम से समाज को नई दिशा मिल रही है संत श्री गोविन्द गुरु संत मावजी, संत मामा बालेश्वर दयाल, संत कबीर आदि के द्धारा दिए मौखिक व लिखित वागड़ी भजन साहित्य को मीड़िया के उपकरणों के माध्यम से इतना जोर शोर से फैलाया जा रहा है कि आज लगभग समस्त जनजाति जागरूक होकर स्वयं के उत्थान के साथ साथ समाज के उत्थान में निरन्तर भागीदारी अदा कर रहे है।

आज के समय इन संतो के द्वारा दिए वागड़ी भजनों की संख्या हजारो में देखने को मिलती है जिनमे सुसंस्कारी भाव देखने को मिलते है जिस कारण प्रत्येक गांव से कुछ व्यक्ति सरकारी कर्मचारी देखने को मिल जाते है। और प्रत्येक परिवार से लगभग सभी बच्चें शिक्षा के प्रति जुड़ रहे है।

6. सांस्कृतिक उत्थान में वागड़ी साहित्य और मीड़िया की भूमिका :-

सांस्कृतिक उत्थान में साहित्य और मीड़िया के द्वारा सभ्य समाज से होड करवाने के साथ साथ इन सभी सांस्कृतिक गतिविधियों को मीड़िया के उपकरणों के माध्यम से दुर्गम व पहाड़ी इलाको में निवासरत लोग आज के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर भाग लेते है- जैसे -

1. फैशन के दौर से होड़।
2. सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ।
3. नाटकीय वागड़ी भजन।
4. नाटकीय गीत।
5. नृत्यीय लोकगीत।
6. आदिवासी पोशाक धारण करना (विशेषकर विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त के दिन)।
7. विभिन्न प्रकार की कलाकृतियाँ बनाना आदि।
8. कुशल कारीगिरी।

7. निष्कर्ष :-

वागड़ के जनजातीय समाज के उत्थान जनजागरण में यहां के संतो (संत श्री गोविंद गुरु, संत मावजी, संत मामा बालेश्वर दयाल) के वागडी भजन साहित्य गीत, लोकगीत, लोककथा, लोकोक्तियाँ, वार्ता साहित्य और मीडिया (सोशल मीडिया व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया) के स्तंभों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जबसे सोशल मीडिया प्रचलन में आया है तब से लोगों की जनजागरूकता में बढ़ोतरी देखने को मिली है। समाज शहरों से दूर दुर्गम वह पहाड़ी इलाकों में रहने के बावजूद निरंतर मीडिया के माध्यम से अपने कर्तव्य व अधिकारों के प्रति जागरूक रहते हुए विभिन्न प्रकार की समस्याओं (सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, ऐतिहासिक, आर्थिक) का समाधान भी सब मिलजुलकर एकता व अखंडता की भावना रखते हुए आपसी सहयोग से करते हैं। यह लोग आए दिन अपने अधिकारों की प्राप्ति हेतु शांतिपूर्वक धरनो के माध्यम से अपने हक के लिए लड़ते रहते हैं। जिस कारण जनजाति क्षेत्रों में क्षेत्रीय दल भी पनप रहे हैं। जैसे - भारतीय ट्राईबल पार्टी (B.T.P.) इसी प्रकार ये दल आगे आकर आदिवासियों के हक़ की आवाज बुलंद करते है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :

1. वागड़ के जनजातीय समाज के जीवन दर्शन, नियम, सिद्धान्तों एवं सामाजिक सरोकार, वागड़ क्षेत्र की प्राचीन मौखिक और वाचिक भजन साहित्य एवं गीत परम्पराओं के माध्यम व स्वयं उनके द्वारा एवं उनके भक्तों के द्वारा गाए गये भजन साहित्य एवं गीतों के माध्यम से जनजातीय समाज पर साहित्य व मीड़िया के प्रभाव को धरातलीय रूप से देखते, परखते व समझते हुए मेने इस शोध पत्र को अंतिम रूप दिया है।
2. गुरु गोविन्द दास, 'गुरु गोविन्द दास नु जीवन चरित्र,' काजी सदरूद्दीन निजामुद्दीन एण्ड ब्रदर्स गोधरा गुजरात – 1986
3. मणीलाल गरासिया ; 'राजस्थान के स्वतंत्रता संग्राम में वागड़ के भीलो योगदान'' (पाण्डुलिपि) वागड़ विकास एवं अनुसंधान, परतापुर (बांसवाड़ा)

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन
साहित्य, समाज और वैश्विक मीडिया
10 & 11 सितंबर, 2021.
संयुक्त तत्वावधान में आयोजित : मीडिया अध्ययन विभाग, सीएमएस जैन (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) बैंगलोर, भारत
'वैज्ञानिक अनुसंधान संघ' एवं 'अंतर्राष्ट्रीय स्तर वैज्ञानिक अनुसंधान संगठन'

भविष्य-कूर्मपुराण के सन्दर्भ में सांस्कृतिक मूल्य एवं नैतिक मूल्य

[1] सोनम शर्मा , [2] प्रदीप शर्मा डोबरियाल
[1, 2] शोध छात्र (शिक्षाशास्त्र) केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय लखनऊ परिसर, लखनऊ (उ.प्र)
Email - [1] Sonamsharma15492@gmail.com, [2] Pradeepsharma_777@yahoo.com

सारांश : साहित्य समाज का दर्पण होता है साथ ही साहित्य समाज की मान्यताओं व मूल्यों का परिपोषक व संरक्षक भी होता है। पुराणों में कथा आख्यानों के माध्यम से कर्तव्याकर्तव्य का बोध करवाया गया है। आज के भौतिकतावादी युग मे सांस्कृतिक तथा नैतिक मूल्यो का ह्रास हो रहा है। पुराणाधारित इन मूल्यों के सेवन से मानवीय जगत एक बेहतरीन भविष्य में प्रवेश कर सकता है।

मुख्यबिंदु : प्रस्तावना, पुराण परिचय, मूल्य, सांस्कृतिक मूल्य, नैतिकमूल्य, उपसंहार ।

संस्कृति ही व्यक्ति विशेष को पहचान दिलाती है। मानव को मानव बनाने का श्रेय उन सांस्कृतिक मूल्यों को जाता है, जिनके माध्यम से वह अपना जीवन व्यतीत करता है। ये मूल्य ही उसे उच्च से उच्चतर विकास की ओर ले जाते हैं। बचपन में दादा दादी नाना नानी द्वारा जो कहानियाँ सुनाई जाती थी वे भी कहीं ना कहीं मूल्यों व नैतिकता का प्रथम पाठ होती थी। माहत्मा गाँधी ने बचपन में सत्य हरीश्चन्द्र नाटक देखा तो वे इतने प्रभावित हुए कि जीवन भर सत्य व अहिंसा का साथ न छोड़ा । इन्हीं मूल्यों के प्रभाव से वे महात्मा कहलाए। **ऐराशोव एवं सिंह (2006)** कहते हैं कि परिवार, संबन्धी तथा पुरानी पीढियाँ किसी संस्कृति के लिए सांस्कृतिक मूल्यों की पृष्ठभूमि तैयार करते हैं।[1] भारतीय पौराणिक साहित्य में सांस्कृतिक मूल्यों का अतीव महत्त्व है।

भारतीय साहित्य वाङ्मय की अमूल्यनिधि पुराण हैं। पुराणों को भारतीय संस्कृति का जीवन आधार कहा जाता है, जिस पर आधुनिक भारतीय समाज की अनेक परम्पराएँ प्रतिष्ठित है। भारतीय संस्कृति के स्वरूप की जानकारी के लिए पुराण के अध्ययन की महती आवश्यकता है। पुराण भारतीय संस्कृति का मेरुदण्ड है, वह आधारपीठ है जिस पर आधुनिक भारतीय समाज अपने नियमन को प्रतिष्ठित करता है।सामान्य भारतीय के हृदयततल में ज्ञान, भक्ति, श्रद्धा, वैराग्य, सदाचरण तथा धर्मपरायणता के उत्तम तत्त्वों का संस्कार पुराणों ने ही प्रतिष्ठित किया है। वैदिक ग्रन्थों की कठिन भाषा को जनसाधारण तक पहुँचाने का श्रेय पुराण वाङ्मय को ही प्राप्त है। यथा **त्रिर्देवः पृथिवीमेष एतां विचक्रमे।**[2] वेदार्थ का उपबृंहण करने से पुराण वेद का पूरक माना जाता है।[3] पुराण शब्द की व्युत्पत्ति पाणिनि, यास्क तथा स्वयं पुराणों ने भी दी है। निरुक्ताकार यास्क के अनुसार पुराण **'पुरा नवं भवति'** अर्थात् जो प्राचीन होकर भी नया होता है। सायण ने संसार की उत्पत्ति और विकास क्रम के बोधक ग्रन्थों को **पुराण** कहा है।[4] भारतीय परम्परा के अनुसार पुराणों की संख्या 18 है। पुराणों की संख्या के विषय में सभी विद्वान प्रायः एकमत है। पुराणों की संख्या के विषय में महर्षि वेदव्यास का प्रख्यात श्लोक है - **अष्टादश पुराणेषु व्यासस्य वचनं द्वयम्। परोपकारः पुण्याय पापाय परपीडनम्॥**

मनुष्य आचार-विचार संस्कृति का ही एक पक्ष होता है। इसलिए मूल्यों के निर्धारण में भी हमारा चिंतन और व्यवहार योगदान करता हैं। संस्कृति मूल्य निर्धारण में सहायता करती हैं तथा उसका विस्तार करके उसे संरक्षण प्रदान करती है तथा मानवीय विकास और उसके कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। पुराण भारतीय संस्कृति का महत्त्वपूर्ण अङ्ग है। इनमें व्याप्त कथाओं के माध्य से आगामी पीढियों में भारतीय सांस्कृतिक मूल्य संञ्चार करते हैं।

---

[1] https://egyankosh.ac.in/bitstream/123456789/74540/1/Unit-7

[2] ऋग्वेद, 7/100/3

[3] इतिहासपुराणाभ्यां वेदं समुपबृंहयेत्॥बिभेत्यल्पश्रुताद्वेदो मामयं प्रहरिष्यति। महाभारत, आदिपर्व, 1/267-268

[4] गोयल डॉ प्रीतिप्रभा,संस्कृत साहित्य का इतिहास (वैदिक खण्ड), राजस्थानी ग्रन्थागार, जोधपुर, 1999, पृष्ठसंख्या 116

मूल्य एक अमूर्त सम्प्रत्यय है। मानव संसार व अपने जीवन को जिस अर्थ में समझने का प्रयास करता है उसी को सामान्यरूप में मूल्यों के रूप में जाना जाता है। मूल्य शब्द का प्रयोग प्रायः जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में किसी न किसी अर्थ में होता रहा है। अर्थ परिवर्तन के कारण मूल्य शब्द के अर्थ में पर्याप्त विस्तार हुआ है। आज या मूल्य शब्द का प्रयोग सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, अध्यात्मिक, व्यक्तिवादी, आदर्शवादी, भोगवादी आदि सभी क्षेत्रों में स्वीकृत व्यवहार के लिए होने लगा है।

मूल्य शब्द अंग्रेजी वैल्यू (VALUE) का समानार्थी है, जो लैटिन भाषा के वेलियर (VALERE) से बना है, जिसका तात्पर्य है योग्यता या महत्त्व। मूल्य शब्द का सामान्य अर्थ है - किसी भी वस्तु के गुणों को मापने की कसौटी। **व्ही. आई. लेनिन** के अनुसार- प्राथमिक रूप में एक वस्तु मानव की आवश्यकता को संतुष्ट करती है, गौण रूप में एक वस्तु को दूसरी वस्तु के लिए बदला जा सकता है। एक वस्तु की उपयोगिता ही उपयोगी मूल्य का निर्माण करती है।

परिभाषा:

स्टेनली के अनुसार- मूल्यों का निर्माण मनुष्य की रूचि द्वारा होता है अतः मूल्यों के अन्तर्गत मनुष्य द्वारा इच्छित वस्तु मूल्याङ्कन भी आता है।

जैक आर. फ्रैकल के अनुसार-मूल्य आचार, सौन्दर्य, कुशलता या महत्ता के वे मानदण्ड हैं जिनका लोग समर्थन करते हैं, जिनके साथ वे जीते हैं तथा जिन्हें वे कायम रखते हैं।[5]

सांस्कृतिकमूल्य -The core principles and ideals upon which an entire community exists. This made up of several parts customs, which are traditions and rituals values, which are beliefs and culture. यही मूल्य का सञ्चरण संस्कृति के माध्यम से होता है तो वे मूल्य सांस्कृतिक मूल्य कहलाते है जैसे भाषा, मान्यताएँ, विश्वास, सत्य, अहिंसा, दया, दान, धर्म, शान्ति, चरित्रादि। भारतीयसंस्कृति विश्व की प्राचीनतम सस्कृतियों में से एक है।

सांस्कृतिक मूल्य मानव के अन्तर्जगत से सम्बन्धित होते हैं तथा उसके बाह्य जगत को प्रभावित करते हैं। मानव को कर्त्तव्य व अकर्त्तव्य का निर्णय लेने में सहायक होते हैं।

अब्रहाम(2006) के अनुसार सांस्कृतिक मूल्य समाज में रहने वालों के बीच इस आधार पर एक समझौता होता है कि सभ्य समाज में क्या ठीक है क्या ठीक नहीं है। वे समाज के ऐसे मानक बनाते है जो इस बात की व्याख्या करते है कि कौन सी धारणाएँ समाजिक जीवन को सुन्दर बनाती हैं।[6]

अहिंसा - भारतीय सांस्कृतिक परम्परा में सम्पूर्ण विश्व को अपना परिवार माना गया है। समस्त मानव जाति के मन से बैर भाव का अन्त करना है माहाभारत में **"अहिंसा परमो धर्मः"**[7]अहिंसा ही श्रेष्ठ धर्म है। इस मानवीय मूल्य के संवर्धनार्ध पुराणों मे आख्यानो के माध्यम से मानवजाति को प्रेरित करते हैं। कूर्मपुराण मे अहिंसा सत्यादि के लिए कहा है कि -

अहिंसा सत्यमस्तेयं ब्रह्मचर्यं तपः परम्।
क्षमा दया च सन्तोषो व्रतान्यस्य विशेषतः॥[8]

अर्थात् अहिंसा, सत्य, अस्तेय (चोरी करना), ब्रह्मचर्य, श्रेष्ठतप, क्षमा, दया और संतोष - ये ब्रह्मचारी यति के विशेष व्रत हैं। और भी -

ततो ध्यायीत तं देवमेकान्ते परमेश्वरम्।
एकान्ते वर्ज्जयेन्नित्यं काम क्रोधं परिग्रहम्॥[9]

अर्थात् - तदनन्तर एकान्त में परमेश्वर का ध्यान करना चाहिए तथा काम, क्रोध और दान का पूर्णरूप से त्याग करना चाहिए।

अहिंसयैव भूतानां कार्यं श्रेयोऽनुशासनम् ।
वाक्चैव मधुरा श्लक्ष्णा प्रयोज्या धर्ममीप्सता॥[10]

---

[5] पाण्डेय डॉ. रामशकल पाण्डेय, मिश्र डॉ. करुणाशंकर मिश्र, मूल्यशिक्षा, विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा, 2005, पृष्ठसंख्या 2
[6] अब्राह्म, एम.एफ. (2006), कंटेम्पररी सोशियोलॉजीः, ऐन इंट्रोडकशन तो कॉन्सेप्टस एंड थ्योरी, दिल्लीः ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस
[7] महाभारते इति (१३-११६-२५)
[8] कूर्मपुराणम्, 2/28/27
[9] कूर्मपुराणम्, 2/3/30
[10] भविष्य पुराण ब्रह्म पर्व 4/124

अहिंसकस्य दान्तस्य धर्माजितधनस्य च।
नित्यं च नियमस्थस्य सदासानुग्रहाग्रहाः॥[11]

भविष्यपुराण के अनुसार मनुष्य को अहिंसक शुद्धाचरण एवं धर्मिक उपायों द्वारा धन कमाना चाहिए। कूर्मपुराण में भी अहिंसा को परम धर्म माना है -

अहिंसा परो धर्मो नास्त्यहिंसापरं सुखम्।
विधिना या भवेद्धिंसा त्वहिंसैवं प्रकीर्त्तिता॥[12]

अर्थात् - अहिंसा से परम धर्म अन्य कोई नहीं है और अहिंसा से बढ़कर कोई सुख नहीं है। देवविहित हिंसा को अहिंसा ही कहा गया है।

सत्य - भरतीय संस्कृति में सत्यता का सर्वाधिक महत्त्व है भारत का ध्येय वाक्य भी **सत्यमेव जयते।** सत्य ही वह कारण है जिसके द्वारा इस संसार में मानवता बची हुई है। सत्य सदैव अपरिवर्तनशील होता है। सत्य भी सांस्कृतिक मूल्य है इस के विषय मे कहते हैं। अनेक कथाओं उप कथाओं के माध्यम से मानव समाज में मूल्य का संचार करता है। कूर्म पुराण के अनुसार-

चतुष्पादो हि धर्मश्च तस्य सत्यं प्रसाधनम् ।।
सत्येन धार्यते लोकः सत्ये ब्रह्म प्रतिष्ठितम् ।। १८ ।।[13]

सत्य के लिए कूर्म पुराण में कहा गया है कि सत्य ही सर्वोच्च है और सत्य से ही लोकों पर विजय प्राप्त होती है।

सत्येन लोकाञ्जयति सत्यं तत्परमं पदम्।
यथाभूतप्रवादं तु सत्यमाहुर्मनीषिणः॥[14]
सत्यं संतोष आस्तिक्यं श्रद्धा चेन्द्रियनिग्रहः।
देवताभ्यर्चनं पूजा ब्राह्मणानां विशेषतः॥[15]

भविष्यपुराण के मध्यपर्व में वर्णन है कि सत्य, संतोष, आस्तिक श्रद्धा, इन्द्रिय संयम, पवित्र आचरण ये सभी मानवों के लिए कहा है तथा आज के आधुनिक युग में इन्हीं गुणों का अभाव दिखाई देता है।

सत्यहीनस्य तत्साधोर्धनं यत्तद्गृहे स्थितम्।
हृतवानवनीपालः चौरैर्भार्यातिदुःखिता।।[16]

विश्वविख्यात सत्यनरायण कथा भी सत्याचरण का ही शिक्षा देती है। सत्य की आज अत्यन्त आवश्यक है।

दान- दान के विषय में तथा उनके द्वारा प्राप्त फलों के विषय में वेद, उपनिषद्, पुराणों में भलीप्रकार से वर्णित है। कूर्मपुराण में दान तथा प्राप्त पुण्यों के विषय में उद्धृत है -जलदान करनेवाला तृप्ति प्राप्त करता है, अन्नदान करनेवाला अक्षय सुख प्राप्त करता है, तिलदान करने वाला इच्छित संतान प्राप्त करता है और दीपदान करने वाला उत्तम ज्योति प्राप्त करता है। इसी प्रकार गौ, वस्त्र, फल इत्यादि दान करने तथा उनसे प्राप्त पुण्यों को वर्णित किया गया है। भविष्यपुराणानुसार जहाँ सत्य का वास होता है वहीं धर्म का वास होता है तथा जहाँ धर्म वहाँ लक्ष्मी चिरकाल तक वास करती है अतः सत्यव्रत का ही पालन करना चाहिए।[17] दान को परम धर्म में मानते हुए कूर्मपुराण में उल्लिखित है कि -

दानधर्मात्परो धर्मो भूतानान्नेह विद्यते।
अपरिग्रहतस्माद्विप्राय दातव्यं श्रोत्रियाय द्विजातिभिः॥

इस लोक में प्राणियों के लिए दान धर्म से उत्तम दूसरा कोई धर्म नहीं है, इसीलिए द्विजातियों को वेदज्ञ ब्राह्मणों को दान देना चाहिए। दान भारतीय संस्कृति का अभिन्नाङ्ग है। मनुष्य को अपने अभ्युदय के लिए दान अवश्य करना चाहिए।

तपः परं कृतयुगे त्रेतायां ज्ञानमुच्यते । द्वापरे यज्ञमित्याहुर्दानमेकं कलौ युगे । । ११९

भविष्यपुराण के अनुसार कलियुग में केवल दान के द्वारा मुक्ति प्राप्त कर सकते हैं।[18]

श्रोत्रियाय कुलीनाय विनीतार्य तपस्विने।
व्रतस्थाय दरिद्राय यद्देयं भक्तिपूर्वकम्।।[19]

---

[11] ब्र प. 56/31
[12] कूर्मपुराणम्, 2/11/15
[13] भविष्यपुराण प्रतिसर्ग पर्व 24/18
[14] कूर्मपुराणम्, 2/15/34
[15] भविष्यपुराण प्रतिसर्ग पर्व, 29/6
[16] भविष्यपुराण प्रतिसर्ग पर्व, 3/6
[17] यत्र सत्यं ततो धर्मस्तत्र लक्ष्मीः स्थिरा भवेत् ।। भविष्यपुराण प्रतिसर्ग पर्व, 3/5
[18] भविष्यपुराण 1.2.119
[19] कूर्मपूराण 2.26.11

दान के पात्र के विषय में कूर्मपुराण का कथन है कि कुलिन, विनीत, तपस्वी सदाचरी एवं दरिद्र ब्राह्मण के निमित्त दान करना चाहिए।

अपरिग्रह- न परिग्रहः अपरिग्रहः, विषयाणामर्जनरक्षणयसङ्ग-सिंहसादोष-दर्शनाद-स्वीकरणमपरिग्रहः।[20] भविष्यपुराण के अनुसार ब्राह्मण के दान लेने में भी अपरिग्रह करना चाहिए आवश्यकता से अधिक वस्तुओं का संग्रह नहीं करना चाहिए।

धैर्य - भारतीय सांस्कृतिक मूल्यो में धैर्य की भी गणना होती है। **मनसः स्थिरता धैर्यमित्युच्यते।** धैर्य मानवीय गुणों का आधार है भर्तृहरि कृत नीतिशतक मे भी कहा है **"धैर्यं खड्गं करे यस्य, दुर्जनः किं करिष्यति।"** तात्पर्य यदि व्यक्ति धैर्य को स्व व्यवहार में सम्मलित करता है तो दुष्ट लोग या प्रतिकूल परिस्थित भी उसका कुछ नही बिगाड़ सकती। भविष्यपुराण में वर्णित विक्रमबेताल कथा इसी बात की शिक्षा देती है। राजा विक्रम की भाँति धैर्य पूर्वक किसी भी कार्य को किया जा सकता है।[21]

शान्ति - शान्तिर्नाम बाधाविघ्नाभावः। शान्ति के बिना जीवन का आधार नहीं है हजारों सालों से भारत विश्व का गुरु और शांतिदूत रहा था लेकिन मानव की स्वार्थसिद्धी के कारण भारत में शांति का पतन होता आया है। श्रीमद्भगवद्गीता के अनुसार -

विहाय कामान् यः सर्वान् पुमांश्चरति निस्पृहः।
निर्ममो निरहंकारः स शान्तिमधिगच्छति॥[22]

जो पुरुष सभी कामों को परित्यज्य निर्मम निरहङ्कार निस्पृह हो कर विचरण करता है वही शान्ति को प्राप्त करता है। तात्पर्य यही है कि मोह अंहकारादि दोषों का त्याग कर जीवन व्यतीत करने वाला ही वास्तविक शान्ति को प्राप्त करता है। कूर्मपुराण में शान्ति को प्रतिष्ठा कहा है। **'शान्तिर्विद्या प्रतिष्ठा'[23]** और भी

शान्त्यतीतापरा शान्तिर्विद्या चैव यथाक्रमम्।[24]

शान्ति से अतीत प्रवृत्ति, और परा शान्ति यथाक्रम से है। शान्ति विद्या मानव मूल्यों में महत्त्वपूर्ण मूल्य है।

क्षमा, मानवीय अष्टात्मगुणों में से एक है। क्षमा के विषय में भविष्य पुराण में कहा है –

वाचा मनसि काये च दुखेनोत्पादितेन च।
न कुप्यति न चाप्रीतिः सा क्षमा परिकीर्तिताः॥[25]

मन व शरीर में कष्ट उत्पन्न करने वाली वाणी से न क्रोध किया जाता है तथा न दुख अनुभव करता है उसे क्षमा कहते हैं। क्षमा को कूर्मपुराण में ब्राह्मण का लक्षण बताया गया है।[26] और कहा है कि

विधूय मोहकलिलं लब्ध्वा योगमनुत्तमम्।
गृहस्थो मुच्यते बन्धात् नात्र कार्या विचारणा॥
विगर्हातिक्रमाक्षेपहिंसाबन्धवधात्मनाम्।
अन्यमन्युसमुत्थानां दोषाणां मर्षणं क्षमा॥[27]

अर्थात् विशेषरूप से श्रेष्ठ द्विजको इस सम्बन्ध में प्रमाद नहीं करना चाहिए। मोहरूपी कल्मषको धोकर और श्रेष्ठ योग को प्राप्तकर गृहस्थ बन्धन से मुक्त हो जाता है। इसमें संशय नहीं करना चाहिए। दूसरे के क्रोध से उत्पन्न अपनी निन्दा, अनादर, दोषारोपण, हिंसा, बन्धन और ताड़नस्वरूप दोषों को सहना ही क्षमा है।

अस्तेय- न स्तेयमिति अस्तेयम् अस्तेय का शाब्दिक अर्थ है - चोरी न करना। योग के सन्दर्भ में अस्तेय, पाँच यमों में से एक है। भविष्यपुराण मे वर्णित भद्रब्राह्मणाख्यान में दान उपवास, अल्पाहार, अस्तेय की शिक्षा देती है।[28] कूर्मपुराण के अनुसार बहुत आवश्यक होने पर भी चोरी नही करनी चाहिए क्योकि -

---

[20] पातञ्जलयोगदर्शनम् साधनपाद सूत्रम् -30 वृत्तिः
[21] भविष्यपुराण ब्रह्मपर्व 1.23
[22] श्रीमद्भगवद्गीता2/71
[23] कूर्मपुराणम्, 1/12/12
[24] कूर्मपुराणम्, 1/32/7
[25] भविष्यपुराण ब्राह्मपर्व 2/159
[26] कूर्मपुराणम्, 2/15/27
[27] कूर्मपुराणम्, 2/15/29-30
[28] भविष्यपुराण, ब्राह्मपर्व. 6/118

गतेनापि न कार्यन्ते न कार्यं स्तेयमन्यतः।
स्तेयादभ्यधिकः कश्चिन्नास्त्यधर्म इति स्मृतिः॥
हिंसा चैषा परा दिष्टा या चात्मज्ञाननाशिका।
यदेतद्रविणं नाम प्राणा ह्येते बहिश्चराः॥[29]

अर्थात् अत्यन्त आपात्काल होने पर भी किसी दूसरे की वस्तुओं को नही चुराना चाहिए। शास्त्रों में चोरी से बढ़कर अधर्म कोई नही है। चोरी उत्कट हिंसा है जो आत्मज्ञान का नाश कर देती है। जो वस्तु धन के नाम से जानी जाती है वह केवल मनुष्यों का बाह्य प्राण मात्र है।

अक्रोध- भरतीयसंस्कृति मे मानव के षड् रिपुओं मे से क्रोध एक है। इन्हीं दुर्गुणो से मुक्त्यर्थ पुराण प्रेरित करते है। आख्यानों के माध्यम से कर्त्तव्याकर्त्तव्य निर्णय में सहायक होते हैं। भविष्यपुराण के अनुसार कृष्णाष्टमीव्रत[30] अनन्तरतृतीयाव्रतवर्णन[31] में अक्रोध की शिक्षा दी है।

दया केवल सांस्कृतिक मूल्य ही नही है अपितु वैश्विक मूल्य है भारतीयसासंकृतिक मूल्य केवल भारतीय भूभाग तक ही सीमित नही है। भविष्यपुराण के अनुसार-

अपरे बन्धुवर्गे वा मित्रे द्वेष्टरि वा सदा
आत्मवद्वर्तनं यत्स्यात्सा दया परिकीर्तिताः॥[32]

अर्थात् मानव जिस गुण से शत्रु मित्र व आत्मीयजनो को आत्मीयता से देखता है उसी को दया कहा गया है।
कूर्मपुराण में दया को **दया ब्राह्मणलक्षणम्** कहा गया है। और भी -

स्वदुःखेष्विव कारुण्यं परदःखेषु सौहृदात्।
दयेति मुनयः प्राहुः साक्षाद्धर्मस्य साधनम्॥[33]

अर्थात् स्वयं को जो दुःख होता है, वैसा ही दूसरों के दुःख में सौहार्दवश करुणा प्रकट करना ही दया है, ऐसा मुनियों ने कहा है यही दया साक्षात् धर्म का साधन है।

करूणा - मैत्रीय भावना से ओत प्रोत भारतीय संस्कृति पुराणाख्यानों के माध्यम से सदैव समाज मे करूणा का प्रचार प्रसार करती हैं। करुणा किसी अन्य की पीड़ा को अनुभव कर उसकी सहायता की इच्छा उत्पन्न होने की भावना है। करूणा स्नेहपूर्वक किया गया उपकार है। भविष्यपुराण के अनुसार -

अल्यमपि कारुण्यद्दत्तं भवति चाक्षयम्
तस्मात् सर्वेषु भूतेषु देव कारुण्यच्यते।।[34] पुराणानुसार मानव का धर्म है की वह अन्यों के प्रति कारूण्य भाव रखना चाहिए।

नैतिक मूल्य - सांस्कृतिक मूल्यो के अङ्गभूत नैतिक मूल्य भी हैं नैतिक चेतना मानव की सहज प्रकृति है। सभ्यता के विकास के साथ इसका भी विकास व विस्तार हुआ है। इन्हीं मूल्यों से व्यक्ति कर्त्तव्य - अकर्त्तव्य का निर्णय लेता है।

अभिवादन- अभिवादन के लिए कूर्मपुराण में द्वितीय भाग के बारहवें अध्याय में विस्तृत रूप से बताया गया है कि किसे किस प्रकार से अभिवादन करना चाहिए। यथा -

देवताभ्यर्चनं कुर्यात् पुष्पैः पत्रेण वाम्बुभिः।
अभिवादनशीलः स्यान्नित्यं वृद्धेषु धर्मतः॥
असाहवहं भो नामेति सम्यक् प्रणतिपूर्वकम्।
आयुरारोग्यसान्निद्यं द्रव्यादिपरिवर्जितम्॥[35]

---

[29] कूर्मपुराणम्, 2/29/30-31
[30] भविष्यपुराण ब्राह्मपर्व अ.29
[31] भविष्यपुराण ब्राह्मपर्व अ.29
[32] भविष्यपुराण ब्राह्मपर्व अ.2.158
[33] कूर्मपुराणम्, 2/16/31
[34] भविष्यपुराण ब्र प 171/36
[35] कूर्मपुराणम्, 2/12/18-

अर्थात् पत्र, पुष्प अथवा जलसे देवताओं का पूजन करना चाहिए। धर्म के अनुसार नित्य गुरुजनों को प्रणाम करना चाहिए। द्रव्यादि को छोड़कर केवल आयु और आरोग्य की कामना के साथ भलीभाँति प्रणाम करते हुए कहें - मैं अमुक नाम वाला ब्राह्मण आपको प्रणाम करता हूँ।
भविष्यपुराण में भी कहा है कि-

अभिवादन शीलस्य नित्यं वृद्धपसेविनः॥
चत्वारः तस्य वर्धन्ते आयुविद्यायशोबलम्।।[36]

जो मनुष्य सदा नम्र सुशील विद्वान् और वृद्धों की सेवा करता है उसका आयु, विद्या, कीर्तिः और बल ये चार सदैव बढ़ते है।

ऊर्ध्वं प्राणाल ह्यत्क्रामन्ति यूनः स्थविर आगते।
प्रत्युत्थनाभिवादाभ्यां पुनस्तान्प्रतिपद्यते।। [37]

श्रेष्ठ जनों, वृद्धजनों एवं गुरुजनों के सामने आने पर युवकों के प्राण ऊपर भी ओर खींच उठते है अभिवादन करने से उन्हे पुनः प्राप्त किया जा सकता है अतः प्रयत्नपूर्वक अभीवादनशील होना चाहिए।

अतिथि सम्मान- अतिथि अर्थात जिसके आगमन की कोई निश्चित तिथि न हो। भारतीयसंस्कृति में अतिथि सत्कार का अतीव महत्त्व है। यथा **अतिथि देवो भवः।**[38] तथा जिन्हें हम स्वयं निमत्रण दे के बुलाए उन्हें **अभ्यागतः** कहते है।

शरणागतस्य कर्त्तव्यमातिथ्यमिह यत्नतः।
पञ्चयज्ञप्रवृत्तेन गृहस्थेन विशेषतः।।[39]

मानव का कर्त्तव्य है कि अपनी शरण में, घर में आए व्यक्ति का यत्नपूर्वक आतिथ्य करना चाहिए। विशोषतया गृहस्थों को क्यों कि यह पाँचयज्ञो में से एक है। भविष्यपुराण के अनुसार -

यः प्राप्तायार्थिने दानं त्यक्त्वा पात्रमुदीक्षते।
सर्वकर्मसु युक्तत्वान्न दाता पारमार्थिकः
यद्यर्थिनो नरा न स्युर्दानधर्मः कथं भवेत्
तदर्थिषु भवेद्दानं स्वागतं स्वागतं प्रियम्[40]

यदि किसी दाता के निवास पर याचक आए तो उसे विचार मे हि व्यर्थ समय नहीं गवाना चाहिए। पूर्ण सम्मान के साथ उसका आतिथ्य करना चाहिए।

आचरण-

आचारः परमो धर्मः श्रुत्युक्तश्च नरोत्तमः।
तस्मादस्मिन् समायुक्तो नित्यं स्यादात्मवान् द्विजाः[41]

भविष्यपुराण के अनुसार आचार सभी धर्मों में प्रथम माना जाता है सूचियों में किस का उपदेश किया गया है यही कारण है कि इसमें सर्वदा निष्ठा रखने वाला द्विज आत्मवान होता है। शिष्टाचार की महत्ता को बताते हुए कूर्मपुराण में इस प्रकार उद्धृत् है -

पितामहेन विप्राणामादावभिहितः शुभः।
धर्मो विमुक्तये साक्षाच्छ्रौतः स्मार्तो द्विधा पुनः॥
श्रेयस्करतमः श्रौतस्तस्माच्छ्रौतं समाचरेत्॥
उभावभिहितौ धर्मौ वेदादेव विनिःसृतौ।
शिष्टाचारस्तृतीयः स्याच्छ्रुतिस्मृत्योरलाभतः॥[42]

अर्थात् ब्राह्मणों की मुक्ति के लिए साक्षात् पितामह ने आरम्भ में ही शुभ धर्म बतलाया है, वह श्रौत तथा स्मार्त नामसे दो प्रकार का है। श्रौतधर्म अधिक श्रेयस्कर होता है, अतः श्रौतधर्म का पालन करना चाहिए। ये दोनों ही धर्म वेद से निकले हुए हैं। श्रुति तथा स्मृति के अभाव में शिष्टाचार ही तीसरा धर्म होता है।

आचारहीनं न पुनंति वेदा यद्यप्यधीताः सह षड्भिरङ्गैः।

---

[36] भविष्यपुराण ब्रह्मपर्व. 4/50
[37] भविष्य पुराण ब्रह्म पर्व 4/49
[38] तैत्तिरीयोपनिषद शिक्षावल्ली
[39] संस्कृतप्रभा पृष्ठ18
[40] भविष्य पुराण ब्राह्मपर्व अध्यायः 189, 14/15
[41] भविष्य पुराण ब्रह्म पर्व १/८१
[42] कूर्मपुराण, 2/24/16-18

छंदांस्येनं मृत्युकाले त्यजंति नीडं शकुन्ता इव जातपक्षाः॥[43]
आचारहीनान्न पुनंति वेदा यद्यप्यधीताः सह षड्भिरङ्गैः।
शिल्पं हि वेदाध्ययनं द्विजानां वृत्तं स्मृतं ब्राह्मणलक्षणं तु॥[44]

मधुरवाणी - भारतीय संस्कृति मे वाणी का अतीव महत्त्व है पौराणिक काल से अद्यपर्यन्त वाणी कैसी हो उसके निर्देश शास्त्रों में व्याप्त है यथा **प्रिय वाक्य प्रदानेन सर्वे तुष्यन्ति मानवाः।** मधुरवाणी से सभी मानव प्रसन्न होते हैं अतः वाणी मे मधुरता होनी चाहिए भविष्यपुराण भी इसका समर्थन करते हुए कहता है कि -

न तथा शशी न सलिलं न चंदनरसो न शीतल छाया।
प्रह्लादयति च पुरुषं यथा मधुरभाषिणी वाणी।।[45]

मधुरवाणी चन्द्रमा की चाँदनी से भी शीतल है, पानी, चन्दनलेप से भी अधिक आनन्दप्रदायक होती है।

नारुन्तुदः स्यादार्तोऽपि न परद्रोहकर्मधीः ।
ययास्यो द्विजते लोको न तां वाचमुदीरयेत्॥[46]

गुरु शुश्रुशा

अणु मात्रात्मकं देहं षोडशार्धमिति स्मृतम्।
आददीत यतो ज्ञानं तं पूर्वम् अभिवादयेत।।[47]

भविष्य पुराण के अनुसार सदैव गुरु का अभिवादन करना चाहिए कहा है कि अणु मात्रात्मक देह (सूक्ष्म शरीर) को आठ तत्वों से निर्मित कहा है, जिस से ज्ञान प्राप्त किया जाए उसका पहले (उठकर) अभिवादन करें।

शय्यासनेध्याचरिते श्रेयसा न समाविशेत् ।
शय्यासनस्थश्चैवेनं प्रत्युत्थायाभिवादयेत् । ।[48]

शय्य एवं आसन पर गुरू के सामने ही बैठ कर अध्ययनादि कार्यकरने वाला कल्याण का भाजन नहीं होता शय्या पर स्थित हो तो गुरू के आने पर उठकर अभिवादन करना चाहिए।

चोदितोऽचोदितो १ वापि गुरुणा नित्यमेव हि ।
कुर्यादध्ययने योगमाचार्यस्य हितेषु च॥[49]

भविष्यपुराणानुसार गुरु शिष्य को प्रेरित करे या न करें परन्तु गुरु का हित चाहने वाले शिष्य को सर्वदा स्वाध्यय मे चित लगाना चाहिए। कूर्मपुराण के अनुसार ब्रह्मचारी के लिए गुरु के समीप अध्ययन के नियम इस प्रकार बताएं हैं-

आचम्य संयतो नित्यमधीयीत उदङ्मुखः।
उपसंगृह्य तत्पादौ वीक्षमाणो गुरोर्मुखम्।
अधीष्य भो इति ब्रूयाद् विरामोऽस्त्विति चारमेत्॥[50]

चरित्र – चरित्र मानवीय अमूल्य सम्पदा है यदि यह भ्रष्ट हो गया तो सब नष्ट हो जाता है। व्यक्ति की सफलता असफलता काफी हद तक व्यक्ति के चरित्र पर निर्भर करती है। इसमें कई गुणो मूल्यों का समावेश होता है। भविष्यपुराण में कहा है कि इस देश में उत्पन्न लोग अपने अपने चरित्र से अन्य मानवों को शिक्षित करते है तथा सत् आचर के लिए प्रेरित करते हैं।

एतद्देशप्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः।
स्वं स्वं चरित्रं शिक्षन्ति पृथिव्यां सर्वमानवाः।[51]

उपसंहार:

संस्कृति का स्वरूप किसी भी समाज की दीर्घकाल तक अपनाई गई परम्परा व पद्धतियों का परिणाम होती है। समाज की राष्ट्र की समस्त उपलब्धियाँ इन्ही सांस्कृतिक तत्त्वों पर आधारित होती हैं इन्ही से मानव अपने जीवन का

---

[43] भविष्यपुराण 4/205/17
[44] भविष्यपुराण ब्र.प. 41/8
[45] भविष्यपुरण ब्रह्म पर्व 4/128
[46] भविष्यपुरण ब्रह्म पर्व 4/126
[47] भविष्य पुराण ब्रह्म पर्व 4/43
[48] भविष्य पुराण ब्रह्म पर्व 4/48
[49] भविष्य पुराण ब्रह्म पर्व 4/162
[50] कूर्मपुराणम्, 2/14/41
[51] भ.पु.ब.प 7/64

उद्देश्य व लक्ष्य सुनिश्चित करता है। इसी प्रकार नैतिकता या नैतिक मूल्य एक प्रकार की आचाक संहिता होते हैं जो व्यक्ति को कर्तव्याकर्त्तव्य के निर्णय में सहायक होते हैं। इन सभी मूल्यो व धारणाओं का सर्वोत्तम स्रोत भरतीय पौराणिक साहित्य है। पुराण मे वर्णित कथाएं उनकी शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंङ्गिक है जितनी उस काल में रही होगीं। इन कथोपकथा के माध्यम से मानव के अन्तः करण मे सत्य व सदाचारण को जानने को सूझ उत्पन्न की जाती है आज के इस यान्त्रिक युग मे मानवता का ह्रास ही अवलोकित हो रहा है आए दिन बस अशुभ समाचार ही प्राप्त हो रहे हैं। आज के मानव को साक्षर कहना उचित है पर शिक्षित कह पाना जरा कठिन है। उचित ही कहा है नीति शास्त्र में -

येषां न विद्या न तपो न दानं ज्ञानं न शीलं न गुणो न धर्मः ।
ते मृत्यु लोके भुवि भारभूता मनुष्य रूपेण मृगाश्चरन्ति॥

जिस मनुष्य के पास न विद्या है, न तप है न दान देने की प्रवृत्ति है। उसके पास न ज्ञान है न उत्तम आचरण है, न तो कोई गुण है और न धर्म के प्रति आस्था है, वे लोग इस मृत्यु लोक में पृथ्वी पर भार बनकर मनुष्य के रूप मे पशु होकर विचरण करते है। मनुष्य तभी मनुष्य कहलाता है जब उसके अंदर नैतिक और सांस्कृतिक मूल्य समाहित हो।

संदर्भग्रथ सूची :

1. भविष्यपुराण 2005 हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग
2. कूर्मपुराण 2008 गीता प्रेस गोरखपुर
3. मूल्यशिक्षा 2010 इलहाबाद प्रकाशन
4. शान्ति एवं मूल्य शिक्षा, नालन्दा मुक्त विश्वविद्यालय
5. मूल्यविमर्श 2009 मालवीय मूल्य अनुशीलन केन्द्र काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
6. https://www.drishtiias.com/hindi/to-the-points/paper4/human-values
7. https://hi.thpanorama.com/articles/cultura-general/los-13-tipos-de-valores-principales-y-su-significado.html
8. https://hi.thpanorama.com/articles/cultura-general/valores-espirituales-definicin-y-ejemplos.html

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन
साहित्य, समाज और वैश्विक मीडिया
10 & 11 सितंबर, 2021.
संयुक्त तत्वावधान में आयोजित : मीडिया अध्ययन विभाग, सीएमएस जैन (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) बैंगलोर, भारत
'वैज्ञानिक अनुसंधान संघ' एवं 'अंतर्राष्ट्रीय स्तर वैज्ञानिक अनुसंधान संगठन'

वैश्विक प्रसार माध्यमांचा साहित्यावर आणि समाजावर होणारा परिणाम:

डॉ. श्री चंद्रशेखर आत्माराम भगत
प्रभारी प्राचार्य, विद्याप्रसारिणी सभेचे कला, विज्ञान व वाणिज्य महाविद्यालय
लोणावळा, तालुका मावळ, जिल्हा पुणे, पिन 410 201 (महाराष्ट्र राज्य)
ई मेल : bhagatsir.kp@gmail.com

प्रस्तावना: वैश्विक प्रसार माध्यमांचा साहित्यावर आणि समाजावर होणारा परिणाम यामध्ये अभ्यासला आहे. भारतीय शिक्षण शास्त्राच्या पध्दती नुसार श्रुति, स्मृति आणि कृति प्रत्येक नागरीकात असेल तर उपनिषदांमध्ये अश्वपती राजाने उल्लेख केल्या प्रमाणे माझ्या राज्यात कोणी चोर नाही, की कंजुष नाही की दारूडया नाही, कोणी अविद्वान नाही नि कोणी निष्क्रीय नाही, दुराचारी कोणीच नाही. हे घडण्यासाठी साहित्याचा समाजाशी असणारा संबंध सार्थ असावा लागेल. म्हणूनच आजच्या वैश्विक माध्यमांचा उदय, विकास. त्यासाठी वापरली जाणारी साधने, उदाहरणार्थ संगणक, मोबाईल, इंटरनेट आदी यांचा परिचय यात केला आहे. वैश्विक मिडीया आणि त्याचे साहित्याशी असणारे नाते स्पष्ट केले आहे. मिडीया म्हणजे काय, मिडीयाचे प्रकार, मिडीया ही संकल्पना, मिडीयाचा वापर, उपयुक्तता आणि सामाजिकता याचा सविस्तर आढावा यामध्ये घेतला आहे. वैश्विक माध्यमांमुळे समाज जीवनात आलेले परिवर्तन, समाजात आलेले अनेक शब्द, चाली रितीं यावर मिडीयाचे पडलेले प्रभाव आणि भाषिक बदल यांचा थोडक्यात उहापोह या शोधनिबंधात केलेला आहे.

बीजशब्द: मराठी साहित्य, गुगल प्रसार माध्यमे (सोशल मिडीया), वैश्विक माध्यमे, ई अध्ययन (ई लर्नींग), दुरशिक्षण प्रणाली, इंटरनेट, माध्यमांची सामाजिकता, वॉटसॲप, फेसबुक इत्यादी.

वैश्विक माध्यमांचा उदय:

आधुनिक युग हे संगणक युग आहे. माहिती, तंत्रज्ञानाचे युग आहे. या युगात तंत्रज्ञानाची प्रगती ही झपाटयाने होत आहे. या प्रगती मध्ये व्यक्ती ही केंद्र स्थानी असली तरी व्यक्तीगत जाणिवा या लोप पावत आहेत. मानवी मूल्य बिंदुवत होत आहेत. विश्वाच्या अवाढव्य पसा-यात माणूस हा एक नैसर्गिक, जैविक प्रमुख घटक म्हणून त्याला स्थान आहे. माणसाचे जीवन हे आधुनिक साधनांच्या पसा-यात परावलंबी झाले आहे. माणसाने निसर्गावर मात करण्यासाठी अनेक प्रयत्न करून नवनवीन शोध लावले. निसर्ग, यन्त्र, वातावरण, समाज, रूढी, संस्कृती यांचा प्रभाव परस्परांवर मोठया प्रमाणात होत आहे.

मागील काही दशकांपासून मानवी जीवना मध्ये प्रसार माध्यमांचा प्रभाव अतिरिक्त प्रमाणात वाढला आहे. किंबहुना प्रसार माध्यमां व्यतिरिक्त मानवी जीवन हे रिक्त मानले जाते. त्यामुळे आजचा माणूस हा प्रसार माध्यमांचा मिंधा झाला आहे. त्याला आपले स्वतःचे विचार, कृती, अभिव्यक्ती व्यक्त करणे षक्य होत नाही. यामुळेच मानवी बुध्दी कुंठीत झाली आहे. या सर्वातून सामाजिक जीवन अस्ताव्यस्त होत असून समाजव्यवस्थे वरही त्याचा मोठा प्रभाव पडला आहे. प्रसार माध्यमांनी विश्वातील मानवाला बांधुन ठेवले असून जणू काही प्रसार माध्यमे म्हणजेच जीवन दिशा दर्शविणारे मार्ग आहेत असे म्हणावे लागते.

या प्रसार माध्यमांची सुरूवात इंटरनेट पासून झाली. सन 1973 मध्ये सर्व प्रथम इंटरनेटची कल्पना अमेरिकेत उदयाला आली. अमेरिकेतील संरक्षण खात्यात संगणक तज्ञ म्हणून कार्यरत असणा-या क्टिंसर्फ यांनी इंटरनेटचा शोध लावला. इंटरनेटच्या शोधामुळे गुगलच्या माध्यमातुन हजारो किलोमीटर अंतरा वर असणा-या व्यक्ती, समाज आणि संस्था परस्परां मध्ये बांधल्या गेल्या. भारतात दिनांक 15 ऑगस्ट, 1995 पासून विदेश संचार निगम लिमिटेड या कंपनी द्वारे इंटरनेट सेवा सुरू झाली. इंटरनेट म्हणजे संगणकाचे महाजाल. इंटरनेटमुळे विश्वातील दोन पेक्षा जास्त संगणक जोडले जातात. यालाच वॅन वाईड एरिया नेटवर्क असे संबोधले जाते. वॅन चे भौगोलिक क्षेत्र हे संपूर्ण विश्व असते. त्यामुळे जगातील कोणतेही ज्ञान, माहिती, संदेश काही क्षणात जगाच्या कानाकोप-यात पोहोचू शकतो. आज मितीला जगातील 212 देशातील ऐशी टक्के लोक नेटवर्क प्रणालीषी संलग्न आहेत. इंटरनेटचा वापर हा विविध माध्यमातुन केला जात असल्यामुळे त्यासर्व माध्यमांना सोशल मिडीया असा सामुहिक शब्द वापरला जातो.

वैश्विक प्रसार माध्यमे (सोशल मिडीया):

सोशल मिडीया हा शब्द विविध भाषां मध्ये सहज रूळला असला तरीही मुळ इंग्रजी भाषेत सोशल आणि मिडीया असे दोन स्वतंत्र शब्द आहेत. सोशल अर्थात सामाजिक, समाजातील, सामुहिक या अर्थाने वापरला असून मिडीया हा शब्द माध्यम. विषेशतः संप्रेशण माध्यम म्हणून याचा उल्लेख केला जातो. मिडीया ही संकल्पना थोडक्यात अशी आहे.

Media are the communication oldest or tools used to store and deliver information or data.

याचाच अर्थ मिडीया हे प्रमुख संप्रेशण माध्यम आहे. संप्रेशण या शब्दाचा मराठीतील सरळ अर्थ माहिती देणे व घेणे होय. पुर्वीच्या काळी माहितीची अदान प्रदानता ही केवळ मौखिक किंवा लिखित अशाच स्वरूपात होत होती. उदाहरणार्थ वेद, ऋचा, ओव्या, अभंग यांचे पाठांतर करणे आणि त्यांचे लेखन करून ग्रंथ रूपात संचित करणे. काळानुरूप या मध्ये बदल होउन पुढे कथा, कादंबरी, काव्य, ललित साहित्य हे लिखित साहित्य उदयाला आले. तर ओवी, अभंग, किर्तने, भारूड, लावणी हे सांस्कृतिक मौखिक साहित्य तयार होत गेले. या दोन्हीही साहित्यामुळे समाजामध्ये सांस्कृतिक परिणाम घडत गेले व समाजाची उन्नती होत गेली. गेल्या काही दशकांमध्ये सांस्कृतिक व सामाजिक स्थित्यांतर घडविणा-या माध्यमां मध्ये आकाशवाणी, दुरदर्शन, चित्रपट, ध्वनीफिती त्यांच्या द्वारे त्याच कला लोकांपर्यत पोहोचू लागल्या. आज याच प्रसार माध्यमांचा वेग आणि प्रसार इतका वाढला आहे की, प्रसार माध्यमांच्या साधनां मुळे आख्खे जगच आज माणसाच्या एका मुठीत सामावले आहे. या सर्व साधनांना एकत्रितपणे सोशल मिडीया हे साध्य म्हणून तर मोबाईल, फोन, लॅपटॉप, कॉम्प्युटर, आय पॉड ही साधने म्हणून मानवी जीवन साहित्य आणि समाज यावर कबजा मिळवू पाहात आहे.

वैश्विक प्रसार माध्यमांचा स्थुलपणे अभ्यास करायचा झाल्यास त्याचे तीन प्रमुख प्रकार आहेत. 1. प्रिंट मिडीया (छापील प्रसार माध्यम), 2. ब्रॉडकास्ट मिडीया (प्रसिध्द होणारी माध्यमे), 3. इंटरनेट मिडीया (गुगल, यु टयुब इत्यादी) प्रिंट मिडीया मध्ये विविध विषया वरील पुस्तके, मासिके, वृत्तपत्रे यांचे छापील स्वरूपात प्रसिध्दी होत असते. यातुन दररोज घडणा-या घटना वैचारिक लेखन किंवा शालेय लेखन व्यक्त होत असते. परंतु या माध्यमांना एक दिवस किंवा विशिष्ट तास यांची मर्यादा असल्यामुळे त्याचा उपयोग इतक्या मोठया प्रमाणा वर होत नाही. वृत्तपत्रांचे आयुष्यमान जास्तीत जास्त एक दिवस किंवा एक आठवडा असते. तर मासिकाचे आयुश्य एक महिना ते दोन महिने असते. या शिवाय काही छापील ग्रंथ सर्व काळ सर्वत्र उपलब्ध होउ शकत नाहीत. म्हणून प्रिंट मिडीयाचा प्रभाव तितका मोठा पडत नाही. मात्र खुप काळा पर्यत टिकाउ असल्यामुळे प्रिंट मिडीया हे माध्यम उपयुक्त मानले जाते. ब्रॉडकास्ट मिडीया हे आधुनिक युगातील प्रभावी तंत्र मानले जाते. या तंत्रामुळे आकाशवाणी, टेलिव्हीजन, चित्रपट, विविध गाणी, व्हिडीओ गेम, सेल फोन, वेगवेगळया विषया वरील सॉफटवेअर आदी माध्यमांचा वापर यामध्ये होत असल्यामुळे यातुन प्रसिध्द होणारे किंवा व्यक्त

होणारे विचार एकाच वेळेला हजारो - लाखो लोकांवर होत असतात. त्यांचा प्रभावही दृष्य स्वरूपात असल्यामुळे मोठया प्रमाणात होत असतो. आकाशवाणी वरील कार्यक्रम किंवा दुरदर्शन वरील मालिका यातुन घराघरातील समाज मन बदललेले आहे. ही असणारी ब्रॉडकास्ट मिडीयाची जमेची बाजू आहे. या नंतर इंटरनेट मिडीया याचे प्रमुख माध्यम म्हणजे संगणक असल्यामुळे याचा प्रसार प्रचार मात्र खुप मोठया प्रमाणा वर झालेला आहे. इंटरनेटच्या वापरामुळे जगा मध्ये वॉटसॲप, फेसबुक, टेलिग्राम, टिवटर, इंस्टाग्राम या सोशल मिडीयाच्या हजारो माध्यमांनी व्यक्ती आणि समाज बांधले गेले आहेत. म्हणूनच इंटरनेट हे आधुनिक मिडीयातील वैश्विक प्रसाराचे प्रमुख माध्यम मानले जाते. या माध्यमा द्वारे गुगल, यु टयुब, टंबलर, विविध वेबसाईट, सर्व विषया वरील ज्ञानांचे वेगवेगळे स्त्रोत, सर्व स्तरातील माणसांकरिता मुक्तपणे वापरायला आणि पहायला मिळतात. त्यामुळे सोशल मिडीया लहानांपासून थोरांपर्यत जिव्हाळयाचा बनला आहे. याचा उपयुक्त क्षेत्रा मध्ये वापर केल्या नंतर साहित्य समाज आणि संस्कृती निश्चितच घडण्यास हातभार लागेल.

माध्यमे आणि साहित्य:

वैश्विक माध्यमे म्हणून इंटरनेटचा अग्रक्रमांक येत असला तरी वॉटसॲप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिवटर याही माध्यमांतुन जगातील माहिती ही परस्परां मध्ये संक्रमीत केली जाते. या माहितीचे आधारे विश्वातील अनेक घडामोठी विविध वयातील जाती धर्मातील लोक एकाच वेळेस करीत असतात. इंटरनेट मध्ये लहान मुलां पासून मोठया माणसां पर्यत कार्यक्रम किंवा चर्चा आयोजित करता येतात. याशिवाय कार्यालयीन कामकाज, शिक्षण, मनोरंजन, पर्यटन, खेळ हे व्यवसाय या सर्वासाठीच हे उपयुक्त साधन असल्यामुळे याची व्याप्ती खुप मोठी आहे. या साधनांमुळे साहित्याला मात्र मोठा लाभ झाला आहे. आज पर्यत विशिष्ट वर्गासाठी मार्यादित असणारे अनेक विषय, ग्रंथ, साधनसामुग्री, वेद, उपनिषद, शास्त्रीय ग्रंथ, आयुर्वेद, आरोग्य शास्त्र, कल्पशास्त्र असे दुर्मिळ किंवा दुर्लभ ग्रंथ सर्व वयोगटातील सर्व जाती धर्मातील लोकांना हवे त्या वेळेस इंटरनेट द्वारे प्राप्त झालेले आहेत. रामायण, महाभारत, भगवद्रगीता या सारख्या ग्रन्थांच्या विविध संषोधनपर उप ग्रंथांचाही स्त्रोत यामध्ये निर्माण झालेला आहे. त्यामुळे साहित्य हे केवळ विशिष्ट जात, धर्म देशा पुरते मर्यादित न राहाता वैश्विक स्तरावर गेलेले आहे. अनेक भाषा व धर्मातील विचार ग्रंथ सर्वा करिता मुक्त झालेले आहेत. ही प्रमुख देणगी वैश्विक माध्यमांनी साहित्याला मिळवून दिलेली आहे.

सोशल मिडीया हे आजच्या युगातील प्रमुख माध्यम झाले आहे. यामुळे एक नवा विचार मंच सर्वाकरिता खुला झाला आहे. फेसबुक, वॉटसॲप, इंस्टाग्राम या माध्यमांतुन जगातील कोणत्याही कोप-यातुन कोणतीही व्यक्ती आपले विचार, भाव व्यक्त करू शकते. चार ओळींची चारोळी किंवा दिर्घ काव्य सहजपणे लाखो लोकां पर्यत पोहोचत असते. याच माध्यमातुन नविन विषयाची माहिती, नवे दृश्टीकोन सामाजिक स्तरावर पोहोचले जातात. एखादा प्रसंग, घटना यांचे चित्रण सहजपणे एका व्यक्ती कडून दुस-या व्यक्ती पर्यत पोहोचविता येतो. याच अर्थाने साहित्य म्हणजे त्या काळातील जीवनानुभवाचे एक महत्वाचे अंग आहे असे जे म्हटले जाते त्याचा अनुभव यातुन आपल्याला मिळतो. साहित्य शास्त्राच्या दृश्टीकोनातुन साहित्य निर्मिती साठी भाषा आणि कौषल्ये ही वैषिश्ठये साहित्यकाच्या अंगी असावी लागतात. साहित्यकाला आपल्या भोवतालचे जग जाणुन घेण्याची एक कल्पकता असावी लागते. या कल्पकतेतुन तो समाजाचे वर्णनात्मक रूप लोकांसमोर मांडत असतो. तो मांडत असताना समाजामध्ये प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्षपणे नविन मूल्ये रूजत असतात आणि म्हणूनच साहित्य हा समाजाचा आरसा म्हटला जातो. तर साहित्यिक हा समाजातील सुसंस्कृत व्यक्ती म्हणून परिचित असतो. सोशल मिडीयाच्या माध्यमातुन आज अनेक कवी, लेखक, विचारवंत हजारो लोकांच्या परिचयाचे झालेले आहेत. त्यातुन अनेकांनी प्रेरणा घेउन नव विचार श्रेणी रूजली आहे. त्यामुळे ख-या अर्थाने शिक्षणाचा विकास या माध्यमातुन होत आहे. या माध्यमांमुळे लोकांचे लक्ष हे जीवन साक्षर करून सार्थक करण्याकडे वळलेले दिसते. त्यामुळेच अनेक ग्रंथ, विचार, विविध भाषांतुन मांडत असल्याचे आपल्याला पहायला मिळते. व्याकरणातील विविध संकल्पना वेगवेगळया भाषेतील नवनवीन लकबी, त्यातील सार्थ शब्द अगदी सहजतेने अन्य भाषेत वापरलेले आपल्याला पहायला मिळतात. परभाषेतील अनेक शब्द वाक्य रचना किंवा म्हणींचा वापर सर्रासपणे पहायला मिळतो. ही विचार प्रक्रिया एखाद्या सिमित प्रदेश, प्रांत, भाषे पुरती मर्यादित न राहाता विविध भाषांमध्ये ते घडताना दिसते. त्यामुळे इंग्रजी, हिंदी, कानडी भाषेतील

शब्द मराठी मधील अनेक मालिकां मध्ये वापरलेले आढळतात. दूरचित्रवाणी, आकाशवाणी यातील कार्यक्रमां मध्ये देखील मराठी भाषेतील विविध प्रांतातील लोकांचे बोली भाषेतील शब्द प्रचलित स्वरूपात प्रसार माध्यमांमुळे एकत्रित आलेले आहेत. यामुळे भाषेतील शब्दकोश, व्याकरण षुध्दता, वाक्य रचना याकडे जास्त लक्ष दिले न जाता भाषा म्हणजे विचार प्रवाहाचे किंवा भावना प्रगटीकरणाचे प्रमुख माध्यम आहे. याचा प्रत्यय येतो. वॉटसॲप, इंस्टाग्राम ग्रुप वर अज्ञानी, अशिक्षितां पासून जाणकार तज्ञ व्यक्तीं पर्यतचे समूह तयार झाले असून त्यांच्यात सुसंवाद चालु आहेत. म्हणूनच दामोदर खडसे यांनी आपल्या साहित्य, समाज और मिडीया या राष्ट्ीय चर्चा सत्रात असे म्हटले होते की, "साहित्य आणि समाज यातील केवळ नकारात्मक रूप न पाहाता चांगले आणि उपयुक्त सकारात्मक ज्ञान घेणे गरजेचे आहे'. हेच विचार प्रसार माध्यमे आणि मराठी भाषा या डॉ. भास्कर शेळके यांच्या ग्रंथातुनही व्यक्त होताना दिसता. सोशल मिडीयाचा वापर साहित्यासाठी जसा उपयुक्त आहे तसाच समाज, संस्कृतीसाठीही उपयुक्त आहे. म्हणून यातील साधने ही योग्य आणि सार्थपणे वापरली गेली पाहिजेत.

इंटरनेट या केवळ एका माध्यमाचा विचार केला तरी आज मितीला सुमारे दहा हजार च्या वरती मराठी वेबसाईटस आहेत. यातुन मराठी भाषेचे समग्र ज्ञान होउ शकते. यातील काही साईटस या केवळ मनोरंजन घडविणा-या आहेत. तर यात्रा इंडिया डॉट कॉम या सारख्या साईटस मधुन जगभरातील घटनांची वर्तमान पत्रांची ताजी माहिती आपल्याला मिळते. या शिवाय मायबोली डॉट कॉम, मराठी डॉट कॉम, वन टु थ्री इंडिया डॉट कॉम या वृत्त वाहिन्या देणा-या साईटस आहेत. ग. दि. माडगुळकर, पु. ल. देशपांडे, अनेक संत यांचे विचार देणा-या इंडियन इंडेक्स डॉट कॉम तसेच लॅग्वेज डॉट बिग टु मी यातुन आपल्याला गझल, मराठी भाषेतील सण, रूढी, परंपरा आणि उत्सव पहायला मिळतात. एनेव्हा डॉट कॉम यातुन ऑक्सफर्डचे इंग्रजी मराठी डिक्शनरीचा मराठी इंग्रजी अवतार पहायला मिळतो. या शिवाय शिक्षणा बददलच्या संदर्भ ग्रंथ देणा-या लहान मुलां करिता इंडियन चाईल्ड डॉट कॉम, वेस्ट इंडियन साईटस डॉट कॉम अशा असंख्य साईटस मधुन मराठी साहित्य समाज आणि रूढी यांचे ज्ञान आपल्याला पहायला मिळते.

सोशल मिडीया या माध्यमामुळे अनेक कवी, कलावंत यांचे प्रत्यक्ष कार्यक्रम (लाईव्ह) सादर करणे व पाहाणे सोईचे व सहज उपलब्ध होतात. या परिणामामुळे सामाजिक बांधिलकीचा भाव मोठया प्रमाणात रूजत असून विविध समूहातील लोक एकाचवेळी त्याचा अनुभव घेउ शकतात. जगातील कोणत्याही कोप-यातुन कोणत्याही परिस्थिती मध्ये साहित्य, संगीत, कलेचा आनंद व्यक्ती घेउ शकते. ही एक प्रकारची सार्वजनिक अभिव्यक्ती सोशल मिडीयामुळे सर्वा करिता खुली झाली आहे. या शिवाय शास्त्रीय ज्ञानाच्या विविध ऑडीओ, व्हिडीओ दुर्गम भागातील दृश्यीकरण सर्वा पर्यत पोहोचते आणि अनुक व्यापक, गंभीर विषय सहजपणे सर्वाना अनुभवता येतात. आज पर्यत भाषा, शब्द, सौंदर्य, त्यातील विचार, ज्ञान आणि समृध्दता मोजक्याच लोकांच्या हातात असल्याचा जो आरोप होत होता त्यातुन साहित्याची मुक्तता झाली आहे. सर्व जाती धर्मातील लोक सोशल मिडीयाच्या माध्यमातुन आपले शब्द, विचार सर्वापर्यत व्यक्त करू शकतात. बौध्दिक क्षमता, शारीरीक क्षमता, आर्थिक क्षमता यातील कोणतीही मोजपटटी या माध्यमांमुळे कोणत्याही व्यक्तीला अडवु शकत नाही. म्हणूनच प्रसार माध्यमांनी साहित्याची भाषा म्हणून स्वतंत्रपणे मांडत असतांना केवळ वृत्तपत्र, आकाशवाणी किंवा बातम्यांपुरती मर्यादित न ठेवता सर्व माध्यमांकरिता खुली केलेली दिसते.

एकूणच आज जगभरात हजारोंनी प्रसार माध्यमे आणि उपकरणे लहान मुलांपासून थोरांपर्यत हातात लाभली असल्यामुळे चिमुकल्याच्या मनातील भाव आणि विचार थोरांपासून जगातील कोणापर्यतही पळात पोहोचवु शकतो. विचार शक्ती, कृती आणि अभिव्यक्ती ही व्यक्तीगत देणगी असल्यामुळे साहित्यातील सृजनशिलता ही त्या व्यक्ती मध्ेय असेलच असे सांगता येत नाही. परंतु केवळ विचारधारेच्या आधारावरती साहित्यिक म्हणून संबोधल्या जाणा-या कंपुतील लोकांना प्रसार माध्यमातुन नवे उदयोन्मुख ख-या विचारांचे स्वतंत्र प्रतिभा असणारे अनेक नव साहित्यिक कवी, कलावंत या जगाला दिलेले आहेत. केवळ टिवटरच्या माध्यमातुन आपल्या कवीता मांडुन जगासमोर खरे कवित्व सिध्द करणारे आज काही लेखक, कवी पहायला मिळतात. हेच प्रसार माध्यमांचे वैश्विक साहित्याशी असणारे खरे नाते होय.

माध्यमांची सामाजिकता:

साहित्य, समाज आणि संस्कृती यांचा परस्पर संबंध आहे. सामाजिक स्तरावर साहित्याची स्वतंत्रपणे व्याख्या करता येत नाही. साहित्य म्हणजे भाषेच्या साधनेद्वारे केलेली कलानिर्मिती होय. ही कला निर्मिती समाजाच्या उपयुक्तते करिता जेव्हा वापरली जाते त्या वेळेला साहित्याचा समाजाशी असणारा संबंध हा सांस्कृतिक अंगाने व्यक्त होत असतो. कारण साहित्य ही एक व्यक्तीगत निर्मिती असली तरी कोणतीही व्यक्ती ही समाजाचाच घटक असते. म्हणून त्या व्यक्तीचे अर्थात साहित्यिक लेखकाचे समाजाशी असणारे रूढी परंपरागत आचार, विचार, संकेतां सोबत शिष्टाचार आणि धर्म संकल्पना तो सामाजिक जीवनातुन शिकत असतो आणि तेच भाषिक गटांच्या माध्यमां द्वारे लोकां समोर मांडत असतो. म्हणून कला म्हणजे केवळ कल्पना विलास नसुन समाजाला संस्कार करणारी एक पध्दती आहे. समाजाला दिशा देणारी एक समकृती आहे. म्हणून साहित्य, समाज, संस्कृती एकाच परिघातले तिनही घटक आहेत. अनेक साहित्यिकांनी सामाजिक कार्यातुन राष्ट्रीय किंवा राजकीय कार्याला हातभार लावलेला दिसतो. संत साहित्याने गवळीणी, भारूडां द्वारे लोक जागृती घडविली. तर स्वातंत्रय पुर्व काळात अनेक लेखकांनी कविंनी स्वातंत्रय गिते आणि लेखन करून समाज परिवर्तन घडविले. पाश्चात्य साहित्यिकांचा विचार करायचा झाल्यास रूसो व व्होल्टेअर या ग्रंथकारांनी फ्रेंच राज्य क्रांती घडविली असे म्हटले जाते. कारण त्यांची विचार शैली, लेखन पध्दती इतकी परिणामकारक होती की लोक सहजपणे त्यांच्या अधिन होत असत. रूसोच्या मते सामाजिक परिवर्तना साठी शिक्षण हा प्रमुख आधार स्तंभ असून ते शिक्षण तीन पध्दतीतुन दिले गेले पाहिजे. ते विभाग म्हणजे निसर्ग शिक्षण, व्यक्ती शिक्षण आणि व्यवहार शिक्षण. निसर्ग शिक्षणात आत्म विकास, वाचा ज्ञान, मेधाशक्ती, स्मृति यांचा विचार जर घडला तर मनोवृत्ती तयार होईल. व्यक्तीगत शिक्षणात आचार, विचार, मानसिक, बौध्दिक विकास, शारीरीक विकास याला महत्व दिले गेले पाहिजे. तर व्यावहारिक शिक्षण हे बाहय शिक्षण विश्वातील अनेक तत्ववेत्त्यांच्या कल्पना विचारांच्या आधाराने शिक्षण दिले पाहिजे. याच विचारां प्रमाणे साहित्य समाजातील परस्पर संबंध फ्रेंच तत्वज्ञ तेन यांनी अनुकृतीचा सिध्दांत मांडला. साहित्य समाज यांचे परस्पर संबंध वंश आणि युग प्रवृत्ती व सामाजिक परिस्थिती या घटकांवर अवलंबुन असते असे त्यांनी मांडले. याचाच अर्थ मानवी जीवन पध्दतीचा संस्कृतीशी असणारा संबंध हा अमूर्त आहे.

साहित्य, समाज, संस्कृती आधुनिक काळात सोशल मिडीया चा अंतर्भाव करणेत येतो. किंबहुना सोशल मिडीयामुळे साहित्याची विविधांगी रूपे आपल्याला पहायला मिळतात. ही साहित्य निर्मिती जरी सृजनशील नसली तरीही सामाजिक विचार, कृती आणि व्यवहार मात्र बहुतांषी याच माध्यमां द्वारे होताना दिसतात. कारण एकूणच माध्यमांचा व्यक्तीगत होणारा वापर सर्वात मोठया प्रमाणा वर पहायला मिळतो. माहे जानेवारी, 2021 मध्ये सर्वाधिक सोशल मिडीया चा वापरकर्त्यांची आकडेवारी पुढील प्रमाणे: फेसबुक (2.74 अब्ज), यु टयुब (2.29 अब्ज पेक्षा जास्त), वॉटसॲप (2.00 अब्ज), फेसबुक मेसेन्जर (1.3 अब्ज), इंस्टाग्राम (1.22 अब्ज), टिकटॉक (6890 लाख), क्युक्यु (6170 लाख), डुइंग (6000 लाख). या संख्येचा विचार करता यातील एक दशांश वापर कर्त्यांचा भाषिक विचार केल्यास सोशल मिडीयाचा एकूण असणारा आवाका सहजपणे लक्षात येतो. सोशल मिडीयाचा वापर सामाजिक स्तरावर सर्वच प्रकारातुन पहायला मिळतो. लहान मुलांची होणारी शाळा व्हिडीओ कॉन्फरंसींग अथवा ई लर्नींग अथवा व्हर्च्युयल पध्दतीने आज घेतली जाते. या पध्दतीमुळे विद्यार्थ्यांना स्लाईड शो, क्लीप आर्ट, ॲनिमेशन याद्वारे प्रत्यक्ष अनुभव घेता येतात. अनेक डिझाईन, ड्रॉइन्ग, विविध यंत्रे, सर्व कोनातुन प्रत्यक्ष पहायला मिळत असल्यामुळे ते शिक्षण प्रभावी ठरते. संगणकाचा शिक्षणातील वापर हा यातील अविभाज्य घटक असून अनेक शाळातील शिक्षण हे मोबाईल द्वारे आज उपलब्ध झालेले आहे. विद्यार्थ्यांना येणा-या अडीअडचणी ते ऑनलाईन प्रत्यक्षपणे मांडु शकतात. शिक्षणा प्रमाणेच संपर्क माध्यम म्हणून सोशल मिडीयाचा वापर सर्वत्र केला जातो. करमणुक, खरेदी विक्री, व्यापारा बाबत उत्पादनाची जाहिरात, त्यांची महत्वे, विविध फोटो, प्रसिध्द व्यक्ती यांच्या माध्यमातुन घरात बसुन षिकण्याची संधी सर्वाना उपलब्ध होते. कारखाने व कार्यालये यांच्यातील वाढता सोशल मिडीयाचा प्रभाव हा ई मेल, मेसेजेस, सॉफटवेअर प्रोग्राम्स, नोटस, वेब साईटस, वेब पेज यामुळे व्यावहारिक उपयुक्तता ही मोठया प्रमाणात दिसुन येते, या शिवाय इतर क्षेत्रातही या माध्यमांचा उपयोग केला जातो.

प्रसार माध्यमे ही वैश्विक स्तरावर उपलब्ध असल्याने त्याला साहित्याचे प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष अंग सहजपणे उपलब्ध होते. उदाहरणार्थ कोणत्याही उत्पादनाची जाहिरात कमीत कमी शब्दात जास्तीत जास्त लोकां पर्यत पोहोचेल या हेतुने तयार केली जाते. म्हणून त्या मध्ये वापरले जाणारे साहित्याचे अंग हे काव्यरूप असते. परंतु तीच जाहिरात जेव्हा ऑडीओ, व्हिडीओ स्वरूपातुन केली जाते त्या वेळेला प्रक्षेपणाच्या दृश्टीने प्रभावी संवाद हे भाषिक अंग वापरले जाते. याच प्रकारातुन अनेक उत्पादनांची माहिती पत्रके, प्रसिध्दी पत्रके, कार्यालयीन व्यवहारातील पत्रे, मसुदे, उतारे इत्यादी अनेक प्रकारातुन साहित्याचे व्यावहारिक अंग समाजात आपल्याला पहायला मिळते. आधुनिक मिडीया मुळे भाषिक भिंती आणि प्रांतिक सिमा रेशा नष्ट झालेल्या आहेत. एकच उत्पादन विविध राज्यां मध्ये विक्री करिता ठेवले जात असल्यामुळे देशातील वेगवेगळया भाषां मध्ये त्याचे प्रसारण केले जाते. फेसबुक, टिवटर, वॉटसॲप या सारख्या संघटनात्मक समूहा मध्ये देशातील किंवा जगातील वेगवेगळे सदस्य एकत्र येत असल्यामुळे देश, प्रांत, राज्य यातील विविध भाषांची अनेक रूपे सहजपणे वापरली जातात. हिंदी, मराठी, गुजराती, बंगाली, कन्नडी इत्यादी भाषांतील अनेक शब्द वॉटसॲपमुळे किंवा फेसबुकमुळे सर्रासपणे वापरलेले पहायला मिळतात. न्युज चॅनेल, बातमी पत्रे, प्रसिध्दी पत्रके यांच्यातही अनेक शब्द समान पध्दतीने सर्वच भाषांतुन सर्व भाषिक एकत्रपणे वापरत असतात. या शिवाय व्यापार आणि औद्योगिकरण यातील अनेक शब्द जागतिक स्तरा वर समान पध्दतीने वापरलेले दिसतात. उदाहरणार्थ कोरोना महामारीचा कोविड - 19 हा शब्द वैश्विक आणि स्थानिक स्तरावर लहान मोठया माणसापासून षिक्षित अशिक्षितांच्या तोंडी सहजपणे आलेला दिसतो. या अगोदरच्या कालखंडात अनेक महामारी येउन गेलया असल्या तरी मिडीयाचा सर्रास वापर नसल्यामुळे वाचक विचारवंत यांच्या तोंडी काही शब्द येत असतात. विविध भाषांतील प्रसिध्द शब्द, शिष्टाचार सर्व मान्य आचार, राज शिष्टाचार सर्वच प्रांतां मधुन समान पध्दतीने वापरले जाण्याचे प्रमुख कारण म्हणजे सोशल मिडीया होय.

थोडक्यात प्रसार माध्यमांचा वापर हा सामाजिक स्तरा वर मोठया प्रमाणात होत असला तरी ब-याचदा त्याचे दुष्परिणामही पहायला मिळतात. लहान मुलांना सहजपणे किंवा आवश्यक नसणारे आचार विचार यु टयुब व अन्य चॅनेल मधुन नकळतपणे त्यांच्या समोर येतात. तरूणांच्या व्यवसायातील असणारे न्युनगंडत्वाची भावना सोशल मिडीयाच्या प्रभावातुन वाढत चालली आहे. नैतिकता, मानवीयता, चारित्रय संपन्नता, राष्ट्रीय भावना, ज्ञानपिपासु व्यक्ती यांचाअभाव होत असून क्षणिक दुर्बुध्दी कडे वळणारा सामुहिक कल झटकन झालेला दिसतो. सोशल मिडीया हे जरी आव्हानात्मक असले तरी त्या बददलचा आपण दुराग्रह करून न घेता यथायोग्य पध्दतीने वापर केल्यास सामाजिक, सांस्कृतिक व राष्ट्रीय उन्नती सहजच घडुन येईल व हेच प्रसार माध्यमांचे वैश्विक श्रेय मानावे लागेल. जगभरातील अनेक बातम्या, घटना प्रत्येक व्यक्तीच्या डोळयासमोर दिसत असताना त्यांनी स्वत्वातले बदल घडुन आणुन सामाजिक, राष्ट्रीय प्रगती केली तरच ख-या अर्थाने त्याची उपयुक्तता व प्रयोजन जागतिक स्तरा वर स्तुतीप्रिय राहील. साहित्यातील अनेक नविन लेखक, कवी, कलावंत याच माध्यमांमुळे जगाला परिचित होत आहेत. जग माणसाच्या हातात अगदी जवळ आलेले आहे. त्याचा सर्वाथाने उपयोग करून घेणे हेच मानवी जीवनाचे खरे श्रेय ठरेल.

संदर्भ यादी:

1. डॉ. किषोर चव्हाण, इनसाईड पब्लिकेशन, नाशिक, माहिती संप्रेशण तंत्रज्ञान, 2 आवृत्ती, फेब्रुवारी, 2006, नाशिक.
2. बर्वे मिनाक्षी, नुतन प्रकाशन, पुणे, 1990, संगणक: शिक्षण व षिक्षक, प्रथम आवृत्ती.
3. वसंत पाटणकर, लोक वांड्रमय गृह, मुंबई. साहित्य, समाज आणि संस्कृती, प्रथम आवृत्ती, माहे जुलै, 1998.
4. विनोबा भावे, परंधाम प्रकाशन, पुणे, शिक्षण विचार. माहे जानेवारी, 1977.
5. डॉ. भास्कर शेळके व डॉ. मिलींद कसबे, स्नेहवर्धन प्रकाशन, प्रथम आवृत्ती.
6. रसिका आगाशे, दैनिक महाराष्ट्र टाईम्स, दिनांक 9 एप्रिल, 2017, मिडीया म्हणजे काय रे भाउ 1.
7. सोनाली जोशी, लेख, (संदर्भ: नेट) सोशल मिडीयाचा वापर, 2020.

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन
साहित्य, समाज और वैश्विक मीडिया
10 & 11 सितंबर, 2021.
संयुक्त तत्वावधान में आयोजित : मीडिया अध्ययन विभाग, सीएमएस जैन (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) बैंगलोर, भारत
'वैज्ञानिक अनुसंधान संघ' एवं 'अंतर्राष्ट्रीय स्तर वैज्ञानिक अनुसंधान संगठन'

पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानव दर्शन के मूल तत्व

प्रतिभा उपाध्याय, डॉ. रश्मि शर्मा
[1] शोधार्थी , एम.एससी.,एम.एड.,नेट (शिक्षाशास्त्र) जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर म.प्र.
[2] शोध मार्गदर्शक, एम.ए., एम.एड., पी.एचडी, (शिक्षा शास्त्र), सन्त योगी मानसिंह शिक्षा महाविद्यालय ग्वालियर, म.प्र.
Email - pratibhaupadhyay333@gmail.com

सारांश : प्रस्तुत शोधप्रबन्ध में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानव दर्शन का शिक्षा के दार्शिनिक आधार के अंतर्गत शैक्षणिक महत्त्व का वर्णन किया गया हैं उन्होंने अपने एकात्ममानव दर्शन के माध्यम से सम्पूर्ण विश्व को विश्व बंधुत्व की भावना, एवं अंत्योदय की भावना से प्रेरित किया। उन्होंने व्यष्टि एवं समाज में परस्परिक अनुकूलन स्थापित कर एकात्मराष्ट्र की स्थापना करके समस्त विश्व को विश्व बंधुत्व की डोर से बांधने का प्रयत्न किया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रकृतिवादी, आर्दशवादी समाजवादी, एवं उत्तम लोकशिक्षक थे। उनके एकात्म का ज्ञान मानव के स्व अर्न्तदर्शन करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एकात्ममानव दर्शन में किसी भी राष्ट्र के सम्मुख आनेवाली विभिन्न मूल समस्याओं का समाधान उपलब्ध है। आवश्यकता है तो केवल इसके परिप्रेक्ष्य में आत्म मंथन करने की पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म मानवदर्शन के माध्यम से व्यष्टि और समष्टि में एकात्म भाव जाग्रत कर परमेष्टि तक पहुँचने का मार्ग प्रशस्त किया है।

बीजशब्द: व्यष्टि, समष्टि, परमेष्टि, पूरकता, एकात्मता, समग्रता, चिति ।

प्रस्तावना :

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारतीय समाज ने पाश्चात्य देशों के समान 21वी सदी की ओर बढ़ने की जो अंधी दौड़ लगाई उसमें उसने अपने स्वाभिमान, मौलिकता, गौरव को ही खो दिया आधुनिकता की दौड़ में उड़ने वाली धूल ने भारत के उस ज्ञान के प्रकाश को ढ़क लिया जिस के आधार पर उसका नाम भारत पड़ा अर्थात् भारत का अर्थ ज्ञान में रत रहने वाला। प्राचीन काल में भारत के ज्ञान का प्रकाश संपूर्ण पृथ्वी को आलोकित करता था और विश्वगुरू कहलाता था। नालंदा तक्षशिला, विक्रम विश्वविद्यालय की गरिमा वर्णनातीत है। ऋषि मुनियों के ज्ञान की महिमा बखानना संभव ही नहीं है। आज हमें ऐसी शिक्षा की आवश्यकता है जो हमें पुनः स्वर्णिम युग में ले जाकर आत्मबोध सत्यं शिवम् सुन्दरम का ज्ञान करा सके ओर सभ्य समाज के रूप में विकसित करकें इसके लिये हमें एकात्म शिक्षा की आवश्यकता है जिसका उद्गम एकात्म मानववाद है और पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्मवाद के प्रणेता थे। उनका शिक्षा दर्शन न केवल भारतवासियों के लिये है वरन् उनका दर्शन विश्वव्यापी मानव के लिये है। वर्तमान समय में पृथ्वी के हर भाग में रहने वाले सभी मनुष्यों के मध्य वैमनुष्यता है दीनदयाल जी ने इसी संदर्भ में मानव विकास का एक मॉडल प्रस्तुत किया जिसे एकात्ममानव दर्शन अथवा एकीकृत मानवाद कहा। इसके अनुसार व्यक्ति , परिवार, समाज, राष्ट्र और ब्रहमाण्ड सभी एक रूप है। ये सभी आपस में अर्न्तसम्बधिन्त है अर्थात मानव स्वयं का विकास करता है, इसी तरह परिवार का विकास होने पर समुदाय या समाज का विकास होता है। समाज चूंकि राष्ट्र एक एक भाग है अतः सभी विकसित समाज मिलकर एक विकसित राष्ट्र निर्माण करते है और समस्त विकसित राष्ट्र मिलकर संपूर्ण समष्टि का निर्माण करते हैं अतः इस प्रकार हम कह कहते हैं कि मानव विकास में ही समष्टि का विकास है यदि हम राष्ट्र, समष्टि का विकास चाहते हैं तो उसके जमीनी प्रतिमान अर्थात मानव के विकास पर ध्यान देना आवश्यक है।

शोध उद्देश्यः

1. राष्ट्रिय एवं अन्तराष्ट्रिय परिवेश में एकात्ममानवदर्शन का महत्त्व।
2 आधुनिक परिप्रेक्ष्य में मानव कल्याण की भावना, एवं राष्ट्र धर्म की भावना की आवश्यकता एवं उपयोगिता।

3 पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्ममानवदर्शन की शिक्षा के दार्शिनिक आधार के मानववाद के अन्तर्गत विशिष्टता एवं महत्त्व

शोध प्रविधि:

प्रस्तुत शोधकार्य में निम्नलिखित अनुसंधान प्रविधि का प्रयोग किया गया है-

1. पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रमुख रचनाओं, भाषण मालाओं एवं राष्ट्रधर्म, पंचजन्य में छपे लेख का अन्वेषण
2. ग्रन्थालयों में उपलब्ध ग्रंथों, शोधग्रंथो, एवं पत्रिकाओं, सेमीनारो में प्रकाशित सामाग्री एवं भाषणों का अन्वेषण
3. वेबसाइट, ब्लाग, समाचार पत्रों इत्यादि में उपलब्ध संबधित सामाग्री का अन्वेषण।
4. पंडित दीनदयाल उपाध्याय के साहित्य के आधार पर अन्य व्यक्तियों द्वारा लिखित पुस्तकों, ग्रन्थों, खण्डों आदि का सूक्ष्मता से अध्ययन एवं वार्तालाप।

पं. दीनदयाल उपाध्याय के शिक्षा क्षेत्र के कहे अनमोल वचन-

शिक्षा एक निवेश है एक शिक्षित व्यक्ति वास्तव में समाज की सेवा करेगा। एक बच्चे को शिक्षित करना समाज के ही हित में है।''

समाज को हर व्यक्ति को भलीभांति शिक्षित करना होगा, तभी वह समाज के प्रति दायित्वों को पूरा करने में सक्षम होगा।

जीवन में विविधता और बहुलता है फिर भी हमने उनके पीछे एकता की खोज करने का प्रयास किया है।

राष्ट्रजीवन का सच्चा साक्षात्कार करने का सशक्त माध्यम शिक्षा है। जब तक शिक्षा द्वारा हमारे अंदर ज्ञान उत्पन्न नहीं होगा तब तक हम स्वयं का साक्षात्कार नहीं कर पायेगें राष्ट्र जीवन का साक्षात्कार करना स्वप्न मात्र है। ''चौतन्य'' के निर्माण में पंडित दीनदयाल जी ने निम्न तत्वों का बोध कराया -

1 व्यष्टि 2 समष्टि
3 परमेष्टि 4 पूरकता
5. समग्रता

मानव अर्थात् व्यष्टि चार तत्वों शरीर, मन, बुद्धि, आत्मा से मिलकर बना होता है। समष्टि- (समाज) देश (भूमिजन), संकल्प, धर्म (संविधान), जीवनादर्श (लक्ष्य) से मिलकर बना होता है। अन्योन क्रियाये- कर्म, योगक्षम, यज्ञ, शिक्षा ये क्रियाये है जिनके द्वारा व्यष्टि और समष्टि में संबध स्थापित होते है।

इस छः फलकों वाले वाले 'एकात्मघन' का प्रतिपादन एक परिपूर्ण मानव जो विराट पुरुष है के रुप में किया गया है।

व्यष्टि :

व्यष्टि एकांगी नहीं बहुरंगी है, क्योंकि व्यक्ति समाज और राज्य की संस्थाओं का अंग होता है। जैसे- कुटुम्ब का पुत्र, पिता, पति, भाई, के रुप में है जाति-व्यवस्था में संविधान में उल्लेखित जातियों में से किसी न किसी एक जाति का अंग है। और इसी प्रकार वह एक समाज का भी अंग है। इसके अलावा समाज से आगे यदि पूर्ण मानवता का विचार किया जाये तो उसका भी अंग है और इसके बाद चराचर जगत का विचार किया जाये तो उसका भी अंग है। अतः व्यक्ति व्यष्टि नाम की जो वस्तु है, वह एकांगी नहीं बहुरंगी है इन सभी संस्थाओं के अंग होने पर भी वह परस्पर सहयोग, समन्वय, पूरकता, आदि गुणों के सहयोग से एकात्मता के साथ सुखद जीवन जी सकता है।

'एकात्मघन' का आधरीय फलक व्यष्टि फलक है जिसका विस्तार क्षेत्र क,ख- शरीर, ख,ग- मन, ग,घ- बुद्धि, घ,क- आत्मा है।

व्यष्टि - शरीर$मन$बुद्धि$आत्मा

समष्टि:

एकात्म घन की व्यष्टि के सामने वाली फलक समष्टि कहलाती है। जिसका विस्तार छ$च, च$ज, झ-ज, ज-छ, तक क्रमशः देश। (भूमि$जन), संकल्प, धर्म, आर्दश के रुप में है। चूँकि मानव एक सामाजिक प्राणी है। इस सृष्टि में मानव कभी अकेला नही रह सकता मानव केवल में तक सीमित न रह कर हम के साथ घनिष्ठ रुप से जुड़ा है। जब भी समष्टि के बारे में विचार करते है तो यह प्रश्न अवश्य ही मस्तिष्क मे कौधांता है कि समाज उत्पन्न कैसे होता है? व्यष्टि और समष्टि के मध्य क्या संबध है? पाश्चात्य संस्कृति के अनुसार मानव इकत्रित होकर आपसी हितो व सम्बन्धों की रक्षा करने हेतु समाज का निर्माण करते है यह सोशल कांटेक्ट थ्योरी कहलाती है। समाज निर्माण के बारे में इस धारणा से विभिन्न परस्पर विरोधी विचार धाराओं को व्यक्त करने वाले अनेक प्रश्न उत्पन्न होते है।

प्रथम निष्कर्ष है कि मानवों ने एकत्रित होकर समाज का निर्माण किया अतः स्वाभाविक रुप से निर्माता होने के नाते व्यष्टि समष्टि से श्रेष्ठ ही समष्टि का अस्तित्व भी व्यष्टि की सुविधा और उसके सुखी जीवन के लिये ही होता है जबकि द्वितीय निष्कर्ष यह है कि व्यष्टि के लिये समाज का निर्माण करना अपरिहार्य हो गया है।

वर्तमान समय में दो विचार धारायें प्रभावी है पहली विचार धारा वाले व्यक्ति स्वतंत्रय के नाम पर समष्टि की उपेक्षा करते है तो वही दूसरी और इतर विचाराधारा वाले मानव समष्टि को सर्व सत्ताधीश बनाने की धुन में व्यष्टि के बहुंरगी व्यक्तित्व को नष्ट कर देते है। और वे केवल एक बड़ी मशीन के पुर्जे बनकर यंत्रवत् कार्य करते रहते है। पूंजीवादी समाजधारा पहली विचारा धारा की व्युप्ति है तो समाजवादी और कम्युनिष्ट समाज रचना समाज-सत्ता की निष्पत्ति है।

ये दोनों ही विचार एकांगी है इन विचारों के द्वारा समष्टि के अन्दर एकाधवर्ग, या गुट ही बलवान और समृद्ध हो सकते है जिससे समष्टि के अन्य क्षेत्रों में तनाव व संघर्ष प्रांरभ होकर विविध समस्याओं को जन्म देगा। कोर छ-च देश अथवा राष्ट्र समष्टि का एक जीवन्त अंग है जिसकी तुलना शरीर से की गई है। देश अथवा राष्ट्र केवल एक भूमि का टुकड़ा मात्रा नहीं ही और ना ही कुछ लोगों का समूह राष्ट्र है। किसी राष्ट्र की भूमि और उस भूमि पर परम्परा से पुत्र रुप रहता आया जन समूह उस राष्ट्र का शरीर है। इस जन समूह की जीवन इच्छा, या उसका सामूहिक जीवन का संकल्प उस राष्ट्र का मन है। इस समष्टि का और राष्ट्र का जीवन सुचारु रुप से चलता रहे इसके लिये कुछ नियम व व्यवस्थाये स्थापित की जाती है। इसे ही राष्ट्र का समष्टि-धर्म या संविधान कहते है किसी भी राष्ट्र का जीवन लक्ष्य की होता है। यह जीवन लक्ष्य ही राष्ट्र की आत्मा है इन चारो तत्वों से राष्ट्र का निर्माण होता है। जिस प्रकार शरीर, मन, बुद्धि आत्मा से मिलकर व्यष्टि का निर्माण होता है उसी प्रकार देश (भूमि और जन), सामूहिक संकल्प (मन) धर्म (संविधान), और जीवन लक्ष्य (आत्मा) मिलकर राष्ट्र का निर्माण होता है। मैकडूगल के समूह-मन के विषय में समाज को ''ऑर्गेनिज्म ऑफ आर्गेनिज्मस'' कहा।

जब कोई जन समूह दीर्घकाल तक एकत्र रहता है तब समान परम्परा, समान-हित संबध, समान जीवन-मूल्य, समान जीवन लक्ष्य में सभी मिलकर एक जन समूह का समष्टि के रुप में निर्माण करते है। तत्तपश्चात् उस समाज का मन निर्मित होता है। एकात्ममानव दर्शन के अनुसार यह स्पष्ट है कि व्यक्ति के समान समष्टि के भी शरीर, मन, बुद्धि व आत्मा होते है अतः व्यष्टि के समग्र और संतुलित विकास के लिये धर्म, अर्थ, काम, और मोक्ष चारों पुरुषार्थ का विचार किया गया है उसी प्रकार समष्टि के संदर्भ में भी पुरुषार्थ का विचार करना आवश्यक है।

समष्टि से परमेष्टि - (पर्यावरणीय शिक्षा)

एकात्ममानव दर्शन का संबध केवल चारो पुरुषार्थ से युक्त व्यष्टि और समष्टि तक की सीमित नहीं है, वह मानवेतर प्राणीसृष्टि, वनस्पति सृष्टि और संपूर्ण पर्यावरण का विचार करता है। हम जब भी मानव का सर्वांगीण विकास की कल्पना करते है। तो मानव के चारो और, के पर्यावरण के विकास पर भी ध्यान देना आवश्यक हो जाता है। क्योंकि इसके लिये अनुकूल पर्यावरण समृद्ध प्राकृतिक संपदा, अति आवश्यक है। जल, वायु, सूर्य, प्रकाश, वनस्पति एवं प्राणी, खनिज संपदा आदि हमारे सर्वांगीण विकास के लिये आवश्यक है। उदाहरणार्थ प्राणीयों और वनस्पति के मध्य कार्बन डाई आक्साइड और ऑक्सीजन का आदान-प्रदान इस संदर्भ को प्रमाणित करने के लिये पर्याप्त है।

मानव पर्यावरण का संतुलन बना रहे इसके लिये पर्यावरणीय शिक्षा अत्यन्त महत्व का विषय है अतः इसे पाठ्यक्रम में शामिल करना अनिवार्य है। जिसमें बालक एवं बालिकाओं को निम्न बातों का ज्ञान हो सके।

1. पर्यावरण संरक्षण के संबध में बनाये गये नियमों अधिनियमों के बारे में अवगत कराना।
2. वन्य जीवो की रक्षा सुरक्षा सम्बन्धी विषय से अवगत कराना और उनके साथ सोहर्द पूर्ण जीवन यापन करना सीखना जिससे परिस्थितिक तंत्र की श्रंखला बनी रहे और परिस्थितिक तंत्र संतुलित बना रहे।
3. औषधीय महत्व की वनस्पति का संरक्षण तथा इमारती लकड़ी का उचित मात्रा में दोहन और उनका पुर्नस्थापन।
4. प्राकृतिक संपदा का विवेकपूर्ण दोहन एवं संरक्षण।
5. आधुनिकता और विकास के नाम पर हो रहे विनाश पर विवेकपूर्ण चिंतन प्रकृति भी भिन्न-भिन्न वस्तुओं में एक प्रकार परस्परावलम्बन का चक्रीय संबध होता है। सुख उपभोग के लालच के कारण हम प्रकृति से मिलने वाली साधन-संपदा का अनियन्त्रित उपयोग करते हुये उसे नष्ट करने लगे तो यह साधन-संतुलन बिगड़ जायेगा और उसका भीषण परिणाम मानव जाति के साथ-साथ अन्य मानवेतर प्राणियों को भोगना पड़ेगा।

पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी कहते है कि हमारे देश में अनाप-शनाप जंगल की कटाई चल रही है। इस संदर्भ में एक सर्वेक्षण किया गया उसके अनुसार भारत में उपलब्ध कुल 33 करोड़ हेक्टेयर भूमि मे से लगभग सात करोड़ हेक्टेयर अर्थात् पाँचवे भाग पर जंगल है। देश के भूमि-क्षेत्र में एक तिहाई क्षेत्र में जंगल हो और उसमें भी पर्वतो पर 60 प्रतिशत जंगल हो ऐसी संस्तुति राष्ट्रिय वन-नीति समिति ने सन् 1952 में की थी किन्तु वन विभाग की ही सांख्य की जानकारी के अनुसार प्रतिवर्ष 45 लाख हेक्टेयर भूमि पर से जंगल काटे जा रहे है। वर्तमान समय में भी इस संदर्भ

में परिस्थितियाँ इतर नही है। कदाचित इसलिये क्योंकि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्ममानव दर्शन को कोई महत्व नही दिया गया।

मानव द्वारा प्रकृति का जो अंधाधुंध शोषण किया जा रहा है। इस संदर्भ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी चेतावनी देते प्रावधा, कहते है कि उद्देश्यपूर्ण, सुखी एवं विकासशील जीवन के लिये जिन भौतिक साधनो की आवश्यकता होती है वे साधन हमे अवश्य प्राप्त होना चाहिये। ईश्वर द्वारा निर्मित सृष्टि का सूक्ष्म अध्ययन करने पर हमे दिखाई देगा कि कम से कम इतना कहते है कि ईश्वर ने निश्चित ही कर रखा है। किन्तु यह मानकर कि ईश्वर ने मनुष्य को जन्म केवल उपभोग के लिये दिया है, हम यदि सारी शक्ति एवं उपलब्ध साधन संपदा को निरंकुशता से खर्च करने लगे तो वह कदापि उचित नही होगा।

भारतीय संस्कृति में मानवेत्तर सृष्टि को स्वयं में समाहित कर लिया है। विभिन्न त्यौहार, उत्सव, धार्मिक विधि, सभी में प्रकृति माता किसी न किसी रुप में समाहित है फिर चाहे बट सावित्री के व्रत में बरगद का पूजन, पीपल पूजन, नवरात्रों में नीम का पूजन, बेल पत्र शिवपूजन हेतु, नाना प्रकार के पुष्प युक्त पौधे, अन्य पूजनीय पेड़, पौधे जैसे पाखर, तुलसी, बांस, केला, नारियल, आदि, सभी का सांस्कृतिक, महत्त्व है जिसे भारतीय जनमानस अवश्य ही आपने आस-पास के क्षेत्र में रोपता है। व उसका संरक्षण करता है। प्रकृति सनातन संस्कृति से पृथक नहीं है। अतः एकात्ममानव दर्शन में राष्ट्र की भूमि भाग भूमि न होकर धर्म-भूमि, पुण्य भूमि, वत्सला भूमि है, भूमि भी माता है।

एकात्मता की यह जीवन्त अनुभूति और बोध व्यष्टि परिवार राष्ट्र के चढ़ते क्रम से समस्त मानव समूह को अपने प्रेम और करुणा के माध्यम से मानवेत्तर प्राणी जगत् फिर चाहे वनस्पति जगत् हो या प्राणी जगत् को अपने परिवेश में सहर्ष स्वीकार करता है। और सम्मिलित रुप से परमेष्टि की दिशा में गतिशील होता है। समाज व राष्ट्र स्वयंभू ईकाई है। राष्ट्र सृष्टि में समाहित है और सृष्टि परमेष्टि में।

एकात्मता :-

एकात्ममानव दर्शन में एकात्म से तात्पर्य एक निश्चित बिन्दु पर केन्द्रित होने से है। अर्थात् जो गुण संपूर्ण में है वही गुण खंड में भी है 'यत् पिण्डे तत् ब्रह्माण्डे' जो कण में है वही विराट् में भी हैं। अर्थात् एक आम के वृक्ष का अस्तित्व उसकी गुठली में होता है। अर्थात् वृक्ष विराट् है और बीज सूक्ष्मरुप। यह एकात्मभाव ही है जो जीवन को खण्डों में विभक्त नहीं करता बल्कि एक समग्र दृष्टि से देखता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय कहते है कि वृक्ष और उसके बीज में मूलतः कोई अन्तर नहीं है। और इसका कारण एकात्मता ही हैं। एकात्मता की प्रवृत्ति मूलतः केन्द्रिय है। जिसमें एकांगीपन का सर्वथा विलोप होता है। एकात्मता के मुख्य रुप से दो गुण है प्रथम समग्रता द्वितीय पूरकता समग्रता- किसी भी समाज में समग्रता हेतु विवेकपूर्ण र्निणय, नियोजन एवं परस्पर संतुलन आवश्यक है। समाज के विभिन्न घटकों के मध्य पारस्परिक संतुलन होने से समग्रता की अनुभूति होती है। प्रकृति का संयमित उपयोग करना समाज की नैतिक जिम्मेदारी है। यदि प्रकृति के संसाधनों का उचित एवं आवश्यकता से अधिक अंधाधुंध दोहन किया जाता है तो प्रकृति हमें स्वयं प्राकृतिक आपदा के रुप में दण्ड देती है इसके लिये उसे किसी की अनुमति की आवश्यकता नहीं। यदि मनुष्य केवल स्वयं के उपभोग हेतु जंगलों की कटाई अथवा परिस्थतिक श्रृंखला को हानि पहुँचता है तो प्रकृति में असंतुलन हो जाता है। जो किसी भी समाज के विकास में बाधक होता है। अतः समाज द्वारा ऐसे नियम एवं नीति का निर्माण किया जाना चाहिये जिससे प्रकृति को नुकसान पहुँचाये बिना समाज की आवश्यकताओं को भी पूरा किया जाये। अतः नीतियों का निर्माण समग्रता को ध्यान में रखकर करना चाहिये जिससे मानव एवं प्रकृति एवं व्यक्ति के चतुष्ट्य पुरुषार्थ की सिद्धि हो सके।

सुख प्राप्त करने की एकांगी एवं उपभोगतावादी नीति समाज एवं व्यक्ति को शोषण करने के लिये प्रेरित करती है। शोषण की यह प्रवृत्ति परपीढ़नकारी है। जिससे भावी पीढ़ीयाँ भी अछूति नहीं रहती हे। इस संदर्भ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय कहते है कि 'प्रकृति की संपदा अपार होते हुये भी उसकी मर्यादा है।' अतः हम प्रकृत्ति से आवश्यकतानुसार इस प्रकार ग्रहण करे कि दोहन से होने वाली छति को वह स्वयं ही पूर्ण करले' अर्थातृ प्रकृत्ति का शोषण नहीं विवेकपूर्ण दोहन करना चाहिये और यह तभी संभव होगा जब मानव के साथ-साथ जीव-जन्तुओं और प्रकृत्ति उत्थान का समग्रता से विचार किया जाये अतः एकात्मताः हेतु समग्रता आवश्यक है।

पूरकताः-

भारतीय समाज के मूल में आध्यात्म है जो सकारत्मकता का भाव संचारित करता है। परिस्थितियाँ चाहे कितनी भी प्रतिकूल क्यों न रहीं हो हमने सदैव सकारात्मकता का ही चयन किया है। क्योंकि संपूर्ण जगत् में एकता के भाव को देखते हुये उनकी विविधता के मध्य पूरकता का अवलोकन कर परस्पर अनुकूलता को ग्रहण करना ही एकात्मता है। क्योंकि प्रकृति को लाभ पहुँचाते हुये स्वयं का विकास करना संस्कृति है वही प्रकृत्ति को नुकसान पहुँचाते हुये केवल स्वार्थवश उसके प्रतिकूल आचरण करना विकृत मानसिकता का परिचायक है और इसी विकृत संस्कृति का अनुकरण करना अपराध है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय केवल प्रकृतिवादी नहीं है। अपितु वे प्रकृत्ति में व्याप्त संघर्ष को ही विकास का आधार मानना विकृतिमूलक मानते है। वे कहते है कि काम, क्रोध, लोभ, मोह, मत्सर, मद भी मानवीय प्रकृति के अभिन्न अंग है किन्तु इनका परिष्कार किया जाता है। इनके आधार पर हम समृद्ध समाज की कल्पना नहीं कर सकते। वे संस्कृतिवादी है। उनके अनुसार संघर्ष एवं स्पर्धा विकृति के द्योतक है जबकि परस्परावलवंन एवं पूरकता संस्कृति के सूचक है। किसी भी समाज या व्यक्ति की संस्कृति प्रकृति के प्रतिकूल नही हो सकता।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय पूरकता के विषय के कहते है कि-

सृष्टि में किसी में कोई कमी है, किसी में कोई प्रकृति का अर्थ यही है कि अंधे और लंगड़े को जोड़ो। पूरकता परखा करो यही दैवी भाव है जहाँ पूरकता नहीं, वहाँ आसुरी भाव है।

निष्कर्ष:

अतः हम निष्कर्ष के आधार पर कह सकते है कि सुखी स्वाभिमान, भ्रातृत्व प्रेम से जीने के लिये स्वयं के तथा समाज के साथ-साथ राष्ट्र के उन्नयन हेतु एकात्म मानव दर्शन अत्यन्त ही महत्त्वपूर्ण है एकात्ममानव दर्शन के माध्यम से व्यक्ति स्वयं के साथ-साथ अपने समाज, राष्ट्र और अन्ततः सम्पूर्ण विश्व के कल्याण कर सकता है। क्योंकि सभी मनुष्यों के कल्याण में समाज का कल्याण है, सभी समाज के कल्याण में राष्ट्र का कल्याण है और सभी राष्ट्र के साथ-साथ मानवेत्तर सृष्टि के कल्याण में ही सम्पूर्ण विश्व अर्थात् परमेष्टि का कल्याण है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:

1. अग्रवाल सं. डॉ. रविन्द्र - पं दीनदयाल जी के प्रेरक विचार प्रभात पेपरबैक्स नई दिल्ली,
2. अदावल डॉ. सुबोध - शिक्षा के सिद्धान्त, विनोद पुस्तक मन्दिर आगरा
3. उपाध्याय दीनदयाल - सम्राट चन्द्रगुप्त लोकहित प्रकाशन राजेन्द्र नगर लखनऊ-4
4. उपाध्याय दीनदयाल - जगद्गुरु शंकराचार्य लोकहित प्रकाशन लखनऊ
5. उपाध्याय दीनदयाल - 'राष्ट्र चिन्तन', राष्ट्रधर्म पुस्तक प्रकाशन लखनऊ-4
6. उपाध्याय दीनदयाल - एकात्म मानव दर्शन (दीनदयाल गुरुजी, ठेंगड़ी) सुरुचि प्रकाशन केशव कुन्ज नई दिल्ली-110055
7. उपाध्याय दीनदयाल - एकात्म मानववाद भारतीय जनता पार्टी, मध्यप्रदेश 1985
8. मिश्रा, डॉ. विनोद - पं. दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद दर्शन.
9. शर्मा डॉ. महेशचन्द्र - पं. दीनदयाल उपाध्याय कर्तृत्व एवं विचार प्रभात प्रकाशन दिल्ली

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन
साहित्य, समाज और वैश्विक मीडिया
10 & 11 सितंबर, 2021.
संयुक्त तत्वावधान में आयोजित : मीडिया अध्ययन विभाग, सीएमएस जैन (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) बैंगलोर, भारत
'वैज्ञानिक अनुसंधान संघ' एवं 'अंतर्राष्ट्रीय स्तर वैज्ञानिक अनुसंधान संगठन'

ब्लॉगिंग के क्षेत्र में हिंदी साहित्य

मेधा अग्रवाल
शोधार्थी, हिंदी विभाग, आगरा कॉलेज
डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय , आगरा
E-mail: medhaagrawal280@gmail.com

सारांश : सूचना प्रौद्योगिकी का विकास मानव के इतिहास का महत्वपूर्ण दौर है जिसने उसके जीवन को सुलभ बनाने के साथ - साथ उसके व्यक्तित्व के समायोजन के महत्वपूर्ण माध्यम अभिव्यक्ति को भी सुलभ बनाया है। सूचना क्रांति ने विश्वग्राम की संकल्पना को साकार किया है। आज कोई भी व्यक्ति जो अपनी बात को ठीक प्रकार से कहने की क्षमता व योग्यता रखता है, वह बिना किसी सामाजिक व संस्थागत अवरोध के विश्व के पटल पर उसे प्रस्तुत कर सकता है। जिसके के लिए विविध माध्यम उपलब्ध है जैसे - फेसबुक, ट्विटर, ब्लॉग आदि। परन्तु , इन सब के मध्य ब्लॉग एक ऐसा माध्यम है जिसने अभिव्यक्ति को सशक्त बनाया है। वर्तमान में विभिन्न विषयों पर ब्लॉग लिखे जा रहे हैं, जिसमें हिंदी साहित्य भी अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज करा रहा है। ब्लॉग पर साहित्य की विभिन्न विधाओं के साथ साथ तत्कालीन साहित्यिक प्रश्नों, विमर्शों व सरोकारों को भी स्थान दिया गया है जो ब्लॉग पर साहित्य की उपस्थिति को गंभीरता व स्वीकार्यता प्रदान करता है। वास्तव में ब्लॉगिंग का क्षेत्र अभिव्यक्ति की विशाल संभावनाओं का क्षेत्र है जिसका अवलोकन हिंदी भाषा व साहित्य के विस्तार व विकास के लिए आवश्यक है।

मुख्य बिंदु : तकनीक व साहित्य का सम्बन्ध , ब्लॉग , इतिहास , हिंदी ब्लॉग साहित्य , संभावना

मानव आरंभ से ही जिज्ञासु प्रवृत्ति का रहा है और उसकी इसी प्रवृत्ति ने उसे निरंतर विकास की ओर प्रेरित किया है । मनुष्य ने सभ्यता के आरंभ से ही अपने आज में परिवर्तन कर भविष्य को नया रूप दिया । प्रारंभ में खेती कर उसने सभ्यता के नए ढांचे को जन्म दिया, तो वस्तुओं के निर्माण के लिए मशीनों का आविष्कार कर औद्योगिक क्रांति को । विकास व परिवर्तन की इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए उसका परिचय सूचना प्रौद्योगिकी से हुआ जिसने उसके जीवन में आमूलचूल परिवर्तन कर उसके समाज व संस्कृति और साहित्य को तीव्र रूप से परिवर्तित किया; इतना तीव्र परिवर्तन इससे पहले संभव ना था ।

दरअसल, समाज व संस्कृति का प्रतिबिम्ब साहित्य ही है। अतः एक पक्ष को प्रभावित करने वाला कारक दूसरे पक्ष को प्रभावित करेगा ही। तकनीक ने समाज और उसकी संस्कृति को प्रभावित किया है तो भाषा व साहित्य भी इससे अछूता नहीं रहा है। यदि इतिहास की ओर देखें तो ज्ञात होता है कि किस प्रकार छापेखाने के आविष्कार के कारण आधुनिक गद्य साहित्य का विकास हुआ और महाकाव्य जैसी इतिवृत्तात्मक विधा के स्थान पर लंबी कविता जैसी नवीन विधा का प्रादुर्भाव हुआ तथा इसीप्रकार उत्तर भारत व दक्षिण भारत की लिपियों में प्रयुक्त वर्णों की आकृति में भिन्नता भी तकनीक की भिन्नता के कारण है। इस संदर्भ में गुणाकर मुळे लिखते हैं – " उत्तर भारत में प्रमुखतः भोजपत्र का इस्तेमाल हुआ तो दक्षिण भारत में ताड़ पत्र का। भोजपत्र पर स्याही व कलम से बड़े मजे से सीधी रेखाओं वाले अक्षर लिखे जा सकते हैं, परंतु ताड़ पत्र पर लोहे की श्लाका से अक्षरों को गोलाकार में उकेरना पड़ता है ताकि वह फटे नहीं।" (गुणाकर मूळे, कम्प्यूटर क्या है, पृष्ठ संख्या,12) यदि इसी संदर्भ में कंप्यूटर पर इंटरनेट की बात की जाए, तो यह सूचना प्रौद्योगिकी का ऐसा साधन है जिससे साहित्य के परंपरागत रूप के साथ साथ नवीन विधाओं का

भी प्रादुर्भाव हुआ है तथा यह परिवर्तन केवल साहित्य तक ही सीमित नहीं है अपितु उसके समाज अर्थात पाठक व लेखक में भी दृष्टिगत है।

इंटरनेट पर हिंदी साहित्य के विविध रूप विभिन्न माध्यमों यथा वेबसाइट, पोर्टल तथा ब्लॉग आदि के द्वारा प्रदर्शित होते हैं परंतु इन सब में ब्लॉग ही ऐसा लोकप्रिय साधन है जिसने व्यक्तिगत अभिव्यक्ति को सशक्त, सजीव और ग्राह्य बनाया है। ब्लॉग की इसी महत्ता को स्वीकार करते हुए प्रसिद्ध ब्लॉगर रवींद्र प्रभात लिखते हैं कि "आज का कोई भी व्यक्ति, जो अभिव्यक्ति में पारंगत है और पर्याप्त सूचनाएं रखता है, तार्किक युक्तियों के माध्यम से अपनी बात रखने की कला जानता है और सही समय पर निर्णय लेने की क्षमता रखता है, वह अपनी भाषा और अपने साहित्य की सीमाओं को विस्तृत होते देखना चाहता है, इसके लिए वह अपनी सुविधा अनुसार किसी भी माध्यम का प्रयोग कर सकता है और इसके लिए चिट्ठे से बेहतर कोई माध्यम नहीं हो सकता।" (अविनाश वाचस्पति व रवींद्र प्रभात, हिंदी ब्लॉगिंग अभिव्यक्ति की नई क्रांति,पृष्ठ संख्या -127)

ब्लॉगिंग के ऐतिहासिक पक्ष की बात करें तो दुनिया का पहला ब्लॉग सन् 1994 में जस्टिन हॉल द्वारा 'लिंक्स डॉट नेट' के नाम से बनाया गया; हालांकि उस समय ब्लॉग शब्द प्रचलित नहीं हुआ था। ध्यातव्य है कि ब्लॉग शब्द की उत्पत्ति 'वेबलॉग' शब्द से हुई है जिसका इस्तेमाल सन् 1997 में जॉन बर्जर ने किया था। फिर सन् 1999 पीटर मरहेल्ज ने अपने ब्लॉग 'पीटर मी डॉट कॉम' पर ब्लॉग शब्द का प्रयोग किया और तभी से 'ब्लॉग' शब्द प्रचलित हो चला। जहां तक हिंदी भाषा में लिखे गए प्रथम ब्लॉग की बात है तो यह सौभाग्य 'नौ दो ग्यारह' को प्राप्त है जो वर्ष 2003 में आलोक कुमार द्वारा लिखा गया। वर्ष 2003 के बाद से हिंदी ब्लॉगिंग निरंतरता की ओर अग्रसर है जिसे यूनिकोड ने और अधिक आसान बना दिया है।

वर्तमान में विभिन्न विषयों पर विविध ब्लॉग लिखें जा रहे हैं, जिसमें साहित्य भी एक विषय है, जो निरंतर विस्तार पा रहा है और इसके विस्तार का प्रमुख कारण लिखने की स्वतंत्रता व विषय की विविधता है। जिसके कारण ब्लॉग क्षेत्र में आज हिंदी साहित्य व्यक्तिगत अभिव्यक्ति की जगह विमर्श का रूप ले चुका है और अपनी शैशवास्था को पार कर चुका है। आज के साहित्यिक ब्लॉग केवल कविताएँ और कहानियाँ उपलब्ध नहीं कराते अपितु तत्कालीन साहित्यिक जानकारियाँ भी देते है।

इसी संदर्भ मे देखें तो ब्लॉगर गंगा सहाय मीणा अपनी पोस्ट 'आदिवासी साहित्य' में आदिवासी समाज के सांस्कृतिक व भाषायी अस्मिता के संकट को उजागर करते हुए आदिवासी साहित्य के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहते हैं कि "आदिवासी साहित्य अस्मिता की खोज, दिकुओं द्वारा किए गए और किए जा रहे शोषण के विभिन्न रूपों के उद्घाटन और आदिवासियों पर मंडराते संकटों और उनके मद्देनजर हो रहे प्रतिरोध का साहित्य है। यह उस परिवर्तनकामी चेतना का रचनात्मक हस्तक्षेप है जो देश के मूल निवासियों के वंशजों के प्रति किसी भी प्रकार के भेदभाव का पुरजोर विरोध करती है और उनके जल, जंगल, जमीन को बचाने के हक में उनके 'आत्मनिर्णय'के अधिकार के साथ खड़ी होती है।" तथा डॉक्टर सुजाता का 'चोखेर बाली' व 'नारी' जैसे सामूहिक ब्लॉग स्त्री अस्मिता से जुड़े प्रश्नों को पाठक के सामने रख समाज को 'आधी दुनिया' का सच दिखाने की कोशिश कर रहे हैं ; तो वहीं 'घुघूतीबासूती' जैसे ब्लॉग स्त्री विमर्श के साथ-साथ देवभूमि उत्तराखंड व कुमाऊँनी संस्कृति से भी पाठक का परिचय करा रहे हैं। ब्लॉगर अपनी पोस्ट 'घुघूती बासूती क्या है, कौन है ?' में लिखती है कि "उत्तराखंड का एक भाग है कुमाऊँ ! वही कुमाऊँ जिसने हिन्दी को बहुत से कवि, लेखक व लेखिकाएँ दीं, जैसे सुमित्रानंदन पंत, मनोहर श्याम जोशी, शिवानी आदि । वहाँ की भाषा है कुमाऊँनी । वहाँ एक चिड़िया पाई जाती है जिसे कहते हैं घुघुति । एक सुन्दर सौम्य चिड़िया। xxx घुघुति का कुमाऊँ के लोकगीतों में विशेष स्थान है ।" इसके अतिरिक्त कँवल भारती का 'दलित विमर्श' ब्लॉग सामाजिक उत्पीड़न का शिकार हुए दलित समाज के शोषण के बहुरूपों की पहचान करा रहा है। पुनीत बिसरिया का 'विश्लेषण', किशोर चौधरी का 'हथकढ़', गोपाल प्रधान का 'ज़माने की रफ़्तार', गोपेश्वर सिंह का 'लिखत पढ़त', जगदीश्वर चतुर्वेदी का 'नया जमाना', उमेशपंत का 'यात्राकार' व दिनेश चौधरी का 'इट्टानामा' आदि सामाजिक व सांस्कृतिक सरोकारों से जुड़ी अपनी रचनाओं और लेखों द्वारा हिंदी साहित्य प्रेमी समाज को लाभान्वित कर रहे हैं।

ध्यातव्य है कि नवीनता असीम संभावनाओं के साथ चुनौतियों को भी लेकर आती है। इसी परिप्रेक्ष्य में यदि ब्लॉग की बात करें, तो विषय की प्रमाणिकता तथा स्तरता को लेकर ब्लॉग लेखन चिंतन के घेरे में रहता है, परंतु इस संदर्भ में बच्चों के कवि कहे जाने वाले जाकिर अली 'रजनीश' का कहना है- "मेरे विचार से जब भी किसी नई विधा का विकास होता है, तो उसमें कूड़ा और अच्छा दोनों तरह का साहित्य आता है। आप इस प्रक्रिया को रोक नहीं सकते हैं।

यदि आप इस विषय में चिंतित होते हैं, तो भी इससे कोई फायदा नहीं होने वाला। क्योंकि यह एक सामान्य एवं सार्वभौमिक प्रक्रिया है, जो हमेशा चलती रही है और चलती रहेगी। यही नियति ब्लॉग जगत की भी है। इस पर हर तरह का साहित्य आ रहा है, आता रहेगा। हाँ, समय जरूर इसमें स्तरीय और उपयोगी छाँट लेगा ।"(अविनाश वाचस्पति व रवींद्र प्रभात, हिंदी ब्लॉगिंग अभिव्यक्ति की नई क्रांति, पृष्ठ संख्या – 275) और जहां तक संभावना का प्रश्न है, तो ब्लॉगिंग का क्षेत्र साहित्य के विकास के लिए विशाल संभावनाओं वाला क्षेत्र है। मुख्यधारा के साहित्य की गुटबाजी से अलग, ब्लॉग पर हर व्यक्ति अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकता है। समाज के हर पेशे से जुड़ा व्यक्ति - चाहे इंजीनियर हो, शिक्षक हो, विद्यार्थी हो, अपनी रचनाधर्मिता के बल पर साहित्य का अंग बन सकता है। इसके अतिरिक्त विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े व्यक्तियों के ब्लॉग से जुड़ने के कारण ब्लॉग की विषय वस्तु में भी विविधता का समावेश होता है, जिससे ब्लॉग हिंदी भाषा और साहित्य के प्रचार प्रसार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

कुल मिलाकर ब्लॉग जगत साहित्य में अभिव्यक्ति का मात्र साधन न रहकर नवीन अवधारणा का प्रतीक बन चुका है। जो विश्व की हर साहित्य प्रेमी को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। और ब्लॉग के साथ सोशल नेटवर्किंग के जुड़ जाने के कारण साहित्यकारों व लेखकों के बीच संपर्क स्थापित हुआ है, जिससे वे एक दूसरे के ब्लॉग का भ्रमण करने के साथ-साथ उनसे अपने अनुभव भी साझा कर सकते हैं। अब साहित्य के सक्रिय लोग भी उदासीनता के स्थान पर ब्लॉग जगत से जुड़ रहे हैं। इसके अतिरिक्त ब्लॉग पर मौजूद विभिन्न व्यक्तियों को अपनी रचनाधर्मिता के कारण प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं में सम्मान मिलने लगा है, जो ब्लॉग के विस्तार और उसकी उपादेयता को प्रदर्शित करने वाली बात है।

संदर्भ ग्रंथ सूची:

1. प्रयोजनमूलक हिंदी की नयी भूमिका, कैलाश नाथ पांडे, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण 2006
2. कंप्यूटर क्या है, गुणाकर मुळे, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण 1986
3. कंप्यूटर के भाषिक अनुप्रयोग, विजय कुमार मल्होत्रा, वाणी प्रकाशन ,नई दिल्ली, प्रथम संस्करण 1998
4. हिंदी ब्लॉगिंग का इतिहास ,रवींद्र प्रभात, हिंदी साहित्य निकेतन, बिजनौर, 2011
5. हिंदी ब्लॉगिंग अभिव्यक्ति की नई क्रांति, अविनाश वाचस्पति व रवींद्र प्रभात, हिंदी साहित्य निकेतन, बिजनौर, 2011.
6. http://gsmeena.blogspot.com/2013/02/blog-post.html?m=1
7. http://ghughutibasuti.blogspot.com/search/label/uttarakhand?m

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन
साहित्य, समाज और वैश्विक मीडिया
10 & 11 सितंबर, 2021.
संयुक्त तत्वावधान में आयोजित : मीडिया अध्ययन विभाग, सीएमएस जैन (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) बैंगलोर, भारत
'वैज्ञानिक अनुसंधान संघ' एवं 'अंतर्राष्ट्रीय स्तर वैज्ञानिक अनुसंधान संगठन'

वर्तमान समय : भाषा एवं साहित्य

डॉ. मो. मजीद मियाँ
असिस्टेंट प्रोफ़ेसर, श्री अग्रसेन महाविद्यालय,
Email - khan.mazid1341@gmail.com

सारांश: वैज्ञानिक उपलब्धियों के कारण मानव जीवन के उच्चतम शिखरों तक पहुंची है, जहां मनुष्य की कल्पना को पहुंचने में भी लंबा समय लग सकता है। सामाजिक जीवन के विविध आयामों में एक क्रांतिकारी परिवर्तन देने का श्रेय वर्तमान समय को दिया जा सकता है। विज्ञान एवं तकनीक से लेकर सभी सामाजिक विज्ञानों में इस सदी ने बौद्धिक रूप से अपनी उपलब्धियों को दर्ज किया है। साहित्य को समाज का दर्पण कहा जाता है। संक्षेप में कहा जाए तो मानव जीवन का संपूर्ण विकास ही साहित्य का लक्ष्य होता है। अपने युग के परिप्रेक्ष्य में हर युग के लोकहितकारी साहित्य ने आम आदमी के जीवन को बेहतर रूप देने का प्रयास किया है। वर्तमान समय में जहां आम आदमी के सामने अनेक प्रकार की विसंगतियां हैं, वहीं समस्या के रूप में अनेक सवाल भी सिर उठा रहे हैं। भारत में आजादी के पूर्व साहित्य की मुख्य धारा यही थी कि भारत को विदेशी शासन से कैसे मुक्त किया जाए? यद्यपि सामाजिक समस्याएं भी थीं, क्योंकि समस्याएं एक दिन में पैदा नहीं होतीं, किन्तु हर युग की कुछ विशेष समस्याएं अवश्य होती हैं। साहित्य में शोषक वर्गो को चिह्नित करते हुए पहले जहां किसान-मजदूरों की बात की जाती थी, वहीं, वर्तमान समय में दलित, आदिवासी और स्त्री विमर्श का मुद्दा विशेष रूप से चिह्नित किया जा रहा है। इक्कीसवीं सदी के इस युग में समस्त क्षेत्रों में बहुत तेजी के साथ परिवर्तन हो रहा है। आधुनिक सभ्यता, संस्कृति, साहित्य एवं भाषा के सामने भी नई-नई चुनौतियां आ रही हैं। आज साहित्य अपने मूल लक्ष्य से भटकता दिखायी दे रहा है। कालजयी रचनाकार एवं रचनाएं मिलना मुश्किल-सा हो गया है। भले ही आज भाषा का क्षेत्र विस्तृत हुआ हो लेकिन सर्वग्राह्य भाषा का अभाव दिख रहा है। समाज के प्रत्येक क्षेत्र मे अंधानुकरण की प्रवृत्ति बढ़ी है। वर्तमान समय मे साहित्य और भाषा की समस्या एवं समाधान को इस शोध पत्र में खोजने का प्रयास किया गया है।

कूट शब्द : विमर्श, समाज, संस्कृति, साहित्य, भाषा, अभिव्यक्ति।

प्रस्तावना :
किसी भी देश में राष्ट्र भाषा का सम्मान उस भाषा को ही प्राप्त होता है जो देश विशेष में सर्वाधिक लोगों द्वारा बोली जाती है। निश्चित तौर पर भारत देश का एक बहुत बड़ा जनमानस हिंदी भाषा से परिचित है। इसलिए यह प्रस्तावित किया गया कि भारत में राष्ट्रभाषा का अधिकारी होने का सम्मान हिंदी भाषा को प्रदान दिया जाए। जैसे ही किसी को कोई भी अधिकार प्रदान किया जाता हैं, कर्तव्य स्वयं ही निर्दिष्ट हो जाते हैं। और कत्र्तव्य पुनः अधिकारों का सृजन करते हैं। अतः इन दोनों का एक-दूसरे से पूरक सम्बंध है। अधिकार कत्र्तव्यों के बगैर अधूरे होते है और कत्र्तव्य अधिकार के बगैर। इसे एक छोटे से उदाहरण के साथ समझना उचित होगा। जैसे ही किसी भी दम्पत्ति को माता-पिता बनने का अधिकार प्राप्त होता है, वैसे ही उस दम्पत्ति के कत्र्तव्य भी स्वयं ही निर्दिष्ट हो जाते हैं। उस नए बच्चे के प्रति माता तथा पिता दोनों के अपने-अपने उत्तरदायित्व होते हैं जिन्हें वे किसी के कहने पर नहीं, स्वयं की शर्तों पर पूरी नैतिकता के साथ वहन करते हैं। जैसे संस्कार वे रोपते हैं, बच्चा उसकी प्रतिक्रिया वैसे ही देता है। किसी भी देश की बाह्य एवं आतंरिक स्थिति को जानने एवं समझने के लिए उस देश की सभ्यता एवं संस्कृति को जानना आवश्यक होता है। सभ्यता एवं संस्कृति को जानने का माध्यम उस देश की भाषा होती है। भाषा का प्रवाह पुरातनता से आधुनिकता की ओर जाता है। इक्कीसवीं सदीं के इस आधुनिक समाज में आधुनिकता के लक्षण तओ आ गये हैं, लेकिन वह अपनी वास्तविक स्थिति से कोशों दूर है। आधुनिकता रूढ़ि परम्परा पर चलने वाली प्रक्रिया नहीं है अपितु वह उससे हटकर एक नवीन मार्ग का अनुसरण करती है। इस प्रकार आधुनिकता का संबंध ज्ञान-विज्ञान के फलस्वरूप पुरातन तथा परंपरागत विचारों एवं मूल्यों, धार्मिक-विश्वासों और रूढ़िगत रीति-रिवाजों के विरूद्ध नवीन और वैज्ञानिक आविष्कारों, विचारों एवं नये मूल्यों से है। आधुनिकता का स्वरूप समाज में दिन-प्रतिदिन बदलता रहता है। उर्मिला

मिश्र ने आधुनिकता के बदलते स्वरूप को देखते हुए लिखा है कि- "आधुनिकता का जो स्वरूप कल था वह आज हो, जो आज है, वह कल हो यह दावा नहीं किया जा सकता है।"1 इसका प्रमुख कारण यह है कि यह जो समय चक्र है वह परिवर्तनशील है। वर्तमान पीढ़ी अपनी सभ्यता एवं संस्कृति से दूर होती चली जा रही है। समाज की संस्कृति, विकृत रूप में फैल रही है। यह इस इक्कीसवीं सदी के समाज की सबसे बड़ी चुनौती है। "नई पीढ़ी अपनी सभ्यता,, संस्कृति से दूर होती जा रही है, यह बड़े दुःख की बात है। अपने देश को आगे बढ़ाने के लिए अपनी भाषा, संस्कृति ही काम आती है।

बाजारीकरण के इस दौर में साहित्य, भाषा, संस्कृति, सभ्यता, शिक्षा, सभी बाजार के दुष्प्रभावों से मुक्त नहीं हैं। हिन्दी साहित्य आज अपने वास्तविक स्वरूप को खोता दिखाई दे रहा है। साहित्य की जो उत्कृष्ट रचनायें छायावाद, प्रगतिवाद, प्रयोगवाद, नयी कविता तक देखने को मिलती हैं आज वह दुर्लभ हैं। ऐसा नहीं की आज साहित्य में रचनायें नही हो रही है अपितु यह केवल मात्रात्मक रूप में बढ़ाहै, गुणात्मक रूप में नहीं। आज के हिन्दी पाठक अपना समय इंटरनेट के ब्लॉग एवं फेशबुक पर व्यतीत करते हुए दिखाई दे रहे है। वह लेखक की मूल रचना पढ़ने में कम ही रूचि ले रहे हैं। हिन्दी का प्रचार-प्रसार भले ही बढ़ा हो लेकिन उसकी गुणवत्ता में ह्रास ही हुआ है। साहित्यिक रचनाकारों में पद, प्रतिष्ठा, पुरस्कार, धन लोलुपता प्रधान रूप में दिखाई दे रही है। "संस्कृत में साहित्य को पारिभाषित करते हुए लिखा था- 'साहित्यस्य भावः इति साहित्यः' अर्थात् जिसमें हित छिपा है वही साहित्य है। आचार्य मम्मट ने काव्य के सन्दर्भ में कहा था- 'वाक्यम रसात्मकं काव्यम्' अर्थात् रस से युक्त वाक्य हीकाव्य है। साहित्य और कविता में जो परिभाषाएं भारतीय वाङ्मय में दी थी आज के वैश्वीकरण के युग में उसी साहित्य पर बाजार की प्रचुर प्रभाव बना हुआ है। तमाम मानवीय संवेदनाओं अनुभूतियों और रागात्मक तत्वों का बाजारीकरण आज के युग की वीभत्स सच्चाईयाँ है।"2 इस प्रकार हम देखते हैं कि भूमण्डलीकरण के इस युग में आज कबीर, सूर, तुलसी, जायसी, रसखान, भारतेन्दु, प्रेमचन्द, पंत, प्रसाद, निराला, महादेवी वर्मा, नागार्जुन, अज्ञेय जैसा साहित्य प्राप्त होना स्वप्न सा हो गया है। व्यक्ति के नैतिक मूल्यों में ह्रास हो रहा है एवं भाषा की अभिव्यक्ति कमजोर हो गयी है। अतः साहित्य भी उसी दर्जे का हो गया है। कालजयी रचनायें मिलना मुश्किल सा हो गया है। "वैश्वीकरण के बाजारतंत्र ने साहित्य के सम्मुख नई चुनौती पेश कर दी है तब भारतीय रचनाकारों के सम्मुख प्रेमचन्द्र की कसौटी उनकी राह को रोशन कर सकती है। प्रेमचन्द्र ने लिखा- हमारी कसौटी पर वही साहित्य खरा उतरेगा, जिसमें उच्च चिन्तन हो, स्वाधीनता का भाव हो, सौन्दर्य का सार हो, सृजन की आत्मा हो, जीवन की सच्चाईयों का प्रकाश हो, क्योंकि अब और ज्यादा सोना मृत्यु का लक्ष्य है।"3 वास्तव में उच्च चिन्तन बिना उच्चकोटि का साहित्य हो ही नहीं सकता। वर्तमान हिन्दी साहित्य में स्त्री विमर्श, दलित विमर्श, आदिवासी विमर्श हाशिये पर है, आखिर क्यों साहित्यकार हमेशा ही आपसी बहसों में उलझा रहता है जो यह एक प्रकार की साहित्यिक चुनौती है। साहित्य की इस चुनौती का सामाधान तभी सम्भव है जब साहित्यकार पूर्वाग्रह को अपनी मानसिकता से दूर रखे।

सभ्यता एवं संस्कृति का विकास मानव एवं समाज के विकास से ही सम्भव है। मनुष्य एक विचारशील प्राणी है, अतः वह हमेशा ही विकास के नये मार्गों को अपनाने का प्रयास करता रहता है। "संस्कृति मनुष्य की ही होती है, साहित्य का रचयिता भी मनुष्य ही है जो समाज में रहता है और श्रम करता है। मनुष्य को आदि अवस्था से लेकर आज तक की साहित्य, कला एवं सभ्यता तथा संस्कृति का सारा विकास मनुष्य और समाज के विकास का ही परिणाम है।"4 अतः हम देखते हैं कि साहित्य, सभ्यता, कला एवं संस्कृति का विकास तभी सम्भव है जब मनुष्य का विकास हो। आज का मनुष्य भूमण्डलीकरण के इस युग में समस्त चीजों को एक साथ समेटने का प्रयास कर रहा है जो सम्भव नहीं है। अतः साहित्य में जरूरत है एक ऐसी स्वच्छंद मानसिकता की जिससे साहित्य की निर्मिति भी स्वच्छंद रूप से हो सके। मस्तिष्क में उत्पन्न होने वाले विचार जब अभिव्यक्ति की ओर बढ़ते है तब वह भाषा को अपना माध्यम बनाते हैं। यही माध्यम विचारों को अभिव्यक्ति करने का साधन बनता है जिसे हम भाषा कहते हैं। "भाषा शब्द संस्कृत के 'भाष्' धातु से बना है, जिसका अर्थ है- 'कहना' या बोलना' अर्थात् भाषा वह है जिसे बोला जाय।"5 भाषा समाज की सभ्यता, संस्कृति एवं अस्मिता की पहचान होती है। "भाषा किसी देश की अस्मिता का द्योतक होती है। भाषा अभिवयक्ति का माध्यम न होकर समूची संस्कृति को स्पष्ट करने की आईना भी होती है। भाषा न केवल विचारों के आदान-प्रदान का साधन भर है, अपितु वह पूरी की पूरी परम्परा की संवाहक होती है। किसी देश और राष्ट्र के स्वरूप तथा स्वाभिमान को अभिव्यक्ति देने का नाम भाषा है। भाषा देश के इतिहास एवं वर्तमान का वह आईना होती है, जिसमें भविष्य भी देखा जा सकता है।"6 हिन्दी भाषा की अस्मिता से भारत देश की अस्मिता का गौरव जुड़ा हुआ है। क्योंकि यह वह भाषा है जिसमें भारत की अधिकांश जनसंख्या विचारों का सम्प्रेषण करती है। भोलानाथ तिवारी ने भाषा के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए लिखा है कि- "भाषा निश्चित प्रयत्न के फलस्वरूप मनुष्य में उच्चरणावयवों से निःसृत ध्वनि समष्टि होती है। इसका आशय यह है कि अन्य साधनों से अन्य प्रकार की ध्वनियों (जैसे- चुटकी बजाना, ताली बजाना आदि) से भी विचार-विनिमय हो सकता है, किन्तु वे भाषा के अन्तर्गत नहीं आती।"7 अतः मनुष्य एक ऐसा प्राणी है जो स्पष्ट रूप से

विचारों को प्रकट करने के लिए भाषा का सहारा लेता है। आज विभिन्न भाषाओं के शब्दों का भाषा में अंधानुकरण प्रयोग हो रहा है। जिसका वास्तविक स्वरूप सामान्य जनता नहीं समझ पाती है लेकिन लोग उससे अपनी विद्वता को प्रकट करते हैं।

अतः हमें वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हिन्दी भाषा के ऐसे स्वरूप का प्रयोग करना हैं जिसे ग्रहण करने से प्रवीणता के साथ-साथ हीनता का गुण न आये। वैश्वीकरण के इस युग में हिन्दी की भाषायी चुनौतियों को स्वीकारते हुए रामधारी सिंह 'दिनकर' के इन बातों को ध्यान में रखना आवश्यक है जिससे भाषा में आने वाली कमियों को दूर किया जा सके- "भाषा की शक्ति कठिन नहीं, आसान शब्दों के प्रयोग से निखरती है। भाषा को सौन्दर्य तब बढ़ता है, जब लेखक उन सभी शब्दों को सहानुभूति से देखता है जो जनता की जीभ पर चढ़े हुए है। कोई भी शब्द केवल इसीलिए ग्राह्य नहीं होता कि वह संस्कृत भंडार का है, न शब्दों का अनादर केवल इसलिए उचित है कि वे अरबी या फारसी के भंडार से आए हैं। जो भी शब्द प्रचलित भाषा में चल रहें, जो भी शब्द सुगम, सुन्दर और अर्थपूर्ण है, साहित्यिक भी उन्हीं शब्दों को लेकर काम करती है, यह विचार आज भी समीचीन समझा जाता है।"8 इसलिए हमें भाषा में ऐसे ही शब्दों का प्रयोग करना चाहिए जो सर्वग्राह्य हो। निश्चित रूप से भाषा विचार-विनिमय का सबसे योग्य साधन मानी जाती है। लेनिन ने भाषा को मानवीय सम्पर्क का सबसे महत्वपूर्ण साधन माना है। प्रत्येक भाषा की अपनी जीवन्तता होती है, प्रवाह होता है जिसे हमें बनायें रखना होगा तभी हम उस भाषा को सही रूप प्रयोग कर सकते है। हिन्दी को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। यह राष्ट्र की आत्मा का रूप है। इसमें बोलने से माँ के आँचल में लिपटे रहने जैसा सुख प्राप्त होता है। विश्व के सारे शिक्षाशास्त्री इस बात से सहमत है कि शिक्षा का प्रारम्भिक माध्यम मातृभाषा ही होना चाहिए। किंतु भारतीय समाज में विदेशी भाषा माध्यम को थोपने की सिलसिला लगातार बढ़ता ही जा रहा है। हिन्दी, संस्कृत, पाली, प्राकृत, अपभ्रंश की उत्तराधिकारिणी है। जिससे उसकी महत्ता बनी हुई है। लेकिन आज साहित्य में भाषा के ऐसे रूप प्रयोग हो रहा है जो समाज के सामने एक चुनौती बन गया है। "1980 और 1990 के दशक में भारत में उदारीकरण तथा औद्योगिकीकरण प्रक्रिया तीव्र हुई। इसके परिणाम स्वरूप अनेक विदेशी बहुराष्ट्रीय, कंपनियां भारत में आई तो हिन्दी के लिए एक खतरा दिखाई दिया था, क्योंकि वे अपने साथ अंग्रेजी लेकर आई थी।"9

स्वतंत्रता काल में हिन्दी ही एक ऐसी भाषा रही जो सम्पूर्ण जनमानस में क्रान्ति का बिगुल बजाया। इस दौरान हिन्दी भाषा के विकास में केवल हिन्दी भाषी ही नहीं अपितु गैर हिन्दी भाषी भी पूरा-पूरा सहयोग दिये। स्वतंत्रता काल में गैर हिन्दी भाषी देशभक्तों में सर्वप्रमुख स्वामी विवेकानन्द, महात्मा गाँधी, दयानंद सरस्वती, सुभाष चन्द्र बोस, रवीन्द्र नाथ टैगोर, भगत सिंह एवं सी राजगोपालाचारी आदि थे। जिस प्रकार भारत की प्रमुख विशेषता विविधता में एकता है उसी प्रकार हिन्दी भाषा की भी प्रमुख विशेषता अनेकता में एकता है। इस भाषा के भीतर रूसी, स्पेनिश, अरबी, फारसी, पुर्तगाली, तुर्की, अंग्रेजी, जापानी आदि भाषा के शब्द समाहित हैं। लेकिन हिन्दी भाषा को सबसे बड़ा खतरा केवल अंग्रेजी भाषा से है। "हमारे अनेक युगान्तकारी साहित्यकार अपनी वाक्य रचना में अंग्रेजी शब्दों की ऐसी भरमार करते हैं। मानो हिन्दी में सोचना उन्होंने बन्द कर दिया है। वे न हिन्दी में सोचते है न अंग्रेजी में वरन् इन दोनों से मिली हुई एक नई इंग्लिस्तानी भाषा में जो उनके लिए बहुत स्वाभाविक है किन्तु जो देश की जनता के लिए हमारे समग्र सामाजिक विकास के लिए घातक है।"10 यहाँ हम पाते है कि सामाजिक विकास भाषा के साथ जुड़ा हुआ है। आधुनिक सभ्यता का ह्रास एवं विकास भी भाषा के गम्भीर रूप से जुड़ा हुआ है। अतः देश की जैसी सभ्यता होगी उसी प्रकार उसकी भाषा भी होगी। भौगोलिक परिवेश के साथ भाषा भी परिवर्तित होती रहती है। वैश्विक स्तर पर हिन्दी भाषा का प्रचार-प्रसार एवं प्रयोग तेजी से बढ़ा है। आज यह केवल भारत में ही नहीं अपितु त्रिनिदाद, टोबैगो, मारीशस, फीजी, सूरीनाम, नेपाल आदि देशों में बोली एवं प्रयोग की जा रही है। लेकिन फिर भी हिन्दी भाषा की गुणवत्ता में कमी आई है। भले ही अंग्रेजी अन्तर्राष्ट्रीय भाषा के रूप में स्थान पा चुकी है लेकिन हमारा वास्तविक विकास स्वयं की भाषा से ही सम्भव हो सकता है किसी परदेशी भाषा से नहीं। आज का व्यक्ति स्वयं की भाषा बोलने में शर्म महसूस करता है, लेकिन अंग्रेजी भाषा बोलने में उसे गर्व की अनुभूति होती है कैसी शर्म की बात हैं, हिन्दी भाषा पर चिंता करते हुए फादर कामिल बुल्के ने लिखा कि- "हिन्दी भाषा इतनी समृद्ध और सक्षम है कि सारा काम, काज सुचारू रूप से हिन्दी मे किया जा सकता है। यह खेद की बात है कि हिन्दी भाषियों में भाषा के प्रति स्वाभिमान नहीं जागा अन्यथा बहुत पहले हिन्दी देशव्यापी स्तर पर प्रचलित हो गई होती।"11

अतः हमें अपनी भाषा के जातीय रूप की रक्षा करनी चाहिए। साहित्य में अंग्रेजी के अन्धाधुंध प्रयोग से हिन्दी साहित्य की भाषायी अस्मिता पर एक प्रश्न चिन्ह लगा हुआ है जिसे हिन्दी के अधिक से अधिक प्रयोग द्वारा हटाया जा सकता है। हिन्दी भाषा की इस चुनौती को स्वीकार करते हुए उसकी समस्या के समाधान हेतु आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी लिखते है कि- "भाषा को हमें स्वतंत्र, स्वाधीन चिन्तन की भाषा बताने की आवश्यकता है। दूसरी भाषाओं की जो

अच्छी-अच्छी चीजें लिख ली गयी हैं और जो अच्छे ज्ञान की वस्तुएँ उपलब्ध हैं, जब तक उनका अध्ययन नहीं करते तब तक उनका विस्तार नहीं होगा। चित्त के विस्तार हुए बिना जो लिखेंगे वह मुर्दा चीज होगी, लेकिन इन दोनो ही अवस्थाओं में से हमें मध्यम भाग लेना है। हमें इसका अध्ययन भी करना है। महान ग्रंथों को समझना है, हमारी भाषाओं के विचारकों के भावों और अनुभूतियों को आत्मसात करना है और फिर अपने ढंग से अपनी भाषा का रूप देना है यही हमारी प्रमुख आवश्यकता है।

अतः हमें अपनी भाषा के साथ-साथ दूसरी भाषाओं का भी अध्ययन करना चाहिए जिससे उस भाषा की उत्कृष्ट कोटि की रचनाओं को स्वयं की भाषा में अनुवादित, व्याख्यायित किया जा सके जिससे वे सर्वसुलभ हो सकें। हिंदी लोक सिद्ध भाषा के रूप में भी प्रसिद्ध हैं क्योंकि यह जनमानस में तेजी से प्रचारित-प्रसारित होती है इसका सर्वप्रमुख कारण सर्वग्राह्यता है। हिन्दी की भाषायी अस्मिता पर आज भले ही प्रश्नचिन्ह लगे हैं, लेकिन उसकी प्रायोगिकता कम नहीं हुयी है। "सभ्यताओं के संघर्ष, अस्मिताओं की टकराहट, विखंडनवाद मूल्यों और मान्यताओं के विघटन, वैश्विक बाजारवाद व भाषाओं के मरने की चिंता के इस त्रासद काल में भी हिन्दी की अपनी अस्मिता पर प्रश्नचिन्ह नहीं लग सकता है, बल्कि इसकी भाषिक संस्कृति वैश्विक फलक पर विस्तार पा रही है, कारण यह है कि यह लोकसिद्ध भाषा है।" निश्चित रूप से लोक सिद्ध भाषा का यह रूप सम्पूर्ण जनमानस में फैला हुआ है। जिससे समाज में उसका प्रचार-प्रसार हो रहा है। हिन्दी का वर्तमान परिदृश्य आधुनिकता की आँधी में ऐसे डूब गया जिससे उसकी साहित्यिक एवं भाषायी अस्मिता पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। अतः इस समस्या के समाधान हेतु हमें आपनी सभ्यता, संस्कृति भाषा मे वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सुधार लाना परम आवश्यक हो गया है। अंत में, हम कह सकते हैं कि वर्तमान समय में हिंदी की हालात को देखते हुए कुछ जिम्मेदारियां हमारी भी बनती हैं। क्योंकि हिंदी भाषा के विकास के लिए दूसरों की प्रतीक्षा करने या किसी दिव्य शक्ति की प्रतीक्षा करने के बजाय, आप जो भी कर सकते हैं, अकेले करें या समूह के आकार में करें। इन जिम्मेदारियों को लागू करना हमारा पहला कर्तव्य होना चाहिए। मुझे पूरी उम्मीद है कि हालात और बेहतर होंगे। इन्हीं अंधेरे से सूरज निकलेगा। और हिंदी उसकी वास्तविक जगह मिलेगी।

संदर्भ सूची :

1. उर्मिला मिश्र, आधुनिकता और मोहन राकेश, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, पृ.-01
2. परिकथा, वर्ष 01, अंक 01, मार्च-अप्रैल 2006, पृ.-9-11
3. शिकुमार मिश्र, दर्शन साहित्य और समाज, पीपुल्स लिटरेसी प्रकाशन, दिल्ली, प्रथम संस्करण- 1981, पृ.-5
4. भोलानाथ तिवारी, भाषा विज्ञान, किताब महल प्रकाशन, इलाहाबाद, संस्करण- 2000, पृ.-02
5. http://www.srijangatha.com/hindiwishw3_sep2k7
6. भोलानाथ तिवारी, भाषा विज्ञान, किताब महल प्रकाशन, इलाहाबाद, संस्करण 2000, पृ.-02
7. रामधारी सिंह 'दिनकर' संस्कृति के चार अध्याय, लोक भारती प्रकाशन, इलाहाबाद, तृतीय संस्करण- 2010, पृ.-325
8. शोध समीक्षा और मूल्यांकन, जनवरी- 2013, पृ.-73
9. रामविलास शर्मा, भारत की भाषा समस्या, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, तृतीय संस्करण- 2003 पृ. 196
2. आजकल, सितम्बर 2007, वर्ष 63, अंक 5, नई दिल्ली, पृ.-29
3. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी, भाषा साहित्य और देश, भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, नई दिल्ली, चैथा संस्करण, पृष्ठ- 22

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन
साहित्य, समाज और वैश्विक मीडिया
10 & 11 सितंबर, 2021.
संयुक्त तत्वावधान में आयोजित : मीडिया अध्ययन विभाग, सीएमएस जैन (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) बैंगलोर, भारत
'वैज्ञानिक अनुसंधान संघ' एवं 'अंतर्राष्ट्रीय स्तर वैज्ञानिक अनुसंधान संगठन'

ਪਾਲੀ ਭੁਪਿੰਦਰ ਦੇ ਨਾਟਕਾਂ ਵਿੱਚ ਅਸੁਖਾਵੇਂ ਔਰਤ- ਮਰਦ ਸਬੰਧ

[1] ਗੁਰਭੇਜ ਸਿੰਘ, [2] ਡਾ. ਲਖਵਿੰਦਰ ਕੌਰ
[1] ਰੀਸਰਚ ਸਕਾਲਰ, ਸੀ ਟੀ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ , ਲੁਧਿਆਣਾ
ਰਜਿ:ਨੰ: PH1855045002
Email : gurshergill84@gmail.com

[2] ਅਸਿਸਟੈਂਟ ਪ੍ਰੋਫੈਸਰ, ਸੀ ਟੀ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ, ਲੁਧਿਆਣਾ

ਪਾਲੀ ਭੁਪਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਪੰਜਾਬੀ ਨਾਟ-ਪ੍ਰੇਪਰਾ ਦੀ ਚੌਥੀ ਪੀੜ੍ਹੀ ਦੇ ਪ੍ਰਮੁੱਖ ਨਾਟਕਕਾਰਾਂ ਵਿੱਚੋ ਇੱਕ ਨਾਮਵਰ ਹਸਤਾਖਰ ਹੈ। ਉਹ ਆਪਣੇ ਨਾਟਕਾਂ ਵਿੱਚ ਮੱਨੁਖੀ ਰਿਸ਼ਤਿਆ ਦੀਆਂ ਅਨੰਤ ਪਰਤਾਂ ਵਿੱਚ ਖੋਲ੍ਹਦਾ ਹੈ। ਮੱਨੁਖੀ ਰਿਸ਼ਤਿਆ ਵਿੱਚ ਆ ਰਹੀ ਗਿਰਾਵਟ ਤੇ ਟੁੱਟ – ਭੱਜ ਤੇ ਰਿਸ਼ਤਿਆਂ ਦੀ ਦਵੰਦਾਤਮਕ ਸਥਿਤੀ ਆਦਿ ਸਬੰਧੀ ਵਿਸ਼ੇ ਉਸ ਦੇ ਨਾਟਕਾਂ ਵਿੱਚ ਪ੍ਰੱਮੁਖ ਰੱਖਦੇ ਹਨ ਇਸ ਤੋ ਇਲਾਵਾ ਨਾਰੀ ਸੰਵੇਦਨਾ , ਨਾਰੀ ਚੇਤਨਾ , ਔਰਤ ਦੀ ਵਰਤਮਾਨ ਸਥਿਤੀ , ਔਰਤ – ਮਰਦ ਦੇ ਅਸੁਖਾਵੇਂ ਸੰਬੰਧ ਵਿਸ਼ੇ ਉਸ ਦੇ ਨਾਟਕਾਂ ਦਾ ਕੇਂਦਰ ਬਿੰਦੂ ਹੁੰਦੇ ਹਨ। ਮਨੁੱਖੀ ਮਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ ਝਾਤੀ ਪਾਉਣ ਵਾਲਾ ਉਹ ਸਫ਼ਲ ਨਾਟਕਾਰਾਂ ਹੈ। ਉਸ ਦੇ ਵਧੇਰੇ ਨਾਟਕ ਮਨੁੱਖੀ ਮਨ ਦੇ ਚੇਤਨ – ਅਵਚੇਤਨ ਪਾਸਾਰਾਂ ਨਾਲ ਸੰਵਾਦ ਰਚਾਉਦੇ ਪ੍ਰਤੀਤ ਹੁੰਦੇ ਹਨ। ਮਨੁੱਖੀ ਰਿਸ਼ਤਿਆ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਵਿੱਚੋ ਵਿਸ਼ੇਸ਼ ਤੌਰ ਤੇ ਔਰਤ – ਮਰਦ ਦੇ ਆਪਸੀ ਰਿਸ਼ਤਿਆਂ ਨੂੰ ਸਮਝਣ ਸਮਝਾਉਣ ਤੇ ਪੇਸ਼ ਕਰਨ ਵਿੱਚ ਉਸ ਦੀ ਖੂਬੀ ਹੈ। ਪਾਲੀ ਭੁਪਿੰਦਰ ਦੇ ਨਾਟਕ ਸਮਕਾਲੀ ਮਨੁੱਖ ਤੇ ਸਮਾਜ , ਮਨੁੱਖ ਤੇ ਮਨੁੱਖ ਦੇ ਆਪਸੀ ਰਿਸਤਿਆਂ ਤੇ ਔਰਤ – ਮਰਦ ਦੇ ਰਿਸ਼ਤਿਆ ਨੂੰ ਸਮਝਣ ਹਿੱਤ ਮਹੱਤਵਪੂਰਨ ਨੂੰ ਯੋਗਦਾਨ ਪਾਉਦੇ ਹਨ। ਰਿਸ਼ਤਿਆਂ ਦੇ ਵਿਭਿੰਨ ਸਮੀਕਰਨਾਂ ਨੂੰ ਸਮਝਣ ਹਿੱਤ ਉਸ ਦੇ ਕੁੱਝ ਚੋਣਵੇਂ ਨਾਟਕਾਂ ਦੇ ਅਧਿਐਨ ਇਸ ਹੱਥਲੇ ਖੋਜ ਪਰਚੇ ਵਿੱਚ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ।

ਇਸ ਖੋਜ ਪਰਚੇ ਵਿੱਚ ਸਭ ਤੋ ਪਹਿਲਾਂ ਨਾਟਕ (ਤਹਾਨੂੰ ਕਿਹੜਾ ਰੰਗ ਪਸੰਦ ਹੈ) ਵਿਚਾਰਿਆ ਜਾਵੇਗਾ। ਇਸ ਨਾਟਕ ਵਿੱਚ ਚਾਰ ਪਾਤਰ ਹਨ : ਡੀ.ਕੇ , ਅਜਨਬੀ , ਵੇਟਰ ਤੇ ਸੋਢੀ ਦੀ ਕੰਪਨੀ ਦੀ ਇੱਕ ਨੌਜਵਾਨ ਕਰਮਚਾਰੀ। ਨਾਟਕ ਵਿਚਲੇ ਚਾਰ ਪਾਤਰ ਮਰਦ ਹਨ ਤੇ ਨਾਟਕ ਦੀ ਕਹਾਣੀ ਅਨੁਸਾਰ ਇੱਕ ਔਰਤ ਪਾਤਰ ਵੀ ਹੈ ਜੋ ਕਿ ਡੀ .ਕੇ ਨੂੰ ਹੋਟਲ ਦੇ ਕਮਰੇ ਵਿੱਚ ਮਿਲਣ ਆ ਰਹੀ ਹੈ ਪਰ ਗੱਲ ਡੀ. ਕੇ . ਤੇ ਅਜਨਬੀ ਦੀ ਵਾਰਤਾਲਾਪ ਦੌਰਾਨ ਹੋ ਰਹੀ ਬਹਿਸ ਵਿੱਚੋ ਸਾਹਮਣੇ ਆ ਰਹੀ ਹੈ ਕਿ ਔਰਤ ਨੂੰ ਕਮਰੇ ਵਿੱਚ ਬੁਲਾਉਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਨਹੀ। ਇਹ ਨਾਟਕ ਔਰਤ – ਮਰਦ ਦੇ ਆਪਸੀ ਰਿਸ਼ਤਿਆਂ ਦੀਆਂ ਅਨੇਕਾਂ ਤੰਦਾਂ ਨੂੰ ਖੋਲ੍ਹਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਨਾਟਕ ਵਿੱਚ ਮਨੁੱਖੀ ਰਿਸ਼ਤਿਆਂ ਦੇ ਮਨੋ- ਵਿਗਿਆਨਕ , ਸਮਾਜਿਕ ਤੇ ਆਰਥਿਕ ਪੱਖਾਂ ਦੀ ਅੰਤਰ – ਸੰਬੰਧ ਸਪੱਸ਼ਟ ਹੁੰਦਾ ਹੈ। ਇਹ ਨਾਟਕ ਮਨੁੱਖ ਦੀਆਂ ਕਾਮੁਕ ਬਿਰਤੀਆਂ ਦੇ ਡੂੰਘੇ ਮਨੋ – ਵਿਗਿਆਨਕ ਪਾਸਾਰਾਂ ਤੱਕ ਪਹੁੰਚਦਾ ਹੈ . ਇਹ ਇੱਕ ਪਾਸੇ ਸਮਾਜ ਦੁਆਰਾ ਸਥਾਪਿਤ ਰਿਸ਼ਤੇ ਜਿਵੇਂ ਪਤੀ – ਪਤਨੀ ਭਾਵ ਕਿ ਵਿਆਹ – ਪ੍ਰਬੰਧ ਕਾਰਨ ਹੋਂਦ ਵਿੱਚ ਆਏ ਰਿਸ਼ਤੇ ਵਿਚਲੀ ਉਦਾਸੀਨਤਾ ਨਿਰਜੀਵਤਾ ਤੇ ਆਭਾਵ ਨੂੰ ਬਿਆਨਦਾ ਹੈ ਤੇ ਦੂਜੇ ਪਾਸੇ ਇਸ ਨੂੰ ਨਿਭਾਉਣ ਦੀ ਮਜ਼ਬੂਰੀ ਨੂੰ ਵੀ ਚਿਤਰਨ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕਰਦਾ ਹੈ। ਇਹ ਨਾਟਕ ਇੱਕ ਹੀ ਰਿਸਤੇ ਦੀ ਆਪਾ ਵਿਰੋਧੀ ਬਿਰਤੀ ਨੂੰ ਖੂਬ ਪੇਸ਼ ਕਰਦਾ ਹੈ ਜਿਵੇਂ ਕਿ ਡੀ.ਕੇ. ਦੀ ਪਤਨੀ ਆਪਣੇ ਪਤੀ ਦੇ ਕਹਿਣ ਤੇ ਉਸ ਦੀ ਤਰੱਕੀ ਲਈ ਉਸ ਦੇ ਬਾਸ ਨਾਲ ਭਾਵਨਾਤਮਕ ਨੇਫਤਾ ਵਧਾਉਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਜੋ ਡੀ.ਕੇ . ਦੀ ਪ੍ਰੋਮਸ਼ਨ ਜਲਦੀ ਹੋ ਸਕੇ ਪਰ ਦੂਜੇ ਪਾਸੇ ਡੀ. ਕੇ . ਆਪਣੀ ਪਤਨੀ ਨੂੰ ਸ਼ੱਕੀ ਨਿਗਾਹਾਂ ਨਾਲ ਵੇਖਦਾ ਹੈ ਤੇ ਆਪਣਾ ਰਿਸ਼ਤਾ ਬਣਾਈ ਰੱਖਣ ਦੀ ਨਿਰੰਤਰ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕਰਦਾ ਹੈ। ਡੀ. ਕੇ . ਭਾਵੇਂ ਪ੍ਰੇਸ਼ਾਨ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਪਰ ਫਿਰ ਵਾ ਰਿਸ਼ਤਾ ਨਹੀ ਤੋੜਦਾ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਡੀ.ਕੇ. ਆਰਥਿਕ ਸੁੱਖ ਅਤੇ ਤਰੱਕੀ ਲਈ ਆਪਣੀ ਪਤਨੀ ਦੀ ਇਸਤੇਮਾਲ ਵੀ ਕਰਦਾ ਹੈ ਤੇ ਆਪਣੀ ਪਤਨੀ ਤੇ ਬਾਸ ਦੀ ਵੱਧਦੀ ਨੇੜਤਾ ਨੂੰ ਨਫਰਤ ਵੀ ਕਰਦੀ ਹੈ। ਉਹ ਉੱਚਾ ਆਹੁਜੀ ਪ੍ਰਾਪਤ ਕਰਨ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਕਿਸੇ ਦੂਜੀ ਪਰਾਈ ਔਰਤ ਨੂੰ ਵੀ ਭੋਗਣ ਲਈ ਤਿਆਰ ਹੈ ਉਸ ਦਾ ਬਿਗਾਨੀ

ਔਰਤ ਵੱਲ ਆਕਰਸ਼ਿਤ ਹੋਣਾ ਵੀ ਡੂੰਘੇ ਮਨੋ – ਪ੍ਰੇਰਿਤ ਵਿਵਹਾਰ ਵੱਲ ਸੰਕੇਤ ਕਰਦਾ ਹੈ। ਅਜਨਬੀ ਪਾਤਰ ਡੀ.ਕੇ . ਦੀ ਅਜਿਹੀ ਮਾਨਸਿਕਤਾ ਨੂੰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਸ਼ਬਦਾਂ ਰਾਹੀਂ ਉਘਾੜਦਾ ਹੈ।

ਅਜਨਬੀ : ਤੂੰ ਉਸ ਔਰਤ ਨੂੰ ਵੀ ਨਹੀ ਛੱਡਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ
ਤੂੰ ਉਸ ਔਰਤ ਨੂੰ ਵੀ ਨਹੀ ਛੱਡਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ।
ਤੂੰ ਚਾਹੁੰਨੈ , ਇੱਕ ਔਰਤ ਤੇਰੇ ਘਰ ਬੈਠ ਕੇ
ਰੋਟੀਆਂ ਬਣਾਏ , ਤੇਰੇ ਬੱਚਿਆਂ ਨੂੰ ਖਿਡਾਏ ਤੇ।
ਤੇਰੀ ਕਮੀਜ਼ ਦੇ ਬਟਨ ਲਾਏ ਤੇ ਦੂਜੀ ਹੋਟਲਾਂ
ਵਿੱਚ ਆ ਕੇ ਤੇਰੀ ਕਮੀਜ਼ ਦੇ ਬਟਨ ਤੋੜੇ।

ਇਸ ਨਾਟਕ ਨੂੰ ਓਪਰੀ ਨਜ਼ਰੀਂ ਵੇਖੀਏ ਤਾਂ ਇਹ ਪ੍ਰਤੀਤ ਹੁੰਦਾ ਹੈ। ਕਿ ਆਰਥਿਕ ਲਾਭ ਲਈ ਔਰਤ – ਮਰਦ ਇੱਕ ਤੋ ਵਧੇਰੇ ਰਿਸ਼ਤੇ ਕਾਇਮ ਕਰਦੇ ਹਨ ਪਰ ਵਧੇਰੇ ਗਹਿਰਾਈ ਵਿੱਚ ਜਾਣ ਤੇ ਇਹ ਪਤਾ ਲੱਗਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਪਿੱਛੇ ਮਨੁੱਖੀ ਮਨ ਅੰਦਰ ਲੁਕੀ ਸਦੀਵੀਂ ਕਾਮ – ਆਕਰਸ਼ਣ ਤਾ ਅਤੇ ਅਤ੍ਰਿਪਤ ਵਾਸਨਾ ਹਮੇਸ਼ਾਂ ਮੌਜੂਦ ਰਹਿੰਦੀ ਹੈ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਇਹ ਨਾਟਕ ਮਨੁੱਖੀ ਮਨ ਦੇ ਬਾਹਰੀ ਤੇ ਅੰਦਰੀਵੀ ਸੰਸਾਰ ਦੇ ਮਨੁੱਖੀ ਰਿਸ਼ਤਿਆਂ ਦੀ ਸੱਚਾਈ ਨੂੰ ਪ੍ਰਗਟਾਉਦਾ ਹੈ। ਡੀ. ਕੇ . ਦਾ ਵਾਰਤਲਪ ਸਾਰਿਆਂ ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਇੱਕ ਸਵਾਲ ਵੀ ਖੜ੍ਹਾ ਕਰਦਾ ਹੈ

ਡੀ.ਕੇ : ਕੌਣ ਦਾਮਵਾ ਕਰ ਸਕਦਾ ਹੈ ਇਸ ਦੁਨੀਆ ਤੇ ਕਿ
ਉਸ ਦੀ ਮਨ ਵੀ ਹਮੇਸ਼ਾ ਉਸ ਨਾਲ ਵਿਆਹਿਆ ਰਹਿੰਦਾ ਹੈ ,
ਜਿਸ ਨਾਲ ਉਸਦਾ ਤਨ। ਕੌਣ ਦਾਅਵਾ ਕਰ ਸਕਦਾ ਹੈ ਕਿ
ਉਸਦਾ ਮਨ ਵੀ ਹਮੇਸ਼ਾ ਉਸੇ ਪਿੰਡੇ ਨੂੰ ਹੀ ਮਾਣਦਾ ਹੈ ,
ਜਿਸਨੂੰ ਉਸਦਾ ਤਨ। ਤਨ ਦੇ ਪਰਦੇ ਪਿੱਛੇ ਮਨ ਕਿਸ
ਨਾਲ ਕੀ ਕਰਦਾ ਹੈ , ਕੋਈ ਨਹੀ ਜਾਣਦਾ।

ਇਸ ਪ੍ਰਕਾਰ ਇਹ ਨਾਟਕ ਇਹ ਦਰਸਾਉਦਾ ਹੈ ਕਿ ਸਦਾਚਾਰ ਤੇ ਸਮਾਜਿਕ ਬੰਦਿਸ਼ਾਂ ਨੂੰ ਸ਼ਕਤੀ ਦੇ ਸਿਰ ਤੇ ਤੋੜ ਕੇ ਇਨਸਾਨ ਕੁਦਰਤੀ ਤ੍ਰਿਪਤੀ ਕੇਵਲ ਮਰਦ ਦੇ ਹਿੱਸੇ ਹੀ ਆਉਦੀ ਦਿਖਾਈ ਗਈ ਹੈ। ਔਰਤ ਨੂੰ ਸਮਾਜ , ਸੱਭਿਆਚਾਰਕ ਤੇ ਆਰਥਿਕ ਸਥਿਤੀਆਂ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਬਣਾਉਦੀਆਂ ਹਨ ਕਿ ਉਹ ਆਦਰਸ਼ਵਾਦ ਦੇ ਢਾਚੇ ਵਿੱਚ ਢਲ ਚੁੱਕੀ ਹੈ। ਉਹ ਕਾਮੁਕਤਾ ਦੀ ਥਾਂ ਭਾਵਨਾਤਮਕ ਤ੍ਰਿਪਤੀ ਵੱਲ ਨੂੰ ਵੱਧਦੀ ਹੈ। ਜੇਕਰ ਔਰਤ ਦੇਹਮੁਖੀ ਹੁੰਦੀ ਵੀ ਹੈ ਤਾਂ ਇਸ ਨੂੰ ਉਸਦੀ ਮਜ਼ਬਰੀ ਦੱਸਿਆ ਜਾਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਪ੍ਰਕਾਰ ਇਹ ਨਾਟਕ ਵਧੇਰੇ ਕਰਕੇ ਮਰਦਾਵੀਂ ਬਿਰਤੀ ਨੂੰ ਸੰਬਧਿਤ ਹੈ। ਮਰਦ ਜੋ ਆਪਣੀ ਕਾਮ – ਤ੍ਰਿਪਤੀ ਸਦੀ ਮਨੋ – ਘਾੜ੍ਹਦਾ ਹੈ ਤੇ ਅੰਤ ਸਦਾਚਾਰ ਨੂੰ ਤਿਲਾਂਜਲੀ ਦੇ ਕੇ ਕਾਮ – ਤ੍ਰਿਪਤੀ ਵੱਲ ਨੂੰ ਵੱਧਦਾ ਹੈ । ਨਾਟਕ (ਘਰ ਘਰ) ਜਿਵੇਂ ਕਿ ਸਿਰਲੇਖ ਤੋਂ ਹੀ ਸਪੱਸ਼ਟ ਹੈ ਕਿ ਸਮਾਜ ਤੇ ਰਿਸ਼ਤਿਆਂ ਦੀ ਨੀਂਹ ਬਣਨ ਵਾਲੇ ਘਰ ਦੇ ਦੁਆਲੇ ਬੁਣਿਆ ਗਿਆ ਹੈ। ਨਾਟਕ ਘਰ ਘਰ ਵਿੱਚ ਨਾਟਕਕਾਰਾਂ ਨੇ ਮਨੁੱਖੀ ਰਿਸ਼ਤਿਆਂ ਵਿੱਚ ਆ ਰਹੇ ਨਿਘਾਰ ਨੂੰ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਨਾਟਕ ਵਿੱਚ ਇਸ਼ਾਨ , ਅਮਨ ਅਤੇ ਪਰਮ ਦੀ ਸਥਿਤੀ ਵੱਖੋ – ਵੱਖਰੀ ਹੈ ਪਰ ਇਹਨਾਂ ਦੀਆਂ ਮੁਸ਼ਕਿਲ ਲਗਭਗ ਇੱਕੋ ਜਿਹੀਆਂ ਹਨ ਇਸ਼ਾਨ ਪੜ੍ਹੀ – ਲਿਖੀ ਔਰਤ ਹੈ ਜੋ ਕਾਲਜ ਵਿੱਚ ਪ੍ਰੋਫੈਸਰ ਲੱਗੀ ਹੋਈ ਤੇ ਪਤੀ ਦੀ ਹਿੰਸਾ ਦਾ ਸ਼ਿਕਾਰ ਹੋਣ ਕਰਕੇ ਆਪਣਾ ਘਰ ਛੱਡਣਾ ਲਈ ਮਜ਼ਬੂਰ ਹੁੰਦੀ ਹੈ। ਦੂਜੇ ਪਾਸੇ ਅਮਨ ਇੱਕ ਘਰੇਲੂ ਔਰਤ ਹੈ ਜੋ ਆਪਣੇ ਪਤੀ ਤੋ ਵਫਾਦਾਰੀ ਦੀ ਆਸ ਕਰਦੀ ਹੈ। ਉਹ ਆਪਣੇ ਪਤੀ (ਅਜੀਤ) ਦੇ ਸੰਪਰਕ ਵਿੱਚ ਆਉਣ ਵਾਲੀ ਹਰ ਔਰਤ ਤੇ ਸ਼ੱਕ ਕਰਦੀ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਇਸ਼ਾਨ ਜੋ ਅਜੀਤ ਦੀ ਦੋਸਤ ਨੂੰ ਵੀ ਪਸੰਦ ਨਹੀ ਕਰਦੀ। ਅਮਨ ਇਸ਼ਾਨ ਉੱਤੇ ਸ਼ੱਕ ਕਰਦੀ ਹੈ ਤੇ ਉਸ ਦੀ ਹਾਜ਼ਰੀ ਵਿੱਚ ਆਪਣੇ ਪਤੀ ਨੂੰ ਅਸੁਰੱਖਿਅਤ ਮੰਨਦੀ ਹੈ। ਇਸ਼ਾਨ ਪੜ੍ਹੀ – ਲਿਖੀ ਤੇ ਜਾਗਰੂਕ ਹੋਣ ਕਰਕੇ ਬੰਦੇ ਦੇ ਅੰਦਰਲੀ ਨਬਜ਼ ਨੂੰ ਫੜ੍ਹਨਾ ਚੰਗੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਜਾਣਦੀ ਹੈ। ਉਹ ਮਰਦਾਂ ਦੀ ਮਾਨਸਿਕਤਾ ਨੂੰ ਚੰਗੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਸਮਝਦੀ ਹੈ। ਉਹ ਮਰਦਾਂ ਦੀ ਫਿਤਰਤ ਬਾਰੇ ਖੁੱਲ੍ਹ ਕੇ ਬੋਲਦੀ ਹੈ। ਨਾਟਕ ਵਿੱਚ ਪਰਮ ਇੱਕ ਦਲਿਤ ਵਰਗ ਨਾਲ ਸਬੰਧਿਤ ਕੁੜੀ ਹੈ ਜੋ ਅਮਨ ਦੇ ਘਰ ਕੰਮ ਕਰਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਪੜ੍ਹ-ਲਿਖੇ ਕੇ ਅੱਗੇ ਵਧਣਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹੈ। ਅਜੀਤ ਪੜ੍ਹਾਈ – ਲਿਖਾਈ ਦੇ ਬਹਾਨੇ ਪਰਨ ਦੀ ਇੱਜ਼ ਨਾਲ ਖੇਡਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਝੂਠੇ ਪਿਆਰ ਦੇ ਬਹਿਕਾਵੇ ਵਿੱਚ ਆ ਕੇ ਪਰਮ ਗਰਭਵਤੀ ਹੋ ਜਾਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਅਜੀਤ ਇਸ ਕੁਕਰਮ ਤੋਂ ਮੁਨਕਰ ਹੋ ਜਾਦਾ ਹੈ ਪਰ ਪਰਮ ਆਪਣੇ ਹੱਕ ਲਈ ਰੌਲਾ ਪਾਉਦੀ ਹੈ। ਜਦੋ ਅਮਨ ਨੂੰ ਆਪਣੇ ਪਤੀ ਦੇ ਪਰਮ ਨਾਲ ਨਾਜਾਇਜ਼ ਸੰਬੰਧਾਂ ਬਾਰੇ ਪਤਾ ਲੱਗਦਾ ਹੈ। ਉਹ ਆਪਣਾ ਘਰ ਛੱਡਣ ਦੀ ਫੈਸਲਾ ਲੈਦੀ ਹੈ ਪਰ ਇਸ਼ਾਨ ਅਮਨ ਨੂੰ ਘਰ ਨਾ ਛੱਡ ਕੇ ਜਾਣ ਦੀ ਸਲਾਹ ਦਿੰਦੀ ਕਿਉਕਿ ਉਹ ਜਾਂਣਦੀ ਹੈ ਕਿ ਉਸ ਦੀ ਇਸ ਹਾਰ ਲਈ ਘਰ ਹੀ ਨਹੀ ਬਲਕਿ ਉਹ

ਵਿਵਸਥਾ ਵੀ ਜ਼ਿੰਮੇਵਾਰ ਹੈ ਜਿੱਥੇ ਉਸ ਨੂੰ ਘਰ ਤੋਂ ਬਾਹਰ ਖਾਸ ਤੋਰ ਤੇ ਮਰਦ ਦੇ ਘਰ ਤੋ ਬਾਗਰ ਸਵੀਕਾਰ ਨਹੀ ਕੀਤਾ ਜਾਦਾ ਤੇ ਹਾਸ਼ੀਏ ਤੇ ਧੱਕ ਦਿੱਤਾ ਜਾਦਾ ਹੈ। ਇਸ਼ਾਨ ਨੂੰ ਇਹ ਚੰਗੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਪਤਾ ਹੈ ਕਿ ਜਦੋਂ ਔਰਤ ਘਰ ਛੱਡਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਉਸ ਨੂੰ ਘਰ ਤੋ ਬਾਹਰ ਵੀ ਸਮਾਜ ਸਵੀਕਾਰ ਨਹੀ ਕਰਦਾ :

ਇਸ਼ਾਨ : ਘਰੋਂ ਨਿਕਲੀ ਹੋਈ ਔਰਤ ਹੋਣ ਦਾ ਅਰਥ ਕੀ ਹੁੰਦੈ ,
ਤੂੰ ਨਹੀ ਜਾਣਦੀ। ਤੂੰ ਘਰੋਂ ਪੈਰ ਤਾਂ ਬਾਹਰ ਰੱਖ ,
ਸਾਰੀ ਦੁਨੀਆਂ ਦੀਆਂ ਔਰਤਾਂ
ਆਪਣੇ ਘਰ ਦੇ ਦਰਵਾਜ਼ੇ
ਬੰਦ ਕਰ ਲੈਣਗਈਆਂ ਤੇ ਮਰਦ ਆਪਣੇ ਆਪ ਨੂੰ ,

ਪਾਲੀ ਭੁਪਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਨੇ ਨਾਟਕ ਘਰ ਘਰ ਰਾਹੀ ਔਰਤ ਦੀ ਹਾਸੀਅਗਤ ਸਥਿਤੀ ਨੂੰ ਬਾਖੂਬੀ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਉਹ ਔਰਤ ਦੀਆਂ ਸੀਮਾਵਾਂ ਤੇ ਚੁਣੌਤੀਆਂ ਨੂੰ ਬਿਆਨ ਕਰਦਾ ਹੈ। ਲੇਕਿਨ ਅੰਤ ਨੂੰ ਔਰਤ ਦੇ ਘਰ ਵਿੱਚ ਹੀ ਸਿਮਟ ਜਾਣ ਦੀ ਸਥਿਤੀ ਰਾਹੀ ਉਸ ਵੱਲੋ ਸਬਾਲਟਰਨ ਧਿਰ ਦੀ ਪੇਸ਼ਕਾਰੀ ਦਾ ਸੁਹਿਰਦ ਯਤਨ ਹੈ। ਉਸ ਦੇ ਨਾਟਕ ਵਿੱਚ ਔਰਤ ਦੀ ਘਰ ਵੱਲ ਨੂੰ ਵਾਪਸੀ ਇਹ ਦਰਸਾ ਦਿੰਦੀ ਹੈ ਕਿ (ਸਬਾਲਟਰਨ ਦੀ ਕੋਈ ਜ਼ਬਾਨ ਨਹੀ। ਔਰਤ ਮਰਦ ਦਾ ਰਿਸ਼ਤਾ ਸਮਾਜ ਦੁਆਰਾ ਨਿਰਮਿਤ ਤੇ ਨਿਯੰਤਰਿਤ ਹੈ। ਇਸ ਵਿੱਚ ਮਰਦ ਨੂੰ ਮਿਲਦੀ ਕਾਮੁਕ ਖੁੱਲ੍ਹ ਔਰਤ ਲ਼ਈ ਤ੍ਰਾਸ਼ਦੀ ਦਾ ਕਾਰਨ ਬਣਦੀ ਹੈ ਉਹ ਘਰ ਬਾਹਰ ਹੀ ਨਹੀ ਅੰਦਰ ਵੀ ਸੰਤਾਪ ਹੰਢਾਉਦੀ ਹੈ। ਔਰਤ ਮਰਦ ਦੇ ਕਾਮ ਸਬੰਧਾਂ ਦਾ ਮਾਮਲਾ ਵੀ ਇਸ ਨਾਟਕ ਦੇ ਕੇਂਦਰ ਵਿੱਚ ਰਹਿੰਦਾ ਹੈ ਨਾਟਕਕਾਰ ਨੇ ਪਰਮ ਦੀ ਇਸ ਪੀੜਾ ਨੂੰ ਖੂਬ ਫੜਿਆ ਹੈ। ਉਹ ਪਰਮ ਦੇ ਮੁੰਹੋ ਇਸ਼ਾਨ ਨੂੰ ਅਖਵਾਉਦਾ ਹੈ :

ਪਰਮ : ਤੁਸੀ ਤਾਂ ਸਿਰਫ ਔਰਤ ਹੋਣ ਦਾ ਦਰਦ ਜਾਣਦੇ
ਹੋ ਦੀਦੀ। ਪਰ ਨੀਵੀ ਜਾਤ ਦੀ ਔਰਤ ਹੋਣ ਦਾ
ਦਰਦ ਕੀ ਹੁੰਦਾ ਹੈ,ਸ਼ਾਇਦ ਤੁਹਾਨੂੰ ਵੀ ਨਹੀ ਪਤਾ।
ਇਹ ਸੋ ਕਾਲਡ ਪਾਸ਼ ਕਲੋਨੀਆਂ ਦੇ ਸੋ ਕਾਲਡ ਵੱਡੇ
ਲੋਕ ਅੰਦਰ ਵੜ ਕੇ ਮੇਰੇ ਪੈਰ ਚੱਟਣ ਨੂੰ ਵੀ
ਤਿਆਰ ਨੇ ਪਰ ਬਾਹਰ ਮੇਰੇ ਸਿਰ ਤੇ ਹੱਥ ਰੱਖਣ
ਨੂੰ ਵੀ ਤਿਆਰ ਨਹੁ ਹੁੰਦੇ। ਡਰਦੇ ਨੇ ,
ਕਿਤੇ ਭਿੱਟੇ ਨਾ ਜਾਣ।

ਨਾਟਕ ਰਾਤ ਚਾਨਣੀ ਵਿੱਚ ਪਾਲੀ ਭੁਪਿੰਦਰ ਨੇ ਚਾਨਣੀਆਂ ਰਾਤਾਂ ਵਿੱਚ ਮਰਦ ਦੁਆਰਾ ਕੀਤੇ ਝੂਠੇ ਤੇ ਫਰੇਬੀ ਵਾਅਦਿਆਂ ਨੂੰ ਪੇਸ਼ ਕਰਨ ਦੇ ਨਾਲ ਔਰਤ ਮਨੋਵੇਦਨਾ ਨੂੰ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਹੈ । ਨਾਟਕ ਰਾਤ ਚਾਨਣੀ ਵਿ4ਚ ਸਰਦਾਰਨੀ ਚੰਦ ਕਰੋ ਆਪਣੇ ਪੁੱਤਰ ਅੰਬਰ ਦਾ ਵਿਆਹ ਕੈਨੇਡਾ ਰਹਿੰਦੀ ਲੜਕੀ ਪਾਲ ਨਾਲ ਇਸ ਕਰਕੇ ਕਰਦੀ ਹੈ ਕਿ ਅੰਬਰ ਵਿਆਹ ਕਰਕੇ ਕੈਨਡਾ ਪੱਕਾ ਹੋ ਜਾਵੇਗਾ ਤੇ ਫਿਰ ਪਾਲ ਨੂ ਤਲਾਕ ਦੇ ਕੇ ਵਾਪਸ ਇੰਡੀਆ ਆ ਕੇ ਕਿਸੇ ਅਮੀਰ ਘਰ ਦੀ ਲੜਕੀ ਨਾਲ ਵਿਆਹ ਕਰਵਾ ਲ਼ਵੇਗਾ। ਸਰਦਾਰਨੀ ਚੰਦ ਕਰੋ ਦਸ ਲੱਖ ਰੁਪਏ ਦੇ ਕੇ ਅੰਬਰ ਦਾ ਵਿਆਹ ਪਾਲ ਨਾਲ ਕਰ ਦਿੰਦੀ ਹੈ। ਅੰਬਰ ਤੇ ਪਾਲ ਇੱਕ ਦੂਜੇ ਨੂੰ ਪਸੰਦ ਕਰਨ ਲੱਗ ਪੈਦੇ ਹਨ ਜਿਸ ਕਰਕੇ ਅੰਬਰ ਕੈਨਡਾ ਜਾ ਕੇ ਦਸ ਸਾਲਾਂ ਤੱਕ ਵੀ ਪਾਲ ਨੂੰ ਤਲਾਕ ਨਹੀ ਦਿੰਦਾ। ਜਦੋ ਮਾਂ ਨੂੰ ਅੰਬਰ ਦੀ ਸੱਚਾਈ ਦਾ ਪਤਾ ਲੱਗਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਉਹ ਅੰਬਰ ਨੂੰ ਝੂਠਾ ਤੇ ਮੱਕਾਰ ਦੱਸਦੀ ਹੈ। ਅੰਬਰ ਨੇ ਦਸ ਸਾਲਾਂ ਤੱਕ ਵੀ ਪਾਲ ਨੂੰ ਇਹ ਕਦੇ ਵੀ ਨਹੀ ਦੱਸਿਆ ਕਿ ਉਸ ਦੀ ਮਾਂ ਨੇ ਇਸ ਰਿਸ਼ਤੇ ਦਾ ਮੁੱਲ ਦਸ ਲੱਖ ਰੁਪਇਆ ਰੱਖਿਆ ਸੀ ਜਿਸ ਦੀ ਖਬਰ ਸਿਰਫ ਪਾਲ ਦੀ ਮਾਤਾ ਮਿਸਿਜ਼ ਮੇਜ਼ਰ ਨੂੰ ਹੈ ਤੇ ਅੰਬਰ ਨੇ ਇਹ ਵਿਆਹ ਸਿਰਫ ਕੈਨਡਾ ਪੱਕਾ ਹੋਣ ਲਈ ਕਰਵਾਇਆ ਹੈ ਜਦੋ ਪਾਲ ਅੰਬਰ ਤੇ ਸੋਮਨਾਥ ਅੰਕਲ ਦੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਸੁਣਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਉਸ ਨੂੰ ਆਪਣੇ ਤੇ ਅੰਬਰ ਦੇ ਰਿਸ਼ਤੇ ਦੀ ਸੱਚਾਈ ਦਾ ਪਤਾ ਲੱਗਦਾ ਹੈ ਦਾ ਉਹ ਇਕ ਦਮ ਕੰਬ ਜਾਦੀ ਹੈ। ਇੱਕ ਵਾਰ ਫਿਰ ਉਸ ਨੂੰ ਦਸ ਸਾਲ ਪੁਰਾਣਾ ਸਮਾਂ ਯਾਦ ਆਉਦਾ ਹੈ ਤੇ ਅਮੰਬਰ ਨਾਲ ਜੋੜਿਆ ਰਿਸ਼ਤਾ ਵੀ ਫਿੱਕਾ –ਫਿੱਕਾ ਨਜ਼ਰੀ ਆਉਦਾ ਹੈ :

ਅੰਬਰ : ਸਾਡਾ ਵੀ ਤਾਂ ਕੋਈ ਰਿਸ਼ਤਾ ਹੈ ਪਾਲ।

ਪਾਲ : (ਅੱਖਾਂ ਵਿੱਚ ਕਿਤੇ ਪਿਆਰ ਜਾਗਦਾ ਹੈ) ਅੱਜ ਤੱਕ ਤਾਂ ਬੁਹਤ ਰਿਸ਼ਤੇ ਸਨ
ਜਦੋ ਤੂੰ ਮੇਰੀ ਧੀ ਨਾਲ ਲਾਡ ਲਡਾਉਦਾ ਤਾਂ ਸੱਚਮੁੱਚ ਮੈਨੂੰ ਆਪਣੇ ਪਤੀ ਲਗਦਾ।
ਜਸ਼ਨ ਤੇਰੇ ਨਾਲ ਲੜਦਾ ਪਰ ਫੇਰ ਵੀ ਉਸਦਾ ਕੇਅਰ ਕਰਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਮੈਨੂੰ ਲਗਦਾ

ਜਿਵੇਂ ਤੂੰ ਮੇਰੇ ਬੱਚੇ ਦਾ ਹੀ ਨਹੀ , ਮੋਰਾ ਵੀ ਬਾਪ ਹੈ। ਕਦੇ ਦਾਰੂ ਪੀ ਕੇ ਤੂੰ ਮੂੰਹ
ਜੋਰ ਝੱਖੜ ਵਾਂਗ ਖੌਰੂ ਪਾਉਦਾ , ਮੈਨੂੰ ਅਹਿਸਾਸ ਹੁੰਦਾ ,
ਤੂੰ ਮੇਰਾ ਮਰਦ ਏ। ਪਰ .. ਪਰ ਫਿਰ ਤੂੰ ਕਿਸੇ
ਗੱਲੋ ਖਿੱਝਿਆ – ਅੱਕਿਆ ਅੱਖਾਂ ਭਰ ਕੇ ਮੇਰੀ
ਹਿੱਕ ਤੇ ਆਪਣੇ ਸਿਰ ਆਣ ਰੱਖਦਾ .
ਤਾਂ ਮੈਨੂੰ ਪਤਾ ਲਗਦਾ ਤੂੰ ਤਾਂ ਮਾਂ ਮਹਿੱਟਰ
ਇਕ ਮਸੂਮ ਜਿਹਾ ਬੱਚਾ ਏ ਜੋ ਮੇਰੇ ਵਿੱਚੋ
ਆਪਣੀ ਪਿੱਛੇ ਰਹਿ ਗਈ ਮਾਂ ਨੂੰ ਲੱਭਣਾ ਪਿਆ ਏ।

ਇਸ ਪ੍ਰਕਾਰ ਇਸ ਨਾਟਕ ਵਿੱਚ ਨਾਟਕਕਾਰ ਨੇ ਜਿੱਥੇ ਵਿਦੇਸ਼ਾਂ ਵਿੱਚ ਪੱਕੇ ਹੋਣ ਲਈ ਝੂਠੇ ਵਿਆਹਾਂ ਤੋ ਉਪਜੀਆ ਗੁੰਝਲਾਂ ਦੀ ਦਾਸਤਾਨ ਨੂੰ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਹੈ ਕਿ ਉੱਥੇ ਹੀ ਔਰਤ – ਮਰਦ ਦੇ ਦਵੰਦਾਤਮਕ ਰਿਸ਼ਤਿਆਂ ਨੂੰ ਵੀ ਬਿਆਨ ਕੀਤਾ ਹੈ।

ਜ਼ਹਿਰ ਨਾਟਕ ਰਾਹੀ ਨਾਟਕਕਾਰ ਨੇ ਦੁੱਧ ਵਿੱਚ ਡਿੱਗੀ ਹੋਈ ਛਿਪਕਲੀ ਤੋ ਜ਼ਹਿਰੀਲੇ ਹੋਏ ਦੁੱਧ ਦੇ ਹਵਾਲੇ ਰਾਹੀ ਮਨੁੱਖੀ ਰਿਸ਼ਤਿਆਂ ਵਿੱਚ ਫੈਲੀ ਜ਼ਹਿਰ ਦੀ ਤਰਜਮਾਨੀ ਕੀਤੀ ਹੈ। ਨਾਟਕ ਵਿੱਚ ਅਸੀ ਵੇਖਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਪਤੀ ਪਤਨੀ ਵਿੱਟ ਆਪਸੀ ਪਿਆਰ , ਮੁਹੱਬਤ ਨਹੀ ਰਹਿੰਦੀ ਤੇ ਉਹ ਆਪਣੇ ਮਨ ਦੀ ਸੰਤੁਸ਼ਟੀ ਵਾਸਤੇ ਬਾਹਰ ਨਾਜਾਇਜ਼- ਰਿਸ਼ਤੇ ਕਾਇਮ ਕਰਦੇ ਹਨ। ਔਰਤ ਆਪਣੇ ਕਿਰਾਏਦਾਰ ਨੌਜਵਾਨ ਨਾਲ ਤੇ ਮਰਦ ਨਾਟਕ ਵਿੱਚ ਆਪਣੀ ਸਾਲੀ ਨਾਲ ਰਿਸ਼ਤਾ ਕਾਇਮ ਕਰਦਾ ਹੈ। ਉਹਨਾਂ ਚਾਰਾਂ ਦੇ ਰਿਸ਼ਤਿਆਂ ਤੇ ਮਨਾਂ ਅੰਦਰ ਇੰਨੀ ਕੜਵਾਹਟ ਭਰ ਜਾਦੀ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਇੱਕ – ਦੂਜੇ ਨੂੰ ਜ਼ਹਿਰੀਲਾ ਦੁੱਧ ਪਿਆ ਕੇ ਮਾਰਨ ਦੀ ਸਾਜ਼ਿਸ਼ ਕਰਦੇ ਹਨ ਪਰ ਨਾਟਕ ਦੇ ਅਖੀਰ ਵਿੱਚ ਉਹ ਆਪਣੀਆ ਗਲਤੀਆਂ ਨੂੰ ਮੰਨ ਲੈਦੇ ਹਨ ਤੇ ਆਪਣੇ ਮਨਾਂ ਵਿੱਚ ਫੈਲ ਰਾਹੀ ਜ਼ਹਿਰ ਨੂੰ ਖਤਮ ਕਰ ਲੈਦੇ ਹਨ। ਉਹ ਦੁਬਾਰਾ ਤੋ ਸਹੀ ਜ਼ਿੰਦਗੀ ਜਿਉਣ ਦਾ ਵਾਮਦਾ ਕਰਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਸਬੰਧੀ ਔਰਤ ਤੇ ਮਰਦ ਇੱਕ – ਦੂਜੇ ਨੂੰ ਯਕੀਨ ਦੁਆਉਦੇ ਹਨ । ਉਹ ਨੌਜਵਾਨ ਕਿਰਾਏਦਾਰ ਕੇ ਮਰਦ ਦੀ ਸਾਲੀ ਦਾ ਰਿਸ਼ਤਾ ਤੈਅ ਕਰਦੇ ਹਨ। ਸਾਰਾ ਨਾਟਕ ਅਜੋਕੇ ਪਰਿਵਾਰਾਂ ਅੰਦਰ ਆ ਰਹੀਆਂ ਮਾਨਸਿਕ ਗੁੰਝਲਾਂ ਦੀ ਪੇਸ਼ਕਾਰੀ ਕਰਦਾ ਹੈ , ਜਿਸ ਦੇ ਤਹਿਤ ਪਤੀ – ਪਤਨੀ ਦੇ ਰਿਸ਼ਤੇ ਤਿੜਕ ਰਹੇ ਹਨ ਤੇ ਉਹ ਪਰਿਵਾਰਕ ਮੈਬਰ ਆਪਣੇ ਤਨ – ਮਨ ਦੀ ਸੰਤੁਸ਼ਟੀ ਲ਼ਈ ਇੱਕ – ਦੂਜੇ ਤੋ ਦੂਰ ਭੱਜਦੇ ਹਨ। ਇਹ ਸਾਡੇ ਸਮਾਜ ਦੀ ਬੜੀ ਗੰਭੀਰ ਸਮੱਸਿਆ ਹੈ। ਇਸ ਸਮੱਸਿਆ ਕਾਰਨ ਰਿਸ਼ਤਿਆ ਵਿੱਚ ਤਰੇੜਾਂ ਆਉਦੀਆਂ ਹਨ ਤੇ ਨੈਤਿਕ ਕਦਰਾਂ – ਕੀਮਤਾਂ ਟੁੱਟਣ ਲੱਗਦੀਆਂ ਹਨ।

ਪਾਲੀ ਭੁਪਿੰਦਰ ਦੇ ਚੋਣਵੇ ਨਾਟਕਾਂ ਦਾ ਅਧਿਐਨ ਇਹ ਸਪੱਸ਼ਟ ਕਰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਮਨੁੱਖ ਦੇ ਸਮਾਜਿਕ ਪ੍ਰਾਣੀ ਹੋਣ ਨਾਤੇ ਇਸਦੇ ਵਿਭਿੰਨ ਰਿਸ਼ਤੇ ਸਮਾਜ਼ ਦੁਆਰਾ ਸੰਧਿਤ ਅਤੇ ਨਿਯਤਰਿਤ ਹੁੰਦੇ ਹਨ।

ਔਰਤ ਤੇ ਮਰਦ ਦੋਵੇ ਆਜ਼ਦ ਜ਼ਾਂ ਸਮਾਜ ਤੋ ਨਿਰਲੇਪ ਨਹੀ ਰਹਿ ਸਕਦੇ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਰਿਸ਼ਤੇ ਵੀ ਸਮਾਜ ਤੇ ਸੱਭਿਆਚਾਰ ਦੇ ਅੰਦਰ ਹੀ ਬਣਦੇ ਵਿਗਸਦੇ ਤੇ ਟੁੱਟਦੇ- ਭੱਜਦੇ ਰਹਿੰਦੇ ਹਨ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਬਣਨ ਦੇ ਆਧਾਰ ਸਮਾਜਿਕ ਪ੍ਰਬੰਧ , ਆਰਥਿਕ ਜ਼ਾਂ ਕਾਮ – ਬਿਰਤੀ ਦੁਆਰਾ ਪ੍ਰੇਰਿਤ ਹੁੰਦੇ ਹਨ। ਕਾਮ ਬਿਰਤੀ ਵੀ ਵਾਸਨਾ ਦੀਆਂ ਹੱਦਾਂ ਨੂੰ ਛੂੰਹਦੀ ਹੋਈ ਅਤ੍ਰਿਪਤ ਅਕਾਖਿਆਵਾਂ ਵੱਲ ਨੂੰ ਤੁਰਦੀ ਹੋਈ ਰਿਸ਼ਤਿਆਂ ਦੇ ਨਿਘਾਰ ਦਾ ਕਾਰਨ ਬਣਦੀ ਹੈ। ਸਮਕਾਲੀ ਜੀਵਨ ਵਿੱਚ ਆਈ ਅਸਥਿਰਤਾ ,ਅਨਿਸ਼ਚਤਤਾ ਤੇ ਅਸੰਤੁਸ਼ਟੀ ਮਨੁੱਖੀ ਮਨ ਤੇ ਵਿਵਹਾਰ ਨੂੰ ਤਰਲ ਤੇ ਬੇਹੱਦ ਨਾਜ਼ੁਕ ਰੂਪ ਅਦਾ ਕਰਦੀ ਨਜ਼ਰੀ ਆ ਰਹੀ ਹੈ। ਮਨੁੱਖੀ ਰਿਸ਼ਤਿਆਂ ਕੇ ਵਿਸ਼ੇਸ਼ ਤੌਰ ਤੇ ਔਰਤ ਮਰਦ ਦੇ ਰਿਸ਼ਤੇ ਦਾ ਇਹ ਸਰੂਪ ਪਾਲੀ ਭੁਪਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਨਾਟਕ ਵਿੱਚ ਨਜ਼ਰ ਆਉਦਾ ਹੈ।

ਹਵਾਲੇ ਅਤੇ ਟਿੱਪਣੀਆਂ :

1. ਪਾਲੀ ਭੁਪਿੰਦਰ ਸਿੰਘ , ਤੁਹਾਨੂੰ ਕਿਹੜਾ ਰੰਗ ਪਸੰਦ ਹੈ। ਚੇਤਨਾ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ਨ , ਪੰਜਾਬੀ ਭਵਨ , ਲੁਧਿਆਣਾ , ੨੦੨੭, ਪੰਨਾ ੭੭
2. ਉਹੀ , ਪੰਨਾ ੮੦
3. ਪਾਲੀ ਭੁਪਿੰਦਰ ਸਿੰਘ , ਘਰ ਘਰ , ਚੇਤਨਾ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ਨ,ਪੰਜਾਬੀ ਭਵਨ , ਲੁਧਿਆਣਾ , ੨੦੦੬ ਪੰਨਾ ੪੪
4. ਉਹੀ , ਪੰਨਾ ੭੬
5. ਪਾਲੀ ਭੁਪਿੰਦਰ ਸਿੰਘ , ਰਾਤ ਚਾਨਣੀ , ਚੇਤਨਾ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ਨ , ਪੰਜਾਬੀ ਭਵਨ , ਲੁਧਿਆਣਾ , ੨੦੦੬, ਪੰਨਾ ੨੬

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन
साहित्य, समाज और वैश्विक मीडिया
10 & 11 सितंबर, 2021.
संयुक्त तत्वावधान में आयोजित : मीडिया अध्ययन विभाग, सीएमएस जैन (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) बैंगलोर, भारत
'वैज्ञानिक अनुसंधान संघ' एवं 'अंतर्राष्ट्रीय स्तर वैज्ञानिक अनुसंधान संगठन'

"वागड़ के जनजातीय समाज में सोशल मीडिया का प्रभाव"

मुकेश कुमार निनामा
शोधार्थी (हिन्दी) गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा, राजस्थान
Email:- mukeshninamsmn@gmail.com

सारांश:-
वागड़ के जनजाति समाज में सोशल मीडिया का प्रभाव दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। आज के वर्तमान युग में सोशल मीडिया लोकतंत्र का आधार स्तंभ होने के साथ साथ खबरों के आदान-प्रदान का पांचवा स्तंभ भी कहा जाए तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। वागड़ के जनजातीय समाज में सोशल मीडिया (व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर, गूगल, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, इंटरनेट साइट्स, आदि) के माध्यम से लोग स्वतंत्र रूप से अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सचेत होकर स्वतंत्र रूप से अपनी बात रखते हुए अपनी आवाज सरकार तक पहुंचाते हैं साथ ही लोगों को भी इन खबरों के प्रति जागरूक करते हुए इन समस्याओं की ओर इंगित करते हुए उन्हें दूर करवाने हेतु एकता स्थापित करते अपने अधिकारों की प्राप्ति हेतु शांतिपूर्वक संघर्ष करते हैं। समाज को प्रभावित करने या ठेस पहुंचाने वाली कोई घटना या सूचना मिलती ही सोशल मीडिया पर तेजी से शोर मच जाता है जिस पर सभी लोग स्वतंत्र रूप से अपने विचार रखते हुए आलोचना समालोचना करते हुए अपनी आवाज को संबंधित व्यक्ति या संस्था या सरकार तक पहुंचाते हैं। जिससे समाज की एकता अखंडता को भी बढ़ावा मिल रहा है। वागड़ के जनजाति लोग दुर्गम व पहाड़ी क्षेत्रों में रहते हुए भी मीडिया के उपकरणों के माध्यम से सूचनाओं को प्राप्त करके स्वतंत्र रूप से अपनी अभिव्यक्ति साझा करते हैं। इन सभी कारणों से आज के जनजाति समाज में जनजागरण मैं भूचाल सी क्रांति आ रही है जिस कारण अपने समाज में अधिकारियों की प्राप्ति हेतु अपने क्षेत्रीय दलों का प्रादुभाव हो रहा है।

1. प्रस्तावना:-
आज की इस भागती जिंदगी का सोशल मीडिया सबसे उपयोगी साबित हो रहा है। टीवी पर खबरों को देखना और लोगों के लिए असंभव होता जा रहा है लेकिन मोबाइल इंटरनेट और सोशल मीडिया टीवी न देख पाने का बखूबी पूरा कर रहा है। परिवर्तन एक शशक्त प्रक्रिया है। इसी प्रकार जनजाति समाज में सोशल मीडिया का प्रभाव सामाजिक, राजनीतिक, संस्कृति एवं शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक उपयोग हो रहा है। वागड़ की अधिकांश संख्या दुर्गम क्षेत्र में निवास करती है वहां आने जाने में समस्या होती है। परंतु दुर्गम स्थानों पर भी वर्तमान में सोशल मीडिया के उपकरणों में से मोबाइल का अधिकतम उपयोग किया जा रहा है और देश विदेश की जानकारियां प्राप्त की जा रही है इस प्रकार से संचार के कौशल विकसित हो रहे है। वागड़ के आदिवासी समाज दुर्गम क्षेत्रों में रहने पर इनके लिए अपने दूर बैठे परिवार के सदस्यों एवं रिश्तेदारों को संपर्क में रहते हैं और अपने आसपास की दुनिया को बेहतर तरीके से समझने और विभिन्न विषयों पर अपने ज्ञान का निर्माण करने के लिए विभिन्न एवं दृष्टिकोण को सीखते है व दूसरों से अपना ज्ञान साझा करते हैं।

2. वागड़ के जनजाति समाज में सामाजिक परिवर्तन के लिए सोशल मीडिया का प्रभाव:-
मीडिया सदैव समाज का एक महत्वपूर्ण स्तंभ रहा है सोशल मीडिया एक स्वतंत्र अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम बन चुका है। यह ऐसा प्लेटफार्म है जो व्यक्तिगत संवाद के लिए नहीं अपितु सामाजिक सरकारों से जुड़ा हुआ है यह संचार के विभिन्न भागों के लोगों से संवाद का एक महत्वपूर्ण माध्यम के साथ ही संपर्क, संवाद, मनोरंजन में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वाह कर रहा है। सोशल मीडिया की भूमिका पूर्ण रूप से समाज के हित में है। इसमें किसी भी प्रकार का संदेह नहीं है सोशल मीडिया मात्र खबरों या जानकारियों का संप्रेक्षण नहीं है। अपितु जनमानस की सोच निर्माण करने में भी प्रभावशाली एवं सकारात्मक भूमिका का दृष्टिगोचर होता है। यह एक ऐसा मंच तैयार करता है कि समाज में खुली राय सबके सामने आती है। सामाजिक रूप से प्रासंगिक एवं महत्वपूर्ण मुद्दों को उजागर करने के अलावा सोशल मीडिया ने सरकार एवं जनता के मध्य दुरी कम करने का कार्य किया है।
वागड़ के आदिवासी जनजाति समाज आज के युग में अनेक छोटे-छोटे गांव धाणियों एवं फलों में बटें हैं एवं पहाड़ियों जंगलों दुर्गम क्षेत्रों में निवास करते हैं। वहां जाने के लिए सड़कों का अभाव है परंतु सोशल मीडिया का उपयोग होने लगा तब से समाज को नई नई जानकारियां प्राप्त होने लगी जिससे समाज में जनजागृति आयी है। सरकार एवं जनता के बीच अंतराल कम हुआ तथा किसी प्रकार की योजना हो, नीतियां हो उसमें किसी भी प्रकार की कमीया नीतियां गलत है तो तुरंत सोशल मीडिया के माध्यम से अपना सुझाव साझा करते हैं। उसमें अनुचित बदलाव का संदेश देते हैं वर्तमान युग में पुरानी रीति रिवाज कुरीतियों से निकलकर जनजाति समाज आज सभ्य समाज के बराबर आने का प्रयास कर रहा है। और समाज को नई ऊंचाइयों की ओर

अग्रसर कर रहा है वागड़ की आदिवासी जनजाति सोशल मीडिया के माध्यम से हर क्षेत्र में लोहा ले रही हैं। समाज के जागरूक लोगों के द्वारा यूट्यूब, फेसबुक व व्हाट्सएप के माध्यम से समाज को शिक्षा व सामाजिक बुराइयों पर लोगों को सचेत किया जा रहा है। साथ - साथ सरकारों के कार्यों का भी अवलोकन किया जा रहा है। जबसे आदिवासी क्षेत्र में सोशल मीडिया का प्रभाव बढ़ता ही जा रहा है। वैसे वैसे यहां के आदिवासी अपने अधिकार व संस्कारों के प्रति सचेत हो रहे हैं।

3. वागड़ के जनजाति समाज में सोशल मीडिया का राजनीतिक प्रभावः-

वागड़ के जनजाति में सोशल मीडिया का अत्यधिक प्रभाव राजनीतिक क्षेत्र में हो रहा है क्योंकि राजनीतिक क्षेत्र में लोगों का रुझान सबसे अधिक देखा गया है पूर्व में राजनीति का क्षेत्र कॉलेज राजनीति व पंचायती राज में ही देखा जाता था उस समय कॉलेज में छात्र राजनीतिक में प्रवेश कर विधानसभा व संसद सदस्यों के लिए आगे बढ़ते थे परंतु वर्तमान में सोशल मीडिया का उपयोग कर आदिवासियों में राजनीति के क्षेत्र में किसी प्रकार योगदान दिया जाए व शक्तिशाली बनाया जाए तथा इस भू - भाग पर किस प्रकार सविंधान की नीतियों का निर्माण किया जाए जिससे सबको उचित लाभ मिल सके। क्षेत्र में किस प्रकार की नीतियां बनाई है तथा उन नीतियों अनुसूचियों का क्रियान्वय किया जा रहा है कि नहीं यह सब सोशल मीडिया के माध्यम से उठाया जा रहा है, यहां की आदिवासी जनजाति के बीच नीतियों को साझा किया जा रहा है, व इन नीतियों और अनुसूची में प्रावधानों को लागू करवाने का प्रयास सोशल मीडिया के माध्यम से किया जा रहा है। वागड़ की आदिवासी जनजाति जनता इस और विशेष ध्यान दे रही है और अपने हितों की रक्षा के लिए राजनैतिक क्षेत्र में बढ़ चढ़कर भाग ले रही है। और वर्तमान वागड़ में अपने हितों की रक्षा के लिए समाज के शिक्षित वर्ग द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है। समाज भी जागरूक हो रहा है समाज के उत्थान के लिए क्षेत्रीय पार्टियों उदय भी हो रहा है।

4. वागड़ के जनजातीय समाज में सोशल मीडिया का आर्थिक प्रभावः-

वागड़ की आदिवासी जनजाति में सोशल मीडिया के विचारों द्वारा सामग्री, सूचना और समाचार को तीव्र गति से लोगों के बीच साझा किया जा रहा है सोशल मीडिया को एक तरफ लोक वरदान मानते हैं तो दूसरी तरफ लोग इसे एक अभिशाप के रूप में देखते हैं। सोशल मीडिया के सकारात्मक प्रभावों की बात की जाए तो यह सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक विकास में सहायक रहा है। इसके माध्यम से आदिवासी समाज में आज सोशल मीडिया मार्केटिंग, ऑनलाइन रोजगार, ऑनलाइन बिक्री, खरीदारी व वागड़ में उत्पादन होने वाले खाद्यान्न, जंगलों से प्राप्त होने वाले कच्चे माल की बिक्री में जैसे - टिमरू पत्ता (तेंन्दु पत्ता) हाथ से बनाए कृषि उपकरणों, सुरक्षा सम्बन्धी हथियार [गोफण, तलवार, भाला, तीर धनुष] आदि का व्यापार भी सोशल मीड़िया के माध्यम से ऑनलाइन होने लगा है। तथा आदिवासी समाज अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं इसके सहारे रोजगार के अवसर प्राप्त किए जा रहे है। इस अनुसूचित क्षेत्र में राज्य - सरकार व प्राइवेट सेक्टर में नई नौकरियों के प्रति युवाओं रुझान का काफी बढ़ने लगा है। वे अपनी योग्यता के अनुरूप रोजगार का चयन करते है और यहाँ के निवासी बाजार, मण्डियों सोशल मीडिया के माध्यम से सम्पर्क में रहते है। प्रति - दिन मण्डियों मे भाव, रेट का पता लगाते रहते है। साथ ही साथ पशुपालन से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त करते रहते है।

4.1 सांस्कृतिक महत्वः-

वागड़ के आदिवासी समाज में सांस्कृतिक परिवेश विचित्र रूप में देखा गया है, आज इस क्षेत्र में अपनी पुरानी संस्कृति को जीवित के लिए निरन्तर रखने संघर्ष कर रहा है। विश्व के बदलते परिवेश के बीच आदिवासी समाज वर्तमान में अपनी खोई हुई संस्कृति को पुनः प्राप्त करने में सोशल मीडिया के माध्यम से समाज में ऊर्जावान समाजसेवी, संस्कृती प्रेमी इसे बनाए रखने में प्रयासरत है। आदिवासी दिवस के रूप में विश्व में 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता रहा परन्तु यहाँ के निवासियों को इस आदिवासी दिवस का पिछले पांच - सात वर्षों से आदिवासी दिवस की जानकारी सोशल मीडिया व समाज के प्रबुद्धजनों के द्वारा प्राप्त हुई है फिर से पुरानी संस्कृति को साकार करने के सपने देखने लगे है तथा पूर्वजों की वेशभूषा को अपनाने लगे है और वागड़ के क्षेत्र को आदिवासी संस्कृति को पूर्ण रूप से सोशल मीडिया के माध्यम से अपनाने पर जोर दे रहे है। वागड़ की जनजाति अपने ह्रदय की बात को दुनिया के सामने रखने की कोशिश कर रहा है।

4.2 वागड़ की जनजाति पर सोशल मीडिया का सकारात्मक प्रभावः-

- इसके माध्यम से जनजाति अपने अधिकारों व संस्कृति की रक्षा के लिए जगह-जगह सम्मेलन आयोजित करके यहाँ जनजाति को जागरूक किया जा रहा है।
- सोशल मीडिया के माध्यम से आदिवासी जनजाति के संबंधित अधिनियम व कानून की जानकारी प्राप्त हो रही है।
- मीडिया के माध्यम से यहाँ की आदिवासी समाज में सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक व शिक्षा की दृष्टि से पिछड़ेपन को दुर - किए जाने का प्रयास किया जा रहा है।
- मीडिया के माध्यम से दुर्गम क्षेत्रों में भी सभी प्रकार की पत्र - पत्रिकाएं समाचार पत्रों को एक स्थान पर प्राप्त करना एवं वर्तमान परिपेक्ष को समझने लगे।
- अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहन।

4.3 नकारात्मक प्रभाव:-

- सोशल मीडिया के माध्यम से धार्मिक भावनाओं राष्ट्रीय चिन्हों के अपमान का उल्लंघन होने लगा है।
- यहां की ऐतिहासिक घटनाओं को तोड़ मरोड़ कर पेश किया जा रहा है जिससे आपसी भाईचारा सौहार्द बिगड़ रहा है।
- सोशल मीडिया के माध्यम से यहां के आदिवासी समाज के युवाओं के द्वारा सोशल मीडिया का अत्यधिक प्रयोग के कारण अपराध भी अधिक होने लगा है।

5. निष्कर्षः-

आज के वर्तमान युग में सोशल मीडिया स्वतंत्र अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम बन गया है जिसका प्रभाव युवाओं पर ज्यादा पड़ रहा है जिससे प्रभावित होकर आज का युवा अपने अधिकार एवं कर्तव्यों के प्रति सचेत होकर आए दिन शांतिपूर्वक धरनों के माध्यम से अपने अधिकारों को प्राप्त करते जा रहा है।

वागड़ के जनजाति समाज में मीडिया का खासा प्रभाव देखा जाता है यहाँ पर जब से सोशल मीडिया के उपकरण उपलब्ध होने लगे हैं तब से तेजी से उनमें जनजागृति पनपने लगी है जिसका ही परिणाम है कि आज वागड़ के जनजाति इलाकों के राजनीति क्षेत्रों में अपने अधिकारों की प्राप्ति हेतु भारतीय ट्राइबल पार्टी (B.T.P.) जोरों पर हक दिलवाने की कोशिश कर रही है। युवाओं के साथ-साथ आदिवासी समाज भी मीडिया के प्रभाव से हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रहे है।

सन्दर्भः-

1 **जोशी रामशरणः** आदिवासी समाज और शिक्षा, ग्रंथ शिल्पी (इंडिया) प्रा. लि. नई दिल्ली, 1999.
2 **गुप्ता रमणिकाः** आदिवासी भाषा और शिक्षा, स्वराज प्रकाशन, नई दिल्ली, 2012.
3 **राकेशरेणुः** मीडिया में दलित वंचित और आदिवासी.
4 **ममता पाठकः** सोशल मीडिया का सामाजिक और संस्कृति पर प्रभाव.
5 **दीपक राठीः** शिक्षा में मीडिया का योगदान, vol.13, Issue. July - 2017, ISSN - 2230 – 7540.
6 **अनुराग त्रिवेदीः** सोशल मीडिया की भूमिका सामाजिक हित में है (youtube)

Benefits to publish in Shikshan Sanshodhan:

- Shikshan Sanshodhan is an Open-Access, peer reviewed, Indexed, Referred International Journal with wide scope of publication.
- Author Research Guidelines & Support.
- Platform to researchers and scholars of different study field and subject.
- Prestigious Editorials from different Institutes of the world.
- Communication of authors to get the manuscript status time to time.
- Full text of all articles in the form of PDF format and Digital Object Identification DOIs.
- Individual copy of "Certificate of Publication" to all Authors of Paper.
- Indexing of journal in all major online journal databases like Google Scholar, Academia, Scribd, SSRN, SCOPE and Internet Archive.
- Open Access Journal Database for High visibility and promotion of your article with keyword and abstract.
- Organize Conference / Seminar and publish its papers with ISSN.
- Provides ISSN to Conference / Seminar Proceeding papers.

Published By



RESEARCH CULTURE SOCIETY & PUBLICATION

Email: shikshansanshodhan@gmail.com

Web Email: editor@ijrcs.org

http://shikshansanshodhan.researchculturesociety.org/